# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026





# मानसून सत्र में लाए जाने वाले 7 विधेयकों को कैबिनेट की मंजूरी

## छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिकरण को समाप्त करने को मंजूरी, राजस्व मंडल को स्थानांतरित किए जाएंगे अधिकरण के मामले

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट ने मानसून सत्र में सात विधेयक पेश किए जाने को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले अनुपूरक बजट पर भी चर्चा की गई। राज्य सरकार ने जीएसटी लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिकरण को समाप्त करने के साथ ही उससे संबंधित प्रावधानों में आवश्यक संशोधन को मंजूरी दे दी है।

कैबिनेट के निर्णय के बारे में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय स्थापना एवं संचालन (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। संशोधन में भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय के विनियमन प्रकोष्ठ की अनुशंसाओं के अनुरूप निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना संबंधी प्रावधानों को अधिक व्यावहारिक, गुणवत्तापूर्ण और समकालीन बनाया गया है। इसके तहत निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए विन्यास निधि के स्थान पर रक्षित निधि का प्रावधान लागू



करने से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जा सकेंगे। इसमें आधारभूत अधोसंरचना, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं को यूजीसी एवं सक्षम नियामक संस्थाओं के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है। संशोधन से राज्य में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी है। संशोधन के माध्यम से छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिकरण को समाप्त करने के साथ ही उससे संबंधित प्रावधानों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

जीएसटी लागू होने के बाद वैट संबंधी द्वितीय अपीलों के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है और राज्य में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना भी हो चुकी है। ऐसे में पृथक वाणिज्यिक कर अधिकरण की आवश्यकता नहीं रह गई है। संशोधन के बाद अधिकरण में लंबित प्रकरणों का स्थानांतरण राजस्व मंडल को किया जाएगा, जिससे अपीलों के निराकरण की प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं अधिक प्रभावी हो सकेगी। कैबिनेट में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी गई। इसका उद्देश्य जीएसटी कानून को सरल बनाना, अनुपालन संबंधी प्रक्रियाओं को आसान बनाना तथा करदाताओं, विशेषकर निर्यातकों और इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर वाले उद्योगों के लिए रिफंड प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाना है। इससे कर प्रशासन अधिक प्रभावी होगा, करदाताओं को सुविधा मिलेगी साथ ही राज्य के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य राज्य में निवेश को बढ़ावा देना, उद्योगों के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार करना तथा निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस संशोधन विधेयक के प्रारूप को तैयार करने में अन्य अग्रणी राज्यों की औद्योगिक नीतियों का भी अध्ययन किया गया है। इससे निवेश प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनेगी और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

कैबिनेट ने जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन अधिनियम, 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य में अंगीकार करने के लिए विधानसभा में संकल्प प्रस्तुत किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। भारत सरकार द्वारा लाए गए इस संशोधन का उद्देश्य पर्यावरणीय कानूनों के अनुपालन को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इसके तहत छोटे उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से हटाकर उन पर आर्थिक दंड का प्रावधान तथा दंड निर्धारण एवं अपील की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है।

### भाड़ा नियंत्रण विधेयक के प्रारूप को मंजूरी

कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण अधिनियम, 2011 (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य खाली मकानों को किराये पर देने को बढ़ावा देना और किरायेदारी से जुड़े विवादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस संशोधन में भवन स्वामी और किरायेदार के अधिकार व दायित्व स्पष्ट किए गए है, साथ ही संपत्ति प्रबंधक, किराया प्राप्ति, अधिकरण के अध्यक्ष की पदावधि और न्यायालय शुल्क से जुड़े प्रावधान भी शामिल किए गए है। यह संशोधन भारत सरकार के आदर्श किरायेदारी अधिनियम, 2021 के अनुरूप है।

## सफर खत्म होने वाले विमानतल पर किताब जमा भी करानी होगी

# एयरपोर्ट पर खुलेगी 'फ्लाईब्रेरी', सफर के दौरान कर सकेंगे मनपसंद किताब पढ़ने का शौक पूरा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

लाइब्रेरी की तर्ज पर जल्दी ही स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर फ्लाईब्रेरी खुलेगी। विमान यात्री यहां से अपनी मनपसंद किताब लेकर सफर में जा सकेंगे। नियम यह होगा कि उन्हें यात्रा खत्म होने वाले एयरपोर्ट पर संबंधित किताब जमा करनी होगी। इसके साथ रायपुर एयरपोर्ट अगले छह माह में और आकर्षक नजर आएगा। इसके लिए विभिन्न सौंदर्यीकरण का काम जल्दी ही शुरू होगा।

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के डायरेक्टर के रूप में पिछले आठ महीने से सुविधाओं के विस्तार के कार्यों को मंजूरी देने वाले योगेश नगाईच अब चंडीगढ़ इंटरनेशल एयरपोर्ट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। बुधवार को विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यों का टेंडर पूरा किया गया है। इसके साथ ही यहां लागू व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। यात्रियों को विमानतल पर बनाई गई फ्लाईब्रेरी में हिंदी, अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं की किताबें, बच्चों के कॉमिक्स, टूरिस्ट बुक, ज्ञानवर्धक एवं साहित्यिक किताबें उपलब्ध रहेंगी। यात्री इसका उपयोग अपने सफर के दौरान कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें यात्रा खत्म होने वाले विमानतल पर उसे जमा कराना होगा।




### विमानतल का होगा सौंदर्यीकरण, छह महीने में और आकर्षक होगा

उन्होंने बताया कि विमानतल पर रात में रोशन करने के लिए तमाम स्ट्रीट लाइट को बदला गया है। टर्मिनल के सामने आने वाले वाहनों के लिए 6 लेन की सुविधा के साथ पाथ-वे को भी चौड़ा किया जाएगा।

टर्मिनल भवन में किड्स प्ले जोन, प्रथम तल की तरह ग्राउंड फ्लोर पर भी स्मोक जोन बनाया जाएगा। यात्रियों के लिए चौथा एयरोब्रिज शीघ्र बनकर तैयार होगा। साथ ही पुराने ब्रिज के सीलिंग और फ्लोर को भी आकर्षक बनाने का काम पूरा किया जाएगा।

### भीड़ कम करने पार्किंग में लेन सिस्टम

यात्रियों को पिकअप करने आने वाले यात्री वाहन के एयरपोर्ट से बाहर निकलने के दौरान होने वाली अनावश्यक भीड़ को कम करने लेन सिस्टम लागू किया गया है। इसमें फॉस्ट टैग वाहन, कैश एवं कार्मशियल वाहनों के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की गई है। विमानतल पर यात्रियों के लिए टैक्सी चालकों के बीच होने वाले विवाद को समाप्त करने के लिए विभिन्न तरह के कड़े कदम उठाए गए हैं।

### होटल की तरह वीआईपी लाउंज

डायरेक्टर ने बताया कि एयरपोर्ट के वीआईपी वेटिंग रूम को आवश्यकता के हिसाब से रिनोवेट किया जा रहा है। इसके लिए टेंडर हो चुके हैं और काम अगले पांच से छह माह में पूरा हो जाएगा। वीआईपी वेटिंग रूम इसके बाद किसी फाइव स्टार होटल के लाउंज की तरह नजर आएगा। कुछ निजी औद्यौगिक कंपनियों के साथ एयरपोर्ट के भीतर आवश्यक रिनोवेशन का काम भी पूरा किया जा रहा है।

# नाबालिग बेटी को कार दी, दुर्घटना में 3 की मौत, पिता की याचिका हाईकोर्ट से खारिज



**बिलासपुर।** सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत के मामले में नाबालिग बेटी को वाहन की चाबी देने वाले पिता की याचिका को हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने आरोपी पिता रायगढ़ निवासी घनश्याम महिलाने के खिलाफ दर्ज एफआईआर, चार्जशीट और निचली अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को निरस्त करने से इनकार कर दिया है।

घटना 30 अक्टूबर 2025 की है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कापू रोड स्थित छला मोड़ खमहार के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमें कार की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। पुलिस जांच में यह बात सामने आई, दुर्घटना के समय कार को आरोपी घनश्याम महिलाने की नाबालिग बेटी लापरवाहीपूर्वक चला रही थी। मामले में पिता को पुलिस ने सह आरोपी बनाया है। पुलिस के मुताबिक यह जानते हुए भी कि बेटी नाबालिग है, कार की चाबी सौंपने और उसे गाड़ी चलाने की अनुमति देना खतरनाक है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 105 व धारा 3(5) और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199ए, 184, 3/181 व 4/181 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है। मामले में घनश्याम महिलाने की ओर से हाईकोर्ट में कहा गया कि याचिकाकर्ता न तो वाहन का पंजीकृत मालिक है और न ही दुर्घटना के समय गाड़ी चला रहा था। अधिवक्ता ने घटना स्थल के पास के एक रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज और फॉरेंसिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया, घटना के समय गाड़ी नाबालिग बेटी नहीं, बल्कि अभिषेक भास्कर नामक बालिग व्यक्ति चला रहा था और बेटी बगल की सीट पर बैठी थी। अधिवक्ता ने कहा, याचिकाकर्ता शासकीय कर्मचारी है और एकतरफा जांच के कारण उसके कैरियर पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए उसके खिलाफ पूरी कार्यवाही निरस्त की जाए।

### हाईकोर्ट साक्ष्यों का परीक्षण या मिनी ट्रायल नहीं कर सकता

मामले की सुनवाई करते हुए डिवीजन बेंच ने कहा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 528 के तहत हाईकोर्ट साक्ष्यों का परीक्षण या मिनी ट्रायल नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा, याचिकाकर्ता द्वारा पेश किया गया सीसीटीवी फूटेज और फॉरेंसिक रिपोर्ट उसके बचाव का हिस्सा है। इनकी प्रमाणिकता और सत्यता का फैसला निचली अदालत में ट्रायल के दौरान ही हो सकता है। डिवीजन बेंच ने कहा कि पुलिस चार्जशीट में स्पष्ट आरोप है कि पिता ने जानते-समझते हुए, नाबालिग को चाबी सौंपी थी। प्रथम दृष्टया अपराध की सामग्री मौजूद होने के कारण कार्यवाही रद्द नहीं की जा सकती। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के संज्ञान लेने के आदेश को सही ठहराते हुए याचिकाकर्ता को छूट दी है कि वह अपनी सभी दलीलें ट्रायल कोर्ट के समक्ष रख सकता है।

### सूने मकान में धावा धरे गए दो शातिर

रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने दो चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हांडीपारा स्थित प्रार्थिया कांति साहू के सूने मकान को निशाना बनाकर वहां से लगभग 3 लाख रुपए कीमत के जेवरात चोरी किए थे। चोरी करने मकान में प्रवेश करने आरोपियों ने मकान का ताला तोड़ने के साथ आलमारी के लॉकर को तोड़ा था। आरोपियों में एक का नाम मो. बिलाल निवासी हांडीपारा शिवनगर है, वहीं उसका दूसरा साथी नाबालिग है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।


**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## ज्ञान, तकनीक व संस्कृति ही ला सकती है सामाजिक बदलाव

# विश्वविद्यालय डिग्री नहीं, समाज के बौद्धिक केंद्र बनें: चौबे

बिलासपुर। डॉ. सी वी रमन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति एवं आइसेक्ट समूह के संस्थापक संतोष चौबे का मानना है कि बड़े सपनों का अर्थ केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना होना चाहिए। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं, बल्कि नए विचारों, शोध, नवाचार और संस्कृति के केंद्र बनने चाहिए। वे शिक्षा, तकनीक और साहित्य को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हैं।

श्री चौबे ने एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने अपने जीवन में जो भी कार्य किए, उनकी शुरुआत किसी पद या उपलब्धि से नहीं, बल्कि समाज के लिए देखे गए एक स्वप्न से हुई। उनका विश्वास है कि ज्ञान, शिक्षा और संस्कृति समाज को बदलने की सबसे बड़ी शक्तियां हैं और इन्हीं के माध्यम से व्यापक परिवर्तन संभव है। उन्होंने बताया कि आइसेक्ट की स्थापना का उद्देश्य सूचना प्रौद्योगिकी को महानगरों तक सीमित रखने के बजाय गांवों और कस्बों तक पहुंचाना था।



इसी सोच ने आईसेक्ट को एक सामाजिक आंदोलन का स्वरूप दिया। श्री चौबे ने कहा कि विश्वविद्यालयों को केवल परीक्षा और डिग्री तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें शोध, नवाचार, संस्कृति के संरक्षण और समाज की समस्याओं के समाधान खोजने वाले बौद्धिक केंद्र के रूप में विकसित होना चाहिए। उन्होंने विज्ञान और तकनीकी शिक्षा को हिंदी सहित भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ज्ञान तभी लोकतांत्रिक बनता है, जब वह लोगों की अपनी भाषा में पहुंचे। भाषा के कारण किसी भी वर्ग को ज्ञान से वंचित नहीं होना चाहिए। साहित्य के महत्व पर उन्होंने कहा कि साहित्य मनुष्य को संवेदनशील बनाता है और उसके भीतर छिपे अनुभवों से परिचित कराता है। 'विश्वरंग' के आयोजन संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि विश्वरंग के माध्यम से साहित्य और संस्कृति के माध्यम से दुनिया भर के रचनाकारों और विचारकों को जोड़ने का प्रयास किया है।


युवाओं के लिए उन्होंने कहा कि वे बड़े सपने देखें, लेकिन उन्हें समाज के हित से जोड़ें। केवल व्यक्तिगत उपलब्धि पर्याप्त नहीं है, बल्कि सफलता का एक हिस्सा समाज के लिए भी समर्पित होना चाहिए। उन्होंने नेतृत्व की परिभाषा बताते हुए कहा कि सच्चा नेता आदेश नहीं देता, बल्कि लोगों को प्रेरित करता है और उनकी छिपी हुई संभावनाओं को पहचानकर आगे बढ़ने का अवसर देता है। कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि कोई भवन, संस्था या पुरस्कार नहीं, बल्कि वे लोग हैं जिनके जीवन में उनके कार्यों से सकारात्मक बदलाव आया। उनके अनुसार अवसर, विश्वास और सही मार्गदर्शन मिलने पर हर व्यक्ति समाज में परिवर्तन का वाहक बन सकता है।

## बीरगांव, दुर्ग, रिसाली, भिलाई-चरौदा, जामुल सहित 10 जिलों के निकायों में आई चुनाव की बेला

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनावों का एक और दौर शुरू होने की बेला आ गई है। हालांकि इन निकायों में इस साल के अंत यानी दिसंबर में चुनाव होने वाले हैं, लेकिन इससे पहले वहां आरक्षण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश संबंधित जिलों के कलेक्टरों को दिए गए हैं। प्रदेश के 15 नगरीय निकायों (जिनमें 4 नगर पालिक निगम, 5 नगर पालिका परिषद तथा 6 नगर पंचायत शामिल हैं, जिनका कार्यकाल दिसंबर 2026 में समाप्त हो रहा है) के साथ ही दो नवगठित नगर पंचायतों के चुनाव होने हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर में बुधवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन की तैयारियों एवं शासन स्तर पर की जा रही आवश्यक कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के 10 जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संबंधित जिलों के कलेक्टरों को वार्डों के आरक्षण हेतु 'विहित प्राधिकारी' नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिका (नियम, 1994 के तहत जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों का पालन करते हुए कलेक्टरों को वार्डों का आरक्षण कार्य पूरा करना होगा। अवर सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि कलेक्टरों को अपने-अपने जिले के निकायों के लिए वार्ड संख्या का निर्धारण करना होगा।

## शब्द पहेली - 6281



**बाएँ से दाएँ**

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली- 6280 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | या | ला |
| ह | य | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | य | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | य | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | य | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | य | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 6291

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6290 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹107252/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹130990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹142988/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

# कपल ने सजाया एसी कोच, टीसी सस्पेंड



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की एक ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच के एक केबिन को सजाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर सुहागरात के कमरे की तरह सजे केबिन का वीडियो वायरल होने के बाद अब रेलवे प्रशासन ने संबंधित टीसी (टिकट चेकर) को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल ये मामला 6 जुलाई 2026 का है, जब ट्रेन संख्या 11002 नंदीग्राम एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक कपल ने अपने सफर को खास बनाने के लिए ऑनलाइन एक निजी डेकोरेटर को काम पर रखा था। इस डेकोरेटर ने ट्रेन के भीतर जाकर उनके पूरे केबिन को सुहागरात के कमरे की तरह सजाया। वीडियो के सामने आने के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आ गया है। रेलवे ने इस मामले को सुरक्षा के लिहाज से एक गंभीर चूक माना है। इस लापरवाही के आरोप में संबंधित स्टाफ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करते हुए पूरे मामले की विस्तृत विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# 'झमाझम' के बीच परंपरा निभाई... कराया मेंढक-मेंढकी का ब्याह

## चार दिनों तक चलती रही विवाह की रस्में, डीजे की धुन पर निकली बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर/प्रतापपुर

अलग खबर

लंबे इंतजार के बाद ग्रामीण अब बारिश के लिए इंद्रदेव को मनाने की कोशिश में जुटे हैं। ग्राम पंचायत खुशी में ग्रामीणों ने वर्षा के लिए डीजे के साथ बारात निकालकर धूमधाम से मेंढक एवं मेंढकी का विवाह रचाया। गांव के बैगा ने विधि-विधान से मेंढक-मेंढकी का विवाह संपन्न कराया। इस बार कम बारिश होने के कारण खरीफ खेती पिछड़ रही है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसान अभी तक न तो धान का थरहा लगा पाए हैं, न ही मक्का एवं दलहन एवं तिलहन फसलों की ही बुनाई कर पाए हैं। लंबे इंतजार के बावजूद बारिश नहीं होने पर ग्रामीण इंद्रदेव के कुपित होने एवं उन्हें प्रसन्न करने के लिए परंपरानुसार मेंढक-मेंढकी का विवाह रचा रहे हैं। सूरजपुर जिला अंतर्गत प्रतापपुर तहसील में अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम बारिश होने के कारण किसान काफी चिंतित है। ग्राम पंचायत खुंशी के ग्रामीणों का मानना है कि इंद्रदेव के प्रसन्न होने पर ही पर्याप्त वर्षा होती है जबकि उनके नाराज होने पर कम या अत्यधिक वर्षा होती है। क्षेत्र में कम वर्षा होना इंद्रदेव की नाराजगी का प्रतीक है। इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए ग्रामीणों ने मेंढक-मेंढकी का विवाह रचाने का निर्णय ▶▶| शेष पेज 6 पर





### पिछड़ रही खेती

*वर्षा नहीं होने के कारण खेती पिछड़ रही है। वर्षा के लिए क्षेत्र में मेंढक-मेंढकी का विवाह रचाने की परम्परा है। बुजुर्गों की सहमति से गांव में उत्साहपूर्वक मेंढक-मेंढकी का विवाह रचाया गया।*

*-रामजय रंते, सरपंच, खुशी*

---

### कोल, कस्टम मिलिंग के साथ शराब घोटाले में नाम

# कांग्रेस के खंजाची रहे रामगोपाल हिरासत में, तीन साल से थी तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

तीन साल से फरार चल रहे कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को ईओडब्लू, एसीबी ने बुधवार को हिरासत में लिया है। चर्चा है कि वह अपने बेटे को साथ लेकर जांच एजेंसी के कार्यालय में सरेंडर करने के लिए आए थे। इस दौरान ईओडब्लू, एसीबी के अफसरों ने पूछताछ करने हिरासत में लिया। रामगोपाल का नाम करीब 3 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला, 450 करोड़ रुपए के कोल लेवी वसूली तथा 127 करोड़ रुपए के कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन घोटाले की जांच में सामने आया है। जांच एजेंसियां इन सभी मामलों की अब भी जांच कर रही हैं। घोटाला में नाम सामने आने के बाद कांग्रेस का पूर्व कोषाध्यक्ष फरार हो गया था।

सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष को गुरुवार को ▶▶| शेष पेज 6 पर

## सरेंडर करने के दौरान हिरासत में लेने की चर्चा



### बेटे से लगातार पूछताछ के बाद सफलता

रामगोपाल अग्रवाल को पकड़ने ईडी के साथ ईओडब्लू, एसीबी की टीम लगातार छापेमारी कर रही थी, बावजूद इसके दोनों जांच एजेंसियों को किसी तरह से कोई क्लू नहीं मिल रहा था। इसके बाद ईओडब्लू ने उसकी पतासाजी करने बेटे को लेकर कई दौर की पूछताछ की। बताया जा रहा है, जांच एजेंसी के दबाव में आकर रामगोपाल ईओडब्लू के ऑफिस में सरेंडर करने पहुंचा।

### आधा दर्जन वारंट

कोल, कस्टम मिलिंग के साथ शराब घोटाला मे रामगोपाल अग्रवावल के खिलाफ ईडी तथा ईओडब्लू, एसीबी के विशेष न्यायालय ने आधा दर्जन वारंट जारी किया है। कोर्ट से फरार घोषित किया गया है। पूछताछ के बाद घोटाला में और कौन-कौन लोग शामिल थे, घोटाले की रकम किन-किन लोगों तक कैसे पहुंची और पहुंचाई गई, पूछताछ के बाद इसका खुलासा होगा।

**इन बिंदुओं पर होगी पूछताछः** ईओडब्लू द्वारा जारी बयान के अनुसार कोल लेवी घोटाले की जांच के दौरान सूर्यकांत तिवारी के पास से जब्त डायरी में कांग्रेस भवन के नाम पर करोड़ों रुपए की एंट्री प्राप्त हुई है। अब तक की विवेचना में यह तथ्य सामने आया है कि उक्त राशि रामगोपाल अग्रवाल द्वारा कांग्रेस भवन में प्राप्त की गई थी। इस संबंध में डायरी एंट्री, धनराशि के स्रोत, राशि पहुंचाने वाले व्यक्तियों, प्राप्तकर्ता एवं उपयोग से संबंधित बिंदुओं पर रामगोपाल अग्रवाल से पूछताछ की जा रही है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

---

### फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट बनाकर ओमान में घुसा था, भारत लाए जाने की तैयारी

# महादेव सट्टे का मालिक सौरभ ओमान में फंसा, 6000 करोड़ का है नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मूलतः दुर्ग निवासी जूस सेंटर संचालित करने वाला सौरभ चंद्राकर ने दुर्ग से महादेव सट्टा एप की शुरुआत की। इसके बाद वह पुलिस को चकमा देकर अपने साथी रवि उप्पल के साथ दुबई शिफ्ट हो गया। आरोप है कि दुर्ग, रायपुर के युवाओं को दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर वह अपने साथ दुबई ले गया। इसके बाद रायपुर तथा दुर्ग-भिलाई के लड़कों के माध्यम से दुबई में बड़ा नेटवर्क तैयार कर बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित करने लगा। जांच एजेंसियों के आरोपों के मुताबिक सौरभ तथा रवि ने महादेव सट्टा एप के माध्यम से छह हजार करोड़ रुपए कमाई कर मनी लांड्रिंग की। इसके साथ ही सट्टे की कमाई को हवाला के माध्यम से दुबई मंगाए।

### गिरफ्तारी की चर्चा

*चर्चा है कि महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर को रॉयल ओमान पुलिस ने मस्कट से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सौरभ चंद्राकर पहले यूएई में रह रहा था। उसकी गिरफ्तारी इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर की गई है, जिसे भारतीय जांच एजेंसियों के अनुरोध पर जारी किया गया था। सौरभ को अल खौद डिटेंशन सेंटर में कैद कर रखे जाने की बात सामने आई है। उसने अपनी तरफ से केस लड़ने के लिए वकीलों की टीम भी रखी है। वहीं, ओमान में फर्जी पासपोर्ट और अवैध तरीके से प्रवेश करने के मामले की जांच जारी है।*

*महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को आखिरकार ओमान में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि उसने फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट के जरिए ओमान में प्रवेश किया था। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के बाद भारत सरकार उसे वापस लाने की प्रक्रिया में जुट गई है। इसके लिए ओमान सरकार से प्रत्यर्पण की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।*

## हरिभूमि ने ही चार साल पहले किया था खुलासा

### टीम हरिभूमि ने खोला सट्टे का राज, तोता बता रहा है रेट दुबई से मिली आईडी, रोजाना 60 से 70 खोखे का खेल



### सट्टा एप में एक करोड़ प्लेयर

ईडी की जांच में महादेव सट्टा एप में एक करोड़ प्लेयर तथा यूजर्स के जुड़े होने की बात सामने आई है। इनमें सभी वर्ग के लोग शामिल रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी का शिकंजा जैसे-जैसे कसता गया। महादेव सट्टा एप के प्रमोटर अलग-अलग नामों से सट्टा एप का संचालन करने के साथ अपने यूजर्स को शिफ्ट कर सट्टा संचालित करने लगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर महादेव सट्टा एप पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

### दो वर्ष पूर्व यूएई में हिरासत में लिया गया था

इससे पहले 2024 में, इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर चंद्राकर को यूएई में हिरासत में लिया गया था। उस समय भारत ने उसे प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया था, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और बाद में उसे रिहा कर दिया गया। इसी बीच, ऐसी खबरें भी आईं कि उसका साथी रवि उप्पल यूएई से भाग गया है।

### भारत लाने में आ सकती हैं कानूनी अड़चनें

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सौरभ चंद्राकर ने सीसीएफ में सुनवाई के दौरान ही यूएई छोड़ दिया था। ऐसा माना जा रहा कि उसका फर्जी पासपोर्ट के जरिए ओमान में प्रवेश करना उसकी एक सोची-समझी रणनीति हो सकती है, ताकि भारत प्रत्यर्पण प्रक्रिया में देरी हो। ओमान के कानून के तहत फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल गंभीर अपराध माना जाता है, जिसकी सजा 3 से 5 साल तक की कैद और जुर्माना हो सकती है।

### अब तक 4336 करोड़ की संपत्तियां अटैच

महादेव सट्टा एप प्रकरण में ईडी ने अब तक 175 से ज्यादा ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन किए हैं। 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 74 लोगों को आरोपी बनाया गया। साथ ही रायपुर की विशेष पीएमएलए कोर्ट में 5 प्रॉसिक्यूशन शिकायतें दाखिल की गई हैं। एजेंसी के मुताबिक, अब तक इस मामले में कुल 4 हजार 336 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियां अटैच, सीज या फ्रीज की जा चुकी हैं।

---

## खबर संक्षेप

### प्रीति जिंटा के डीपफेक वीडियो हटाने के आदेश

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने अभिनेत्री प्रीति जिंटा से जुड़े सभी डीपफेक, छेड़छाड़ कर तैयार की गई तस्वीरों, फर्जी वीडियो और अन्य अनधिकृत ऑनलाइन सामग्री को हटाने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है। पीठ ने जिंटा को राहत देते हुए, ऑनलाइन मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत उनकी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाई।

### टीएमसी की 440 करोड़ की जमा राशि रोक पर

**नई दिल्ली।** ईडी ने धन के कथित गबन से जुड़े एक मामले में तलाशी अभियान के बाद धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत तृणमूल कांग्रेस की 440 करोड़ रुपए की बैंक जमा राशि के लेन-देन पर रोक के आदेश जारी किए हैं। 440.42 करोड़ रुपये की यह राशि तृणमूल कांग्रेस के तीन निजी बैंक खातों में जमा है।

### भुवनेश्वर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में बुधवार को भुवनेश्वर कोर्ट परिसर में बम धमाके की धमकी वाला ईमेल मिला। हालांकि यह धमकी अफवाह साबित हुई। कोर्ट के अधिकारियों से ई-मेल के बारे में जानकारी मिलने के बाद, ओडिशा पुलिस के बम निरोधक दस्ते के कर्मी मौके पर पहुंचे और पूरी इमारत की गहन जांच की। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

---



### दिल्ली-मुंबई में जलभराव, पुणे में बड़ी आफत

# कचरे का 'पहाड़' गिरने से ढही इमारत, कई दबे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के एक बड़े हिस्से में बुधवार को भारी मानसूनी बारिश हुई, जिससे कई जगह अचानक बाढ़ आ गई और रेल एवं सड़क यातायात में बड़े पैमाने पर बाधा उत्पन्न हुई। दिल्ली और मुंबई के कई हिस्सों में जलजमाव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ में भारी बारिश के दौरान इमारत ढह गई, जहां मलबे में 16 लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ में बुधवार को कचरे का एक बड़ा ढेर तीन मंजिला इमारत पर गिर गया, जिससे वह ढह गई और कम से कम 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

### शाह ने केंद्र से दिया मदद का आश्वासन

*हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ जैसे हालात के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू-कश्मीर और केरल के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात कर स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।*



*उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया तथा कहा कि लोगों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गृह मंत्री ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला तथा केरल के मुख्यमंत्री से अलग-अलग बातचीत कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।*

---

### सदस्य अगले सप्ताह देख सकेंगे अपडेट राशि

# 3.4 करोड़ सदस्यों को मिलेगा पीएफ ब्याज, 15 तक खाते में आएगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भविष्य निधि खातों में ब्याज जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। सदस्य 15 जुलाई तक अपने खातों में अद्यतन राशि ऑनलाइन देख सकेंगे। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि ईपीएफओ में 2.01 'केंद्रीकृत आईटी आधारित सेवाएं' लागू होने के बाद भविष्य निधि खातों तक ऑनलाइन पहुंच की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। सीआईटीईएस परियोजना को सुविधा बढ़ाने, ईपीएफओ की परिचालन दक्षता में सुधार करने को तैयार है।




### अधिकृत केंद्र में मिलेगी सेवाएं

नई व्यवस्था के तहत सदस्य अब देश में किसी भी अधिकृत केंद्र से सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह व्यवस्था बैंकिंग सेवाओं की तरह होगी, जहां ग्राहकों को किसी विशेष शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं होती। अब एकीकृत डिजिटल मंच पर सारी जानकारी होगी।

# होटल में प्रेमी ने लगाई फांसी प्रेमिका ने काटी हाथ की नस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विवाद के बाद होटल के कमरे में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, उसकी गर्लफ्रेंड ने हाथ का नस काट ली। सूचना पर सुपेला थाना अंतर्गत स्मृतिनगर पुलिस मौके पर पहुंची। युवती को अस्पताल भेज दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर, अटल आवास निवासी शदाब शेख पियानो ▶▶| शेष पेज 6 पर



मृतक

### होटल से बाहर निकलते हुए तस्वीर कैमरे में कैद

*पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। खबर लगते ही पुलिस होटल में पहुंची कमरे से शव को बाहर निकाला गया। जिसे पीएम के लिए भेजा गया। पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मृतक शदाब के भाई अल्ताफ शेख ने बताया कि रात करीब* ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मामले में की जा रही है जांच

*पुलिस घटना को लेकर जांच में जुटी हुई है। प्रथम दृष्टया फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला दिख रहा है। लेकिन हर पहलू की जांच की जाएगी।*

*सत्य प्रकाश तिवारी, सीएसपी, भिलाई नगर*

---

### एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक

# नई किताब में सावरकर की एंट्री और हिटलर-नाजी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कक्षा आठ के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से जारी सामाजिक विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में 1947 के भारत-पाकिस्तान बंटवारे को लेकर कांग्रेस के रुख को बदले स्वरूप में पेश किया गया है और कहा गया है कि विभाजन को ही आगे बढ़ने का एकमात्र स्वीकार्य रास्ता मानने संबंधी रुख पर बहस अब भी जारी है। संशोधित पाठ्यपुस्तक में जहां वीडी सावरकर की 'स्वराज' की मांग को शामिल किया गया है, वहीं एडॉल्फ हिटलर और नाजी विचारधारा का जिक्र हटा दिया गया है। एनसीईआरटी ने न्यायपालिका को कथित तौर पर बदनाम करने को लेकर उपजे विवाद के कुछ महीनों बाद कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान ▶▶| शेष पेज 6 पर

- पाठ्यपुस्तकों को नए पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार किया गया



### कक्षा एक से नौ तक की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध

एनसीईआरटी के अधिकारियों के अनुसार, कक्षा एक से नौ तक के लिए सिर्फ दो किताबों को छोड़कर शेष सभी पाठ्यपुस्तकें अब उपलब्ध हैं। इन पाठ्यपुस्तकों को नये पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार किया गया है। ये शेष दो किताबें जिनमें कक्षा नौ की सामाजिक विज्ञान और गणित की पाठ्यपुस्तकों का भाग-2 शामिल है, अगस्त तक जारी होने की संभावना है। नयी पाठ्यपुस्तकें 'राष्ट्रीय स्कूली शिक्षा पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एसई) 2023' के अनुरूप तैयार की गई हैं। कक्षा एक से आठ तक की सभी पाठ्यपुस्तकें अब डिजिटल और मुद्रित, दोनों प्रारूपों में उपलब्ध हैं।

### पहले क्या था

- 'भारत की आजादी का लंबा सफर' शीर्षक वाले इतिहास के अध्याय में कहा गया है कि कांग्रेस ने भी बंटवारे का जबरदस्त विरोध किया था।
- अंग्रेजों ने हिंदू और मुस्लिम नेताओं के बीच मतभेद का फायदा उठाते हुए भारत का बंटवारा करने का फैसला किया और हालांकि, महात्मा गांधी सहित कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं ने विभाजन का विरोध किया था।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सेना बनाने के लिए हिटलर का समर्थन मांगा था और जर्मन नेता को ऐसा तानाशाह बताया था।

### अब क्या है?

- पिछली किताब में शामिल उस वाक्य को भी हटा दिया गया है, जिसमें कहा गया था कि बंटवारे के दौरान जब पूरा उपमहाद्वीप सांप्रदायिक नरसंहार से जूझ रहा था, तब कांग्रेस नेता बेबस थे।
- संशोधित पाठ्यपुस्तक में पूर्ण स्वतंत्रता की मांग से जुड़ी कहानी को और विस्तार से दिया गया है। इसमें जोड़ा गया है कि 1925 में वीडी सावरकर ने भी 'स्वराज' की ऐसी ही मांग की थी।
- संशोधित संस्करण में हिटलर और नाजी विचारधारा का जिक्र हटाते हुए कहा गया है कि बोस ने ब्रिटिश-विरोधी ताकतों से समर्थन मांगा था।

चिंतन

# फिर अनिश्चितता के भंवर में दुनिया

मध्य-पूर्व एक बार फिर अशांत होता दिखाई दे रहा है। ईरान के अड़ियल रुख और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पलटवार के कारण दुनिया एक बार फिर अनिश्चितता के भंवर में फंस गई है। खाड़ी में युद्ध के कारण कच्चा तेल, गैस और ऊर्जा सभी की महंगाई और टूटती चेन सप्लाई ने लोगों को परेशान कर रखा था। युद्ध विराम के बाद दुनिया कुछ उभरने लगी थी, लेकिन अब होर्मुज में कतर समेत तीन जहाजों पर ईरान का हमला और फिर ट्रम्प का यह कहना कि ईरान के साथ हुआ युद्धविराम (सीजफायर) अब समाप्त हो चुका है और अमेरिका ईरान से कोई नई डील नहीं करना चाहता, क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, ईरान पर 80 से अधिक ठिकानों पर हवाई हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हुए हमलों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। यह घटनाक्रम केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता से जुड़ा हुआ विषय है। इस साल एक तरफ अलनीनो के कारण कमजोर मानसून और दूसरी तरफ ईरान की बेजा हरकत ने दुनिया को परेशानी में डाल दिया है। ईरान ने शांति की सारी उम्मीदों को झटका दे दिया है। अब खाड़ी के देशों को एकजुट होकर ईरान के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। होर्मुज में जहाजों पर हमला किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। जहाजों पर लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए काम करते हैं। ऐसे में उनको निशाना बनाया जाना गलत है। खासकर जहाजों पर काम करने वालों में अधिकतर भारतीय हैं। ऐसे में दुनिया के किसी भी जहाज पर हमला भारतीय नागरिकों पर हमले जैसा है। भारत सरकार को भी ईरान को दो टूक कहना चाहिए कि भारतीयों पर हमले स्वीकार्य नहीं हैं। ईरान अपने प्रतिशोध के लिए दूसरा तरीका अपनाए। अमेरिका का तर्क है कि ईरान समर्थित गतिविधियों और उसके परमाणु कार्यक्रम से क्षेत्रीय तथा वैश्विक सुरक्षा को खतरा है। दूसरी ओर ईरान इसे अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न मानते हुए सैन्य दबाव के बीच किसी समझौते से इनकार कर रहा है। दोनों देशों के बीच अविश्वास वर्षों पुराना है, लेकिन हाल की घटनाओं ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यदि जवाबी कार्रवाई का यह सिलसिला जारी रहता है, तो संघर्ष सीमित नहीं रहेगा और पूरे पश्चिम एशिया को अपनी चपेट में ले सकता है।यदि अमेरिका अपने सहयोगियों से अपेक्षित समर्थन न मिलने की बात कह रहा है, तो यह पश्चिमी देशों की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था में मतभेदों की ओर संकेत करता है। किसी भी अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की शक्ति उसकी एकजुटता में होती है। यदि रणनीतिक मतभेद सार्वजनिक रूप से सामने आने लगें, तो इसका लाभ अस्थिरता फैलाने वाली शक्तियां उठा सकती हैं। भारत के लिए भी यह स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा और वैश्विक व्यापार से जुड़े हित इस संकट से सीधे प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए भारत को अपनी पारंपरिक संतुलित विदेश नीति के अनुरूप शांति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान का पक्ष मजबूत करना चाहिए। कुल मिलाकर किसी भी युद्ध में अंततः जीत किसी की नहीं होती, जबकि मानवता, अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्थिरता सबसे अधिक नुकसान उठाती है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि सैन्य शक्ति भय पैदा कर सकती है, लेकिन विश्वास नहीं। स्थायी शांति केवल बातचीत, पारस्परिक सम्मान और कूटनीतिक समाधान से ही संभव है।

# विश्व राजनीति के नए दौर में भारत



साझेदारी
नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'

इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया यात्रा ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि आज की दुनिया केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं से नहीं चलती, बल्कि राष्ट्रीय हितों, आर्थिक साझेदारियों, तकनीकी सहयोग और मानव संसाधनों के साझा विकास से आगे बढ़ती है। इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इक्कीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। पहले देशों के बीच संबंध मुख्यतः सैन्य शक्ति और राजनीतिक प्रभाव तक सीमित थे, लेकिन आज आर्थिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, शिक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय वैश्विक संबंधों के केंद्र में आ चुके हैं।

ऐसे समय में भारत ने अपनी विदेश नीति को केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे विकास, निवेश, रोजगार और नागरिकों के भविष्य से जोड़ दिया है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है। इंडोनेशिया के साथ भारत के संबंध केवल दो मित्र देशों के संबंध नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समुद्री सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी भी हैं। मलक्का जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के बीच स्थित यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा और व्यापारिक समझौते पूरे क्षेत्र की स्थिरता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाश एयर डिफेंस सिस्टम जैसे रक्षा सहयोग केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि यह भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक हैं। इससे भारत की वैश्विक साख मजबूत होती है और रक्षा निर्यात के नए अवसर भी पैदा होते हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के साथ बढ़ती निकटता भारत की बदलती रणनीतिक सोच को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया आज केवल एक मित्र देश नहीं, बल्कि ऊर्जा, शिक्षा, तकनीक और खनिज संसाधनों का महत्वपूर्ण साझेदार बन चुका है। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रही दुनिया में लिथियम और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की मांग लगातार बढ़ रही है।

ऑस्ट्रेलिया इन संसाधनों से समृद्ध है और भारत को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति, बैटरी निर्माण तथा हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए इनकी आवश्यकता है। इसलिए दोनों देशों का सहयोग केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक सुरक्षा का भी आधार बन रहा है। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष शिक्षा और मानव संसाधन विकास भी बन चुका है। आज लाखों भारतीय छात्र विदेशों में उच्च



शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या ऑस्ट्रेलिया में अध्ययनरत है। यदि दोनों देशों के बीच वीजा प्रक्रिया सरल होती है, शोध सहयोग बढ़ता है और डिग्रियों की पारस्परिक मान्यता मजबूत होती है, तो इसका सीधा लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। शिक्षा के साथ-साथ रोजगार, स्टार्टअप, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी नए अवसर खुलेंगे। इस प्रकार विदेश नीति अब केवल सरकारों के बीच संबंध नहीं रह गई है, बल्कि यह सीधे युवाओं के सपनों और परिवारों की आकांक्षाओं से जुड़ गई है। बदलते वैश्विक समीकरणों में व्यापार की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। दुनिया ने महामारी और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के दौरान देखा कि जब आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होती हैं, तो पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए आज हर देश विश्वसनीय साझेदारों की तलाश में है।

भारत अपनी विशाल बाजार क्षमता, कुशल मानव संसाधन, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मजबूत विनिर्माण क्षमता के कारण वैश्विक कंपनियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें केवल घरेलू योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इन्हें वैश्विक निवेश और निर्यात वृद्धि से भी जोड़ा गया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सक्रियता ने भी विश्व राजनीति को नई दिशा दी है। अनेक देश संतुलित शक्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत के साथ अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। भारत ने भी किसी टकराव की नीति अपनाने के बजाय सहयोग, संवाद और साझेदारी को प्राथमिकता दी है। यही संतुलित दृष्टिकोण भारत को विश्व मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में स्थापित करता है। क्वाड जैसे मंचों में सक्रिय भागीदारी, समुद्री सुरक्षा पर सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रयास इसी सोच का परिणाम हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से शिक्षा, तकनीक, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, तो इसका सबसे अधिक लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। आज दुनिया कुशल मानव संसाधनों की तलाश में है और भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है। आवश्यकता केवल इस प्रतिभा को सही अवसरों से जोड़ने की है। विदेश नीति का यही नया स्वरूप भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच प्रदान कर रहा है। आज की दुनिया में किसी भी देश की शक्ति केवल उसकी सैन्य क्षमता से नहीं मापी जाती, बल्कि उसकी आर्थिक मजबूती, तकनीकी प्रगति, नवाचार, कूटनीतिक प्रभाव और वैश्विक विश्वसनीयता से भी तय होती है। भारत इन सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि विकसित देशों से लेकर विकासशील राष्ट्रों तक, सभी भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी बनाने में रुचि दिखा रहे हैं।

यह परिवर्तन अचानक नहीं आया है, बल्कि वर्षों की संतुलित नीति, निरंतर संवाद और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का परिणाम है। बदलते वैश्विक समीकरण भारत के लिए केवल चुनौतियाँ लेकर नहीं आए हैं, बल्कि उन्होंने नई संभावनाओं के द्वार भी खोले हैं। इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ मजबूत होते संबंध इस बात के संकेत हैं कि भारत अब विश्व व्यवस्था में एक प्रभावशाली, विश्वसनीय और दूरदर्शी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यदि यही गति, संतुलन और दूरदृष्टि बनी रही, तो आने वाले वर्षों में भारत न केवल अपनी आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को और मजबूत करेगा, बल्कि करोड़ों भारतीयों, विशेषकर युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को भी नई उड़ान देगा। यही बदलते वैश्विक दौर में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि और सबसे बड़ी आशा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पंचायतीराज

डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# ग्राम सभा ग्रामीण लोकतंत्र की आत्मा

ग्राम सभा गांव की ग्राम-संसद है, दूसरे शब्दों में ग्राम सभा गांव की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था है, ग्राम सभा ग्राम पंचायत की आत्मा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (क) ग्राम सभा को पंचायतीराज व्यवस्था का नींव माना गया है, ग्राम सभा कभी भी भंग नहीं होती यह अजर और अमर है। संविधान का 73वां संशोधन ग्राम सभा को संवैधानिक संस्था के रूप में मान्यता प्रदान की है। ग्राम सभा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत विकास योजना का निर्माण, लाभार्थियों एवं हितग्राहियों का चयन, बजट तैयार करने, नीतियों का निर्धारण एवं क्रियान्वयन तथा निगरानी करने वाली शाश्वत संस्था है। ग्राम सभा के प्रभावी काम-काज से पारदर्शिता, जवाबदेही, समावेशी विकास में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित होती है, जो सुशासन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में ग्राम सभा के आयोजन हेतु कोरम (गणपूर्ति) का निर्धारण कर नियम बनाये गये है। देश के 10 पेसा राज्यों (पंचायत उपबंध - अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायतों के लिये विशिष्ट उपबंध) में भी ग्राम सभा के आयोजन हेतु कोरम (गणपूर्ति) का निर्धारण कर नियम बनाये गये है। देश के अधिकांश राज्यों में पंचायत प्रतिनिधियों (सरपंच एवं वार्ड पंच) को ग्राम सभा में आवश्यक गणपूर्ति हेतु सीधे जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के वार्डों से आवश्यक गणपूर्ति कराये। देश के अधिकांश राज्यों की ग्राम सभाओं में गणपूर्ति हेतु महिलाओं की न्यूनतम संख्या का भी निर्धारण किया गया है साथ ही वार्षिक कार्ययोजना, हितग्राहियों के चयन, वार्षिक बजट, लेखा संपरीक्षा प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखा तथा प्रशासनिक रिपोर्ट के संदर्भ में गणपूर्ति होने पर ही संकल्प पारित किये जाने का प्रावधान निहित किये गये है, किन्तु इसके पश्चात भी विडंबना यह है कि ग्रामीण लोकतंत्र की इस नींव में ग्राम सभा के सदस्यों की भागीदारी कम हो रही है या अल्प भागीदारी हो रही है।

पंचायतीराज मंत्रालय हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान हैदराबाद द्वारा 30 जून 2026 को 400 ग्राम पंचायतों के 7790 लोगों पर किये गये शोध रिपोर्ट में ग्राम सभा में कम या अल्प भागीदारी का सबसे बड़ा कारण सामाजिक, आर्थिक, संस्थागत एवं व्यावहारिक कारणों को माना गया है, जिसमें 55.50 प्रतिशत आजीविका और समय की कमी, 16.22 प्रतिशत जागरूकता और संचार से जुड़ी समस्या रहा है। ग्राम सभा की प्रक्रियाओं में सबसे कम भागीदारी वाले समूहों में प्रवासी परिवार, युवा, बुजुर्ग, और महिलाएँ भी शामिल है। देश की ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा दैनिक मजदूरी एवं कृषि कार्यों पर निर्भर है, जिसके कारण ग्राम सभा के सदस्य अपनी मजदूरी छोड़कर ग्राम सभा की बैठकों में नहीं आ पाते। रिपोर्ट जारी करते हुए नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालसुब्रह्मण्यम और पंचायतीराज मंत्रालय के सचिव द्वारा भी ग्राम सभा में लोगों की कम या अल्प भागीदारी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिक केन्द्रित सुशासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभा अनिवार्य एवं महत्वपूर्ण है। जब तक गाँव का अंतिम व्यक्ति ग्राम सभा में उपस्थित होकर अपने गाँव के भविष्य के निर्णय हेतु उत्सुक नहीं होगा तब तक लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुँच संभव नहीं होगा। ग्राम सभा में कम या अल्प भागीदारी के कई कारण है, जिसमें मुख्यतः बिना किसी साफ नतीजे वाली बार-बार होने वाली बैठकें, ग्राम सभा में की गयी शिकायतों का समाधान न होना, एक ही बात पर बार-बार चर्चा होना और ग्राम सभा द्वारा लिये गये निर्णयों पर कार्यवाही न होना या सीमित कार्यवाही होने के कारण लोगों का विश्वास ग्राम सभा के प्रति कम होना भी अल्प भागीदारी का कारण है। देश की ग्राम सभाएँ अधिक समावेशी, सहभागी, और निर्णयों को क्रियान्वित करने वाली बने इसके लिए ग्राम सभा का मूल्यांकन सिर्फ बैठकों के आयोजन के आधार पर नहीं बल्कि ग्राम सभा में चर्चा के बिन्दुओं या एजेन्डा की अहमियत, निर्णय लेने में पारदर्शिता और ग्राम सभा के द्वारा लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन की तत्परता और ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्तावों के साफ तौर पर लागू होने के आधार पर करना होगा। जब तक ग्राम सभा के सदस्यों को ग्राम सभा के द्वारा लिये गये निर्णयों का धरातल पर वास्तविक असर नहीं दिखेगा तब तक ग्राम सभा सदस्यों का विश्वास जितना संभव नहीं है। पेसा राज्यों में ग्राम सभा आयोजन के पूर्व पेसा मोबिलाइजर को घर-घर जाकर ग्राम सभा के सदस्यों को ग्राम सभा के प्रति जागरूक करना होगा। चूंकि पेसा राज्यों में ग्राम सभा प्रत्येक पारा, टोला और मोहल्ला में किये जाने का प्रावधान भी निहित है। इसलिए पेसा मोबिलाइजर की भूमिका महत्वपूर्ण है, ताकि पेसा मोबिलाइजर के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सुनिश्चित हो सके। महिला जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ ग्राम सभा सदस्यों, स्व-सहायता समूहों, लाइन विभाग के जमीनी कार्यकर्ताओं, युवा समूहों हेतु जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम सभा के सदस्यों को एकजुट कर ग्राम सभा की बैठकों का समय एवं तिथि तथा स्थान तय करना होगा, ताकि ग्राम सभाओं में ग्राम सभा सदस्यों की भागीदारी अधिक सुनिश्चित हो। पारदर्शिता, जवाबदेही और ग्राम सभा सदस्यों का ग्राम सभा के प्रति विश्वास बढ़ाये जाने के लिए, ग्राम सभा के द्वारा लिए गये निर्णयों एवं फैसलों के क्रियान्वयन में हुए व्ययों को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर सामाजिक अंकेक्षण करना होगा ताकि ग्राम सभा प्रासंगिक,

गाँव की लोकतांत्रिक आत्मा ग्राम सभा में निहित है, अतः विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति तभी संभव है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति का ग्राम सभा तक पहुँच सुनिश्चित हो। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की पूर्ति में जीवंत ग्राम सभा की भूमिका महत्वपूर्ण है, ग्राम सभा की जमीनी कार्यवाही समावेशी, सहभागी और सतत विकास को और मजबूती प्रदान करेगी, जिससे आत्मनिर्भर पंचायत का निर्माण होगा।

*- लेखक संकाय सदस्य (पंचायतीराज), ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*

## श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बरसा आसमान का कहर

लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने पूरे देश में दस्तक दी तो लोगों के चेहरों पर खुशी थी। भीषण गर्मी और पानी के संकट से जूझ रहे करोड़ों लोगों को उम्मीद थी कि बारिश राहत लेकर आएगी, खेतों में हरियाली लौटेगी और जलस्रोत भर जाएंगे। लेकिन इस बार मानसून ने राहत से ज्यादा आफत का रूप दिखाया। देश के अनेक राज्यों में मूसलाधार बारिश ने बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और हादसों का ऐसा सिलसिला शुरू कर दिया कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया, सड़कें नदियों में बदल गईं और करोड़ों रुपए की संपत्ति पलभर में तबाह हो गई।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### प्रम्बानन मंदिर



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) अब इंडोनेशिया के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'प्रम्बानन मंदिर' के संरक्षण में अपनी विशेषज्ञता साझा करेगा। प्रम्बानन मंदिर में गूंजता "ॐ नमः शिवाय" सनातन की शाश्वत चेतना का दिव्य स्पंदन है।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक स्थल



उत्तर प्रदेश में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के बाद, अब उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में दान चोरी और गबन का मामला भी काफी चर्चा में है। इन दोनों मशहूर धार्मिक स्थलों के ट्रस्ट से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की भी ठीक से जांच होनी चाहिए।

-**मायावती**, पूर्व सीएम, उत्तरप्रदेश

### भूस्खलन दुखद



वायनाड में हुआ भूस्खलन बेहद दुखद है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। इस दुखद आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं हैं।

-**मल्लिकार्जुन खड़गे**, कांग्रेस अध्यक्ष

### फुटबॉल वर्ल्ड कप



फुटबॉल वर्ल्ड कप यह साबित करता है कि बड़े-बड़े पुरुषों को भी खुलकर रोने की इजाज़त है ताकि दुनिया देख सके... और हम भी उनके साथ रोते हैं... यहाँ तक कि सबसे मज़बूत लोग भी। खासकर वे जो सबसे ज़्यादा मज़बूत होते हैं।

-**शेखर कपूर**, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### सुदर्शनी भारतीय समुद्री विरासत का प्रतिनिधित्व करती है

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने कहा कि भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण पोत 'आईएनएस सुदर्शनी' की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा और आपसी संबंधों को प्रदर्शित करती है।



अमेरिका की आजादी की 250वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित हो रहे 'यूनाइटेड स्टेट्स इंटरनेशनल नेवल रिव्यू 250' और 'सेल फोर्थ 250' समारोहों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 'आईएनएस सुदर्शनी' गर्व के साथ तिरंगा लहराते हुए चार जुलाई को न्यूयॉर्क पोर्ट पहुंची। प्रधान ने मंगलवार को बताया, 'आईएनएस सुदर्शनी भारतीय समुद्री विरासत की शानदार परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है और भारतीय नौसेना की ताकत और कौशल को दिखाती है। यह भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत होते आपसी संबंधों का भी प्रतीक है।' आईएनएस सुदर्शनी का यह दौरा पोत के 10 महीने लंबे समुद्री अभियान 'लोकायन 2026' का हिस्सा है। भारत सरकार के एक बयान के अनुसार यह अभियान 'समुद्री सहयोग को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सद्भावना बढ़ाने और सहयोगी नौसेनाओं के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## ऑफ बीट

### मधुमक्खियों के चेहरे खोल सकते हैं उनके मन के राज

इंसान अक्सर सामने वाले के चेहरे के भाव देखकर समझ लेते हैं कि वह खुश है, परेशान है या किसी चीज को पसंद नहीं कर रहा है। स्वादिष्ट भोजन मिलने



पर मुस्कान आ जाती है, पसंद न आने वाली चीज पर चेहरा सिकुड़ जाता है। लेकिन क्या ऐसा ही कुछ छोटे-से शरीर वाली मधुमक्खियों के साथ भी होता है? हम अपने आसपास के जानवरों को देखकर अक्सर समझ लेते हैं कि वे खुश हैं, डर रहे हैं या उन्हें दर्द हो रहा है। मधुमक्खियों का चेहरा इंसानों की तरह भाव दिखाने वाला नहीं होता। उनका बाहरी शरीर कठोर खोल से ढका होता है, इसलिए पहली नजर में लगता है कि उनके चेहरे पर कोई बदलाव संभव नहीं होगा। लेकिन वैज्ञानिकों का ध्यान उनके मुंह के बेहद सक्रिय हिस्से 'ग्लोसा' पर गया। यह एक लंबी जीभ जैसी संरचना होती है, जिसकी मदद से मधुमक्खियां फूलों से रस चूसती हैं। प्रयोगों में शोधकर्ताओं ने भौंरों (बम्बलबी) को अलग-अलग स्वाद वाली छोटी-छोटी बूंदें दीं और उनकी प्रतिक्रियाओं को ध्यान से देखा। जब एक मधुमक्खी को चीनी का घोल दिया गया तो उसने तेजी से अपनी ग्लोसा बाहर निकाली और उसे पी लिया। लेकिन हैरानी तब हुई जब घोल खत्म हो गया और उसे देने वाली पाइपेट हटा ली गई। इसके बाद भी मधुमक्खी कुछ समय तक अपनी ग्लोसा को बाहर निकालती और अंदर करती रही।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
गुरुवार 9 जुलाई 2026
आषाढ़, कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 26, अंक : 108
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 25.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# छत्तीसगढ़ में विदेशी 'कोनोकार्पस' पर रोक : सरकार ने कहा- अब नहीं लगेगा एक भी नया पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा फैसला लेते हुए पूरे राज्य में कोनोकार्पस प्रजाति के नए पौधे लगाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य सरकार का कहना है कि यह विदेशी और आक्रामक (इनवेसिव) प्रजाति स्थानीय जैव विविधता, प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र, भूजल संसाधनों और जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती है। इसीलिए अब राज्य की सीमा में कोई भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कोनोकार्पस पर एक नजर

- मूल रूप से विदेशी (तटीय) प्रजाति।
- तेजी से बढ़ने वाला सजावटी वृक्ष।
- कई राज्यों में बड़े पैमाने पर सड़क किनारे लगाया गया।
- विशेषज्ञों ने इसे इनवेसिव प्रजाति माना।
- छत्तीसगढ़ में अब नए पौधे लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध।

## सुप्रीम कोर्ट ने जैव विविधता, भूजल और जनस्वास्थ्य के लिए बताया था खतरा

**सभी सरकारी विभागों और निजी संस्थाओं पर आदेश तत्काल प्रभाव से लागू**



### सुप्रीम कोर्ट की समिति की रिपोर्ट बनी आधार

सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में गठित केंद्रीय सशक्त समिति की 21 अगस्त 2025 की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि कोनोकार्पस एक आक्रामक विदेशी प्रजाति है, जिससे स्थानीय वनस्पतियों को नुकसान पहुंच सकता है, प्राकृतिक पारिस्थितिकी असंतुलित हो सकती है, भूजल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और जनस्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी पैदा हो सकते हैं। इसी रिपोर्ट में नए पौधारोपण पर रोक लगाने, इसके प्रचार-प्रसार और बिक्री को नियंत्रित करने तथा पहले से लगे पौधों को चरणबद्ध तरीके से देशी प्रजातियों से बदलने की अनुशंसा की गई थी।

### आपत्तियां मंगाने की प्रक्रिया भी नहीं अपनाई

सामान्य तौर पर ऐसे आदेशों से पहले संबंधित पक्षों से आपत्तियां और सुझाव मांगे जाते हैं, लेकिन राज्य सरकार ने इस मामले में पर्यावरण संरक्षण के हित में तत्काल कार्रवाई को आवश्यक बताते हुए इस प्रक्रिया को लागू नहीं किया। आदेश में कहा गया है कि पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के प्रावधानों के तहत लोकहित में तत्काल निर्णय लेना आवश्यक था।

### शहरों में तेजी से बढ़ा था उपयोग

पिछले कुछ वर्षों में कोनोकार्पस का उपयोग छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में सड़क किनारे, डिवाइडरों, पार्कों, सरकारी परिसरों, आवासीय कॉलोनियों और व्यावसायिक परिसरों की हरियाली बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर किया गया था। इसकी तेज वृद्धि और कम रखरखाव की वजह से यह लोकप्रिय हुआ, लेकिन बाद में इसके पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने गंभीर चिंताएं जताईं। इन्हीं आशंकाओं के चलते अब छत्तीसगढ़ सरकार ने इसके नए रोपण पर पूरी तरह रोक लगाने का फैसला किया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक

# छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बिल बनाने वाला देश का पहला राज्य

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद् की बैठक में छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (विनिमय-मुक्ति एवं सुविधा) विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में व्यापार और उद्योग स्थापित करने की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी, डिजिटल एवं समयबद्ध बनाना है। इस तरह का विधेयक लाने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

बताया गया है कि इसके अंतर्गत डीम्ड परमिशन स्व-प्रमाणीकरण, तृतीय-पक्ष सत्यापन , जोखिम-आधारित निरीक्षण तथा दोहरे लाइसेंसिंग दायित्वों को समाप्त करने जैसे प्रावधान किए गए हैं। इससे निवेशकों के लिए अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाएं कम होंगी, कारोबार करने में सुगमता बढ़ेगी तथा राज्य में निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को नई गति मिलेगी।



### डायरेक्ट डेबिट मैंडेट व्यवस्था लागू होगी

मंत्रिपरिषद् ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के विद्युत उपक्रमों से खरीदी जा रही बिजली के भुगतान की सुरक्षा के लिए वर्तमान त्रिपक्षीय अनुबंध के स्थान पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप डायरेक्ट डेबिट मैंडेट व्यवस्था लागू किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### वन टाइम सेटलमेंट

मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ) द्वारा आबंटित भूखंडों एवं निर्मित परिसरों पर देय ब्याज एवं अधिभार में राहत प्रदान करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना-2026 को मंजूरी दी है। इस योजना से पात्र आबंटितियों को निर्धारित शर्तों के तहत बकाया देयों के नियमितीकरण, परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करने में मदद मिलेगी, जो विकास करने के इच्छुक है उनको अवसर मिलेगा और जो इच्छुक नहीं है, वे समय पर आबंटित भूमि को सरेंडर कर सकेंगे। इस निर्णय से मुकदमेबाजी में कमी आएगी, भूमि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा तथा नवा रायपुर में निवेश एवं विकास गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा राजनांदगांव में 2000 सीट क्षमता वाले आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए आवश्यक शासकीय भूमि के आबंटन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

### इस फैसले का ये होगा असर

इस निर्णय से एनटीपीसी सहित अन्य सीपीएसयू से विद्युत आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित होगी तथा भुगतान सुरक्षा की व्यवस्था आरबीआई के वर्तमान प्रावधानों के अनुरूप हो सकेगी। राज्य शासन पर इससे कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा, क्योंकि वितरण कंपनी द्वारा भुगतान की व्यवस्था पूर्ववत रहेगी तथा आवश्यक होने पर पहले लेटर ऑफ क्रेडिट की व्यवस्था प्रभावी रहेगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाइटर्स), फाइटर आरक्षक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2026 में महत्वपूर्ण संशोधन को स्वीकृति दी गई है।

## फिर युद्ध शुरू...अमेरिका ने ईरान के 80 ठिकानों पर की एयरस्ट्राइक



होर्मुज में एक दिन पहले ईरान ने तीन पोत पर किया था हमला

एजेंसी ▶▶ दुबई

अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन पोतों पर हमले होने के बाद बुधवार तड़के ईरान पर 'जवाबी हमले' किए और ईरान को वैश्विक बाजार में कच्चा तेल खुले तौर पर बेचने की अनुमति देने वाले लाइसेंस को भी रद्द कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई के बाद जबाव में बहरीन और कुवैत पर हमले किए। इससे पहले अमेरिका ने कहा था कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन पोतों पर हमला किया था। अमेरिकी हमलों के तुरंत बाद ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि वह 'हर जरूरी कदम उठाएगा।' इससे युद्ध रोकने के लिए हुए अंतरिम समझौते के टूटने का खतरा बढ़ गया है और पश्चिम एशिया के फिर से व्यापक संघर्ष की चपेट में आने की आशंका पैदा हो गई है।

- होर्मुज में माइनस्वीपर तैनात करेगा नाटो, निशाने पर खर्ग द्वीप



### ट्रंप के बयान से और बढ़ा टेंशन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान पर रात में और हवाई हमले करने की तैयारी कर रहा है। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि युद्धविराम समाप्त हो गया है। ईरान के साथ फिर से सैन्य कार्रवाई की संभावना पर पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, हमने कल रात उन पर जोरदार हमला किया। संभवतः आज रात भी हम उन पर फिर से भीषण हमला करेंगे।


### भारतीय तेल टैंकर को भेजा वापस

अमेरिका की ओर से ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर ताजा हमले और इसके जवाब में बहरीन और कुवैत पर किए गए ईरानी हमले के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव फिर बढ़ गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के कॉरिडोर से गुजर रहे एक भारतीय तेल टैंकर को वापस भेज दिया गया है। ये इंडियन टैंकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ओमानी कॉरिडोर का इस्तेमाल करके होर्मुज क्रॉस कर रहा था, लेकिन इस पर ईरानी सेना ने विरोध जताया।

## खबर संक्षेप

### नवी मुंबई हवाई अड्डे से अब दवा होगी आयात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई हवाई अड्डे को दवाओं के आयात की मंजूरी दी है। अब नवी मुंबई को उन हवाई अड्डों की सूची में शामिल कर लिया गया है, जिनके जरिए देश में दवाएं आयात की जा सकती हैं।



### 10 सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर छापा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त ने आय के ज्ञात स्रोत से कहीं अधिक संपत्ति रखने के आरोप बुधवार को राज्य भर में कई जगहों पर 10 सरकारी अधिकारियों के परिसर पर एक साथ छापेमारी की। जिन अधिकारियों के परिसरों पर छापेमारी की गई उनमें रायचूर में कृष्ण भाग्य जल निगम लिमिटेड के कार्यकारी अभियंता बासनगौड पाटिल; चित्रदुर्ग में कृषि अभियांत्रिकी विवि के सहायक प्रोफेसर शंकर एम; चित्रदुर्ग में वॉटरशेड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में रेंज वन अधिकारी डुगप्पा बी एच और बेंगलुरु में नरेंद्र कुमार शामिल हैं।

### करंट की चपेट में आने से चार की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के सातारा जिले में बुधवार सुबह करंट की चपेट में आने से एक दंपति और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। घटना फलटण तालुका के खामगांव गांव में सुबह करीब छह बजे हुई। मृतकों की पहचान सतीश उर्फ पिसुर्दया किसन शिंदे (45), उनकी पत्नी गंगू शिंदे (40), बेटे सचिन शिंदे (26) और बेटी आरती शिंदे (24) के तौर पर की गई है।



### दुष्कर्म और हत्या का आरोपी मुठभेड़ में मारा गया

**कोलकाता।** बारुईपुर में एक लड़की से दुष्कर्म और उसके बाद हत्या करने के मामले के मुख्य आरोपियों में से एक, बुधवार को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। आरोपी की पहचान प्रभास मंडल के रूप में हुई जिसे इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। कथित दुष्कर्म और हत्या से पहले मंडल को सीसीटीवी फुटेज में लड़की के साथ देखा गया था। घटनाक्रम को समझने के लिए मंडल को मंगलवार रात 12 बजकर 45 मिनट पर दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर के सूर्यपुर ले जाया गया था।

## पूर्व एआरटीओ के घर मिला 13 किलो सोना, 1.62 करोड़ कैश



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विजिलेंस टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ललित कुमार के लखनऊ स्थित आवास पर छापेमारी की। छापेमारी में करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ। इस कार्रवाई में विजिलेंस टीम को 1.62 करोड़ रुपए नकद, करीब 13 किलोग्राम सोना, 9 किलोग्राम चांदी, हीरे के बहुमूल्य आभूषण और कई शहरों में स्थित संपत्तियों के दस्तावेज बरामद हुए। केवल बरामद सोना, चांदी और आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपए आंकी गई है। पूर्व एआरटीओ के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

- विजिलेंस टीम ने ललित कुमार के घर मारा छापा

### कई शहरों में संपत्तियों के दस्तावेज बरामद

जांच के दौरान विजिलेंस अधिकारियों को लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली समेत विभिन्न स्थानों पर स्थित आवासीय मकानों, प्लॉटों, कृषि भूमि और फ्लैट बुकिंग से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। प्रारंभिक जांच में इन अचल संपत्तियों का मूल्य करीब 13 करोड़ रुपए से अधिक आंका गया है। अधिकारियों का मानना है कि जांच आगे बढ़ने पर संपत्तियों की संख्या और मूल्य में और वृद्धि हो सकती है।

### कुल 20 करोड़ की संपत्ति

विजिलेंस टीम की तलाशी के दौरान घर से करीब 1.62 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए। इसके अलावा करीब 13 किलोग्राम सोना, 9 किलोग्राम चांदी और हीरे के कीमती आभूषण भी मिले। अधिकारियों का कहना है कि इनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपए है। बरामद आभूषणों और कीमती धातुओं का विस्तृत मूल्यांकन कराया जा रहा है, ताकि वास्तविक कीमत का पता लगाया जा सके।

**बीएएमएस के लिए अधिसूचना जारी**

## आयुर्वेद नीट के लिए जुलाई के तीसरे सप्ताह से पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा–प्री आयुर्वेद (नीट-पीए) की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके तहत विद्यार्थी जुलाई के तीसरे हफ्ते में पंजीकरण करा सकते हैं। बयान के अनुसार, विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अब संस्कृत सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा ▶▶ शेष पेज 6 पर



### साढ़े सात वर्षीय पाठ्यक्रम

केंद्रीय संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि बीएएमएस पाठ्यक्रम की अवधि साढ़े सात वर्ष की होगी। इसमें दो वर्ष का प्री-आयुर्वेद गुरुकुलम कार्यक्रम, साढ़े चार वर्ष का बीएएमएस पाठ्यक्रम तथा एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप शामिल होगी।

**शोपियां में सुरक्षा बलों का अभियान**

## पहलगाम हमले की हिट लिस्ट में शामिल लश्कर कमांडर मारा गया

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के आतंकवाद विरोधी अभियान में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक स्वयंभू कमांडर मारा गया। पहलगाम आतंकी हमले (अप्रैल 2025) के बाद सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी 14 आतंकवादियों की 'हिट लिस्ट' में लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी भी शामिल था। सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के इस जिले में मीमांदर इलाके में तीन जुलाई को तलाश अभियान शुरू किया था।



### आतंकवादियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ यात्रा के लिए लगाई गई चेहरा मिलान प्रणाली (एफआरएस) की मदद से आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है।

### पांच दिनों से इलाके की घेराबंदी

उन्होंने बताया कि पुलिस, सेना की 55 आरआर और 44 आरआर, तथा सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने पिछले पांच दिनों से इस इलाके की घेराबंदी की हुई थी, जिसके दौरान दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। उन्होंने बताया कि सेना की विशेष आतंकवाद विरोधी इकाई 'विक्टर फोर्स' ने घने बाग से भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए, साथ ही इलाके में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गई।

**सेंसेक्स 1,677.12 अंक और निफ्टी 516.65 अंक टूटा**

# शेयर बाजार गिरा, निवेशकों के डूबे 8.96 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने से बुधवार को शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई, जिससे निवेशकों की संपत्ति 8.96 लाख करोड़ रुपए घट गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677.12 अंक यानी 2.15 प्रतिशत टूटकर 76,503.60 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 516.65 अंक टूटकर 23,882.05 अंक पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 1.61 प्रतिशत गिर गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण 8.96 लाख करोड़ घटकर 4,71,23,612.10 करोड़ रुपए रह गया।

## ट्रंप के बयान पर साइड इफेक्ट

### एशिया के बाजारों का ऐसा हाल

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 5.35 प्रतिशत गिर गया, जबकि जापान का निक्की 2.11 प्रतिशत और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.49 प्रतिशत नीचे आया। हालांकि, हांगकांग का हैंगसेंग 2.99 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 393.19 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।




### क्यों गिरा बाजार

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के साथ अंतरिम समझौता खत्म करने की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने की आशंका हावी होने से कच्चा तेल फिर से चढ़ गया।

### एक्सपर्ट व्यू

विश्लेषकों ने कहा कि पहली तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के अनुमान को लेकर निवेशकों में चिंता होने से भी बाजार में 'जोखिम से बचने' का रुख देखने को मिला। ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य में मालवाहक जहाजों पर ईरान के हमले के बाद ट्रंप ने अंतरिम शांति समझौते को समाप्त घोषित कर दिया जिससे भू-राजनीतिक तनाव फिर बढ़ गया है। कच्चे तेल की कीमतों में करीब सात प्रतिशत की तेजी आई।



हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब कमर में हो अकड़न और दर्द



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-साकेत, रायपुर**

आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं काफी देखी जाती हैं। इसका कारण लंबी सिटिंग है। अगर आपका प्रोफेशन भी ऐसा है तो जरूर आपको लाइफस्टाइल थोड़ी चेंज करनी पड़ेगी। रेगुलर तौर पर सुबह और शाम कमर की एक्सरसाइज करें। ऑफिस में काम करते वक्त थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल में कुछ चहलकदमी करें। इसके अलावा विटामिन-डी और कैल्शियम की भी जांच कर लें। इसकी कमी भी दर्द की वजह बनती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मैं अकसर बीमार पड़ जाता हूं। गला खराब रहता है, लूज मोशंस और उल्टियों की समस्या बनी रहती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको पानी से इंफेक्शन हो सकता है, जिससे डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। सबसे पहले आप घर के बाहर जाते समय पीने का पानी साथ लेकर निकलें। गला खराब होने की वजह ठंडा पानी होता है। कई बार लोग गर्मी से आते हैं और तुरंत ठंडा पानी पी लेते हैं। इस मौसम में अचानक ठंडा पानी पीना भी नुकसानदेय हो सकता है। इससे बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-रमेश, कटनी**

सांस फूलने की एक वजह दिल संबंधी परेशानी हो सकती है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना ठीक नहीं है। हालांकि कई बार फेफड़े संबंधित रोग से भी ऐसा होता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। वह कुछ जांच कराएंगे, जिससे इसकी वजह पता चलेगी और उसका इलाज हो सकेगा। फिलहाल आप जल्दी डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 62वर्ष है। एक साल पहले मैंने प्रोस्टेट का ऑपरेशन करवाया था। पिछले कुछ हफ्तों से यूरिनेशन में प्रॉब्लम हो रही है। कृपया बताएं कि अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगताप, रोहतक**

जितनी जल्दी हो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जांच करने के बाद ही पता चलेगा कि इसकी वजह क्या है? इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें। ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है।

**मेरी उम्र 33 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इस समस्या का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी से भी हो सकते हैं। दूसरी बात आप बता रहे हैं कि स्किन में स्वेलिंग भी है तो यह लक्षण शुगर बढ़ने की वजह से भी होता है। ऐसे में बगैर जांच कराए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करके जांच करा लें, जिससे परेशानी का कारण पता चलेगा और प्रॉपर उपचार किया जा सकेगा। फिलहाल आप मीठा खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे लंबे समय से साइनस की प्रॉब्लम है। काफी दवाइयां लेने और घरेलू उपचारों के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ। कृपया बताएं, क्या करूं कि यह प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-नीरज, हिसार**

आपको ईएनटी विशेषज्ञ से मिलना चाहिए, वे जांच कर बताएंगे कि इसकी वजह क्या है? कई बार नाक की हड्डी बढ़ने से भी ऐसी समस्या आती है और उसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है, इसलिए डॉक्टर से संपर्क करें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

मानसून के दौरान पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएं अन्य ऋतुओं की तुलना में कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस तथ्य से लगा सकते हैं कि प्रतिवर्ष देश में लगभग तीन लाख बच्चों की मौतें डायरिया के कारण होती हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले मानसून के दौरान दर्ज होते हैं। बारिश के मौसम में किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं, इनसे बचने के लिए क्या सावधानियां बरतें, यहां एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

## बारिश के मौसम में बढ़ जाता है पाचन संबंधी संक्रमण का रिस्क



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. बी. ए. चौरसिया

कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन

कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

अधिकतर हेल्थ एक्सपर्ट्स अब इस तथ्य पर एकमत हैं कि अच्छे स्वास्थ्य की बुनियाद सशक्त पाचन तंत्र पर आधारित है, लेकिन यही तंत्र लापरवाही बरतने पर बारिश के मौसम में तेजी से बिगड़ जाता है। ऐसे में इस मौसम में एक्सट्रा केयर और प्रिकॉशन बरतने की जरूरत होती है।

### इसलिए बढ़ती हैं समस्याएं

मानसून में अत्यधिक उमस भरे वातावरण के कारण व्यक्ति की पाचन क्रिया धीमी हो जाती है। बारिश होने पर वातावरण में नमी व्याप्त हो जाती है और बारिश थमने पर धूप निकलने के बाद मौसम अत्यधिक उमस भरा, चिपचिपा हो जाता है। यह स्थिति शरीर की पाचन क्रिया को धीमा करती है। पाचन क्रिया के धीमा पड़ने से अपच (बदहजमी), गैस, एसिडिटी, पेट में दर्द, मरोड़ व ऐंठन आदि गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल (पेट और आंतों से संबंधित) समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बारिश के मौसम में नमी और उमस के अलावा गंदगी के बढ़ने के कारण जीवाणु तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु व्यक्ति को विभिन्न बीमारियों का शिकार बनाते हैं। अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से होने वाली इन जीवाणुजनित बीमारियों में प्रमुख तौर पर गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया, पेचिश, पेट और आंतों में संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और हैजा शामिल हैं। इसके अलावा मानसून में हेपेटाइटिस ए और हेपिटाइटिस ई के मामले भी बढ़ जाते हैं, लेकिन हेपेटाइटिस वायरस जनित रोग है।

**गैस्ट्रोएंटेराइटिसः** पेट और आंतों में संक्रमण की स्थिति को गैस्ट्रोएंटेराइटिस कहते हैं। इस समस्या में पेट में मरोड़, ऐंठन, दर्द, उल्टी, दस्त और बुखार के लक्षण प्रकट होते हैं। कुछ लोगों में सिर दर्द की समस्या भी होती है।

**डायरियाः** इसमें भी गैस्ट्रोएंटेराइटिस सरीखे लक्षण प्रकट होते हैं, लेकिन दस्त अनेक बार और जल्दी-जल्दी होते हैं। देश में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया के मामले बहुत ज्यादा होते हैं, जो मानसून में तेजी से बढ़ते हैं।

**पेचिश (डिसेंट्री)ः** जब दस्त के साथ खून भी आने लगे तो उस स्थिति को पेचिश या डिसेंट्री कहते हैं। इस मर्ज के अन्य लक्षण गैस्ट्रोएंटेराइटिस की तरह ही होते हैं।

**अपच (बदहजमी)-गैस-एसिडिटीः** भूख से अधिक मात्रा में गरिष्ठ और अधिक चिकनाईयुक्त पदार्थों को खाना, इन समस्याओं का एक कारण है।









चूंकि मानसून में पाचन क्रिया धीमी रहती है, इसलिए गरिष्ठ खाद्य पदार्थों को पचाने में पाचन तंत्र पर अतिरिक्त भार पड़ता है, नतीजतन अपच, गैस और एसिडिटी के मामले मानसून में बड़े पैमाने पर सामने आते हैं।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** लिवर में सूजन और इन्फ्लेमेशन (इस स्थिति में सूजन के अलावा मरीज की लिवर कोशिकाएं भी क्षतिग्रस्त होने लगती हैं) को हेपेटाइटिस कहते हैं। मानसून के दौरान हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई के मामले काफी बढ़ जाते हैं। हेपेटाइटिस में पीड़ित व्यक्ति को पहले बुखार आता है और इसके बाद वह पीलिया (जॉन्डिस) से ग्रस्त हो जाता है। पीलिया के लक्षणों के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति की आंखों का रंग पीला हो जाता है, उन्हें यूरिन पीली होती है और वे भूख महसूस नहीं करते। गौरतलब है कि पीलिया, हेपेटाइटिस का लक्षण है।

**फूड प्वॉइजनिंगः** ई.कोली और सैलमॉनेला नामक जीवाणु बरसात के मौसम में तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में पहुंचते हैं। पेट खराब होना और उल्टी होना, इस समस्या के प्रमुख लक्षण हैं।

**हैजाः** मानसून के दौरान वाइबरियो कॉलेरी नामक जीवाणु तेजी से पनपता है, जो हैजा (कॉलरा) का कारण है। प्रदूषित खाद्य और अशुद्ध पेय पदार्थों को लेने से इसके जीवाणु शरीर में प्रवेश कर पाचन तंत्र को गड़बड़ कर देते हैं। लगातार उल्टियां और दस्त होना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

### इलाज के बारे में


- गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया और डिसेंट्री के इलाज में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर के परामर्श से एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं।
- ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी का भी प्रयोग होता है।
- अनेक मामलों में लक्षणों के आधार पर चिकित्सा की जाती है। जैसे मरीज को उल्टी होने पर इसे दूर करने की दवा, पेट में मरोड़ और दर्द होने पर इसे दूर करने वाली दवा और सिर दर्द होने पर इससे राहत दिलाने वाली दवा पेशेंट को दी जाती है।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग नहीं किया जाता। हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों में लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। बावजूद इसके, जो महिलाएं प्रेग्नेंट हों, उन्हें डॉक्टर के परामर्श की आवश्यकता होती है।
- बदहजमी, गैस और एसिडिटी की समस्या को ज्यादातर मामलों में घर पर रहकर ही डॉक्टर के परामर्श से खानपान में संयम बरतकर और दवाओं से दूर किया जा सकता है।
- फूड प्वॉइजनिंग का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। जैसे उल्टियां होने पर इसे रोकने की दवाएं दी जाती हैं।
- हैजा के इलाज में उल्टी और दस्त को रोकने की दवाएं दी जाती हैं। यह बहुत जरूरी होता है कि मरीज के शरीर में पानी की कमी न हो पाए, इसलिए उसे हाइड्रेशन थेरेपी दी जाती है।

### तब न करें लापरवाही

पाचन तंत्र से संबंधित समस्याओं को गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले ही सावधान हो जाना चाहिए। जैसे मानसून में डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं, वैसे तो यह एक आम समस्या है, लेकिन लापरवाही बरतने पर डायरिया आपको गंभीर हालत में पहुंचा सकता है। रोगी अगर पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, ओआरएस लेता है तो स्थिति कंट्रोल में रहेगी। लेकिन अगर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण दिखें तो तुरंत हॉस्पिटल जाकर डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-अगर मरीज को लगातार कई दिनों से बुखार जारी है। उसे यूरिन कम हो रही हो। मल (स्टूल) से खून आ रहा हो। पीड़ित व्यक्ति की उल्टियां और दस्त बंद न हो रहे हों। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

### मानसूनी संक्रमण से बचाव के उपाय



- शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। अगर आपके पास वाटर फिल्टर, वॉटर प्यूरीफायर या आरओ उपलब्ध नहीं है तो फिर पानी को उबालकर और फिर ठंडा कर पिएं।
- दस्त और उल्टी होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस स्थिति की रोकथाम के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए और ओआरएस भी लेना चाहिए।
- हल्का सुपाच्य भोजन करें। स्वाद के लालच में ओवर ईटिंग से बचें।
- जहां तक संभव हो, घर के बाहर खाने से परहेज करें।
- जंक फूड्स और फास्ट फूड्स से दूरी बनाए रखें।
- कुछ भी खाने से पहले सैनिटाइजर या एंटीबैक्टीरियल साबुन से हाथ जरूर धोएं।
- बाजार में मिलने वाले पकौड़ों, कचौड़ियों, चाट, समोसे आदि गरिष्ठ खाद्य पदार्थों की बजाए कभी-कभार घर में बनाकर खाना बेहतर है।
- बासी खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- ताजी सब्जियों और ताजे फलों को ही ग्रहण करें। इन्हें अच्छी तरह से धोकर खाएं।
- इन दिनों जूस के स्थान पर सूप का सेवन स्वच्छता के लिहाज से अच्छा है। जूस, चाय और कॉफी की मात्रा घटाएं और सूप की मात्रा बढ़ाएं।
- नॉनवेज और सीफूड्स से दूरी बनाए रखना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।
- पीने का पानी स्वच्छ और शुद्ध होना चाहिए। संक्रमित पानी पीने से हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस ई और डायरिया आदि समस्याओं का रिस्क बढ़ता है।

---

डाइट

राजकुमार दिनकर

## जब नाश्ते के बाद फील हो सुस्ती



बहुत से लोगों को सुबह नाश्ता करने के बाद शरीर में भारीपन महसूस होता है, आलस छाने लगता है, थकान महसूस होती है, काम करने के लिए बैठो तो काम में मन नहीं लगता। यह एक आम समस्या है। नाश्ते में आप क्या लेते हैं, आपका खान-पान कैसा है और आपका लाइफस्टाइल कैसा है, यह बहुत मायने रखता है। सुबह के नाश्ते के बाद नींद या सुस्ती आना इसे फूड कोमा भी कहा जाता है।

**हो सकती हैं कई वजहः** तमाम दूसरी वजहों के अलावा एक सबसे बड़ी समस्या होती है, नाश्ते में कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त फूड्स खाना। खाना कम मात्रा में न खाकर ज्यादा खाने से भी यह समस्या होती है, क्योंकि अत्यधिक कैलोरी, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त नाश्ता शरीर को सुस्त बनाता है। जो लोग सुबह 4 या 5 बजे सोकर जगते हैं, उन्हें भी इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ता है, क्योंकि अगर हमारी नींद पूरी न हो तो नाश्ता करने के बाद शरीर में सुस्ती आने लगती है। इसके अलावा जो भोजन हम खाते हैं, उनमें अगर विटामिन-डी, बी, बी-12 या आयरन की कमी होती है तो इससे भी नाश्ता करने के बाद नींद आने लगती है।

**सही फूड न चुननाः** सुबह के समय परांठा, सफेद ब्रेड, तली हुई चीजें खाने से रक्त में शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ज्यादा खा लिया जाए तो भोजन को पचाने में शरीर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके लिए बड़ी वजह नाश्ते में फाइबर से भरपूर चीजों का कम सेवन करना, एक्सरसाइज न करना, फिजिकल एक्टिविटी से दूर रहना, फास्ट फूड और ज्यादा नमक, मसाले और मैदे से बनी चीजें खाना और लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने से भी नींद आती है।



**डाइट में करें बदलावः** नाश्ते में कुछ बदलाव करने से आपको नींद या सुस्ती नहीं आएगी। सुबह 7 बजे फल और भीगे हुए मेवे खाने के बाद 10 बजे संतुलित नाश्ता करें। दही को नाश्ते के बजाय दोपहर के भोजन में लें। सुबह के समय मौसम के अनुसार फलों का सेवन करें। हल्का और पोषक नाश्ता जैसे ओट्स या मल्टीग्रेन रोटी, उबले अंडे, अंकुरित अनाज, फल और सलाद आदि लें। रात के समय हल्का खाएं। सुबह के समय नाश्ते में ज्यादा मीठा या तला-भुना फूड न खाएं। सुबह नाश्ता हल्का रखें। नाश्ते में ज्यादा मात्रा में प्रोटीन और ज्यादा कार्बोहाइड्रेटयुक्त फूड लेने से भी नींद और सुस्ती महसूस होती है। *

---



ट्रीटमेंट

डॉ. देवेंद्र कुमार

दंत चिकित्सक, एम्स-दिल्ली

आरसीटी के बाद जब प्राकृतिक दांत का बहुत ज्यादा हिस्सा ऊपर की ओर नहीं बचे या कुछ समय बाद किसी कारणवश वह टूट जाए, तब दंत चिकित्सक 'पोस्ट एंड कोर' की सलाह देते हैं। क्या है यह प्रोसेस, जानिए।

## आरसीटी के बाद दांत को सुरक्षित बनाए पोस्ट एंड कोर

दांतों में गंभीर इंफेक्शन होने पर डेंटिस्ट रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) करते हैं। 'पोस्ट एंड कोर', डेंटल रेस्टोरेशन की वह प्रक्रिया है, जिसका प्रयोग ऐसे दांत को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है, जिसमें आरसीटी के बाद दांत का प्राकृतिक ढांचा ज्यादा नहीं बच पाता। ऐसे में क्राउन, ब्रिज, इंप्लांट या रिमूवर बेंचर के लिए यह सहारा बनता है।

### क्या है पोस्ट एंड कोर


**पोस्टः** इस प्रक्रिया में धातु या फाइबर की एक पतली छड़ (रॉड) को रूट कैनाल की जड़ खाली करके उसमें डाला जाता है।

**कोरः** यह पोस्ट के चारों ओर बनाया जाने वाला आधार है, जो क्राउन रेस्टोरेशन को मजबूती और स्थिरता देता है।

### क्यों पड़ती है इसकी जरूरत

आरसीटी के बाद पोस्ट एंड कोर की जरूरत कुछ कंडीशंस में पड़ती है।

- दांत का ढांचा पर्याप्त न होने पर, क्राउन ढीले हो सकते हैं, अपनी जगह से हट सकते हैं या आरसीटी किए गए दांत को सही सुरक्षा नहीं दे पाते। ऐसे में पोस्ट एंड कोर प्रक्रिया एक मजबूत आधार बनकर इस ढांचागत कमी को दूर करती है, जो दांत के मूल आंतरिक ढांचे जैसा ही होता है।
- कई बार दांतों के ढांचे के नुकसान की सीमा ट्रीटमेंट से पहले दांत की स्थिति पर भी निर्भर करती है। जिन दांतों में बहुत ज्यादा सड़न होती है या पहले से बड़ी फिलिंग होती है, उनमें आरसीटी के बाद बहुत कम स्वस्थ ढांचा बच जाता है। ऐसे में, दांत की बची हुई दीवारें भोजन चबाने की प्रक्रिया का दबाव भी नहीं झेल पातीं।
- आरसीटी के बाद दांत में लगातार बेचैनी या सेंसिटिविटी, खासकर कुछ काटते या चबाते समय, महसूस हो या लगे कि स्ट्रक्चरल सपोर्ट सही नहीं है या टेंपररी रेस्टोरेशन में कोई दिक्कत है या टेंपररी फिलिंग या क्राउन ढीला हो जाए या निकल जाए या ट्रीटमेंट किए गए दांत के रूप-रंग में बदलाव दिखने लगे, तो डॉक्टर यह प्रोसीजर कर सकते हैं।



### क्या होता है इस प्रक्रिया में

पोस्ट एंड कोर की यह प्रक्रिया आरसीटी के कई हफ्तों बाद की जाती है, ताकि ट्रीटमेंट के बाद दांत को ठीक होने का पर्याप्त समय मिल सके। इसकी आवश्यकता किसी मरीज को है या नहीं, यह भी चिकित्सक आरसीटी के बाद तय करते हैं।

इस प्रक्रिया के दौरान रूट कैनाल फिलिंग मैटीरियल के एक हिस्से को सावधानी से हटाया जाता है ताकि पोस्ट के लिए जगह बन सके, साथ ही जड़ के सिरे पर सही सील बनी रहे। इसके बाद पोस्ट को या तो सीमेंट से अपनी जगह पर लगाया जाता है या कुछ मामलों में, कोर स्ट्रक्चर के हिस्से के तौर पर कास्ट किया जाता है। पोस्ट के चारों ओर कोर मैटीरियल लगाकर दांत के खोए हुए हिस्से को फिर से बनाया जाता है, ताकि फाइनल क्राउन को सहारा देने के लिए सही आकार और बनावट तैयार कर सकें। पोस्ट एंड कोर के लिए कई जगह कंपोजिट कोर के साथ फाइबर ग्लास पोस्ट या पारंपरिक कास्ट मेटल पोस्ट और कोर का भी प्रयोग करते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

आरसीटी के बाद जरूरी इलाज में देरी से समस्या बढ़ सकती है, क्योंकि बिना सुरक्षा वाले दांतों के टूटने या उनमें दोबारा इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जरूरी है कि मरीज आरसीटी के बाद रेग्युलर फॉलोअप कराते रहें। *

प्रस्तुतिः सुषमाश्री



*नई दिल्ली। देश में स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जो शिक्षा मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (यूडीआईएसई+) 2025-26 में सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो शैक्षणिक वर्षों में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में लगभग 86 लाख की कमी आई है। वहीं, इसी अवधि में निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में 88 लाख से अधिक नए छात्रों का नामांकन दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में छात्रों का झुकाव लगातार निजी स्कूलों की ओर बढ़ रहा है। हालांकि कुल नामांकन में मामूली गिरावट दर्ज की गई है लेकिन ड्रॉपआउट रेट में कमी, शिक्षक संख्या में बढ़ोतरी और माध्यमिक शिक्षा में नामांकन अनुपात में सुधार जैसी सकारात्मक उपलब्धियां भी सामने आई हैं।*

# बड़ा बदलाव, 2 साल में सरकारी स्कूलों से कम हुए 86 लाख छात्र

## यूडीआईएसई की ताजा रिपोर्ट में खुलासा, देश में निजी स्कूलों की ओर बढ़ा छात्रों का रुझान

### सरकारी स्कूलों में 86 लाख छात्रों की कमी

रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 में सरकारी स्कूलों में कुल 12.75 करोड़ छात्र नामांकित थे, जो 2025-26 में घटकर 11.89 करोड़ रह गए। यानी करीब 86 लाख छात्रों की कमी दर्ज की गई। दूसरी तरफ, निजी गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त स्कूलों में छात्रों की संख्या 9 करोड़ से बढ़कर 9.89 करोड़ हो गई। यानी दो वर्षों में 88 लाख से अधिक छात्रों का इजाफा हुआ।

**कुल नामांकन में मामूली गिरावट:** देशभर में फाउंडेशन स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक कुल छात्र नामांकन 24.80 करोड़ (2023-24) से घटकर 24.72 करोड़ (2025-26) रह गया। हालांकि यह गिरावट बहुत मामूली रही है।

### स्कूलों की संख्या घटी, शिक्षक बढ़े

रिपोर्ट के अनुसार देश में स्कूलों की कुल संख्या 14.72 लाख से घटकर 14.67 लाख हो गई। वहीं शिक्षकों की संख्या पहली बार 1 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। वर्ष 2025-26 में देश में कुल 1,02,73,020 शिक्षक दर्ज किए गए हैं, जिसके चलते पीपल्स टीचर रेशियो (**PTR**) भी 25:1 से सुधरकर 24:1 हो गया।




**सिंगल टीचर स्कूलों में कमी :** रिपोर्ट के मुताबिक, जीरो एनरोलमेंट वाले स्कूल 12,954 से घटकर 5,663 रह गए हैं, जबकि सिंगल टीचर स्कूलों की संख्या 1.11 लाख से घटकर 1.01 लाख हो गई है। इस बड़े बदलाव को यह स्कूल शिक्षा व्यवस्था में सुधार का संकेत माना जा रहा है।

### ड्रॉपआउट रेट में लगातार सुधार

यूडीआईएसई+ रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न स्तरों पर स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में कमी आई है, जिसमें प्रिपरेटरी स्तर पर ड्रॉपआउट रेट 2.3% से घटकर 1.8% हुआ है, तो सेकेंडरी स्तर पर ड्रॉपआउट रेट 8.2% से घटकर 7% रह गया है। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं और छात्र हित कार्यक्रमों का असर अब दिखाई देने लगा है।

### रिटेंशन रेट में सुधार

रिपोर्ट के अनुसार माध्यमिक स्तर तक छात्रों को स्कूल में बनाए रखने की स्थिति बेहतर हुई है, जिसमें मिडिल स्तर पर रिटेंशन रेट 82.8% से बढ़कर 83.7% हुआ है, तो सेकेंडरी स्तर रिटेंशन रेट 47.2% से बढ़कर 51.9% पहुंच गया है। हालांकि फाउंडेशन और प्रिपरेटरी स्तर पर इसमें हल्की गिरावट दर्ज की गई है।

### सेकेंडरी जीईआर बढ़कर हुआ 71.7%

माध्यमिक स्तर पर ग्रोस एलरोलमेंट रेशियो (जीईआर) भी बेहतर हुआ है, जो 68.5% से बढ़कर 71.7% पहुंच गया है। यह बढ़त दर्शाती है कि पहले की तुलना में अधिक छात्र माध्यमिक शिक्षा तक पहुंच रहे हैं।

### पहली बार 1.02 करोड़ से अधिक शिक्षक

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025-26 में देश में पहली बार स्कूल शिक्षकों की संख्या 1.02 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसके बारे में शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि इससे छात्र-शिक्षक अनुपात बेहतर होगा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा और राज्यों के बीच शिक्षकों की उपलब्धता में असमानता कम होगी।

### यह है यूडीआईएसई

यूडीआईएसई+ यानी यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस शिक्षा मंत्रालय का आधिकारिक डेटा प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से देशभर के स्कूलों में छात्रों की संख्या, शिक्षकों, बुनियादी सुविधाओं और अन्य शिक्षा संबंधी आंकड़ों का संग्रह और विश्लेषण किया जाता है। यह रिपोर्ट 31 मार्च 2026 तक स्कूलों द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों पर आधारित है।

## खबर संक्षेप

### नीट पेपर लीक : 11 तक बढ़ी आरोपियों की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नीट यूजी 2026



पेपर लीक मामले के आरोपी पी.वी. कुलकर्णी और शिवराज मोटेगांवकर की न्यायिक हिरासत 11 जुलाई तक बढ़ा दी। सीबीआई के मुताबिक, लातूर के रिटायर्ड केमिस्ट्री प्रोफेसर पी.वी. कुलकर्णी इस मामले के मास्टरमाइंड हैं। एजेंसी का दावा है कि वे कई सालों तक नीट के प्रश्नपत्र तैयार करने वाले पैनल का हिस्सा रहे और एनटीए की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल कर पुणे की स्पेशल कोचिंग क्लासों के जरिए पेपर लीक कराया।

### लातूर में स्कूल बस पलटी, 22 छात्र घायल

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में बुधवार सुबह एक निजी स्कूल बस सड़क किनारे बने छोटे नाले में पलट गई। हादसे में 22 छात्र घायल हो गए, जिनमें एक छात्र की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के अनुसार, बस में करीब 35 छात्र सवार थे और यह उन्हें स्कूल लेकर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह करीब 9:30 बजे चाकूर तहसील के सांडोल-महांडोल रोड पर हुआ। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर विद्यालय, राचन्नावाड़ी की बस स्कूल जा रही थी। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन सड़क से उतरकर नाले में पलट गया।

### चीन भूस्खलन : 21 हुई मरने वालों की संख्या

**बीजिंग।** उत्तर-पश्चिमी चीन में हुए भूस्खलन में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। सरकारी मीडिया ने घटनास्थल पर बचाव अभियान पूरा होने के बाद बुधवार को यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, मंगलवार सुबह सात बजे से कुछ समय पहले गांसू प्रांत के लोंगनान शहर की नानहे टाउनशिप में भूस्खलन हुआ था और 33 लोग मलबे में दब गए थे जिनमें से 21 लोगों की मौत हो गई। सरकारी प्रसारणकर्ता 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' (सीसीटीवी) की खबर में बताया गया कि बुधवार सुबह तक मलबे में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया।

## अयोध्या राम मंदिर में दान चोरी पर मचा है देशभर में बवाल

# एसआईटी ने अविनाश को बनाया मुख्य आरोपी
# कांग्रेस ने कहा, चंपत हो तत्काल गिरफ्तार

अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रहे विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) की शुरुआती रिपोर्ट में अविनाश शुक्ला को मुख्य आरोपी बताया गया है। इधर, कांग्रेस ने चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ट्रस्ट के सदस्यों का चयन करने में अपनी 'गलती' के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

एजेंसी ▶▶| अयोध्या (उप्र)

अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तीन सदस्यों वाली एसआईटी के अंतरिम नतीजों पर सोमवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक में चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर में भक्तों के चढ़ावे की गिनती करने के काम में शामिल अविनाश शुक्ला के खिलाफ एसआईटी को सबसे मजबूत सुबूत मिले हैं, लिहाजा उसे इस मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कथित चोरी का पूरा प्रकरण शुक्ला के इर्द-गिर्द केंद्रित था और उसकी निशानदेही पर ही जांचकर्ताओं को पांच अन्य आरोपियों की पहचान करने और मंदिर के दान राशि गणना कक्ष के अंदर संदिग्ध काम करने के तरीके को समझने में मदद मिली।




**जांच का केंद्र होगा अविनाश :** सूत्रों ने बताया कि 23 जून को प्रदेश के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद को सौंपी गई नौ पेज की रिपोर्ट में 30 वर्षीय अविनाश शुक्ला को जांच का केंद्र बताया गया है। उन्होंने कहा कि एसआईटी ने प्रथम दृष्ट्या लगभग 40 दिनों के दौरान मंदिर के दान राशि गणना कक्ष से कथित चोरी के लगभग 70 मामलों की पहचान की है।

### पुलिस रिमांड पर लिये गये तीन आरोपी

अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया। विशेष अदालतके आदेश के अनुसार रिमांड की यह अवधि बुधवार सुबह सात बजे शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान सामने आए नए सुबूतों के बारे में आरोपियों से पूछताछ की जाएगी और पुलिस उन जगहों पर तलाशी भी ले सकती है जिनकी आरोपियों ने निशानदेही की है ताकि चोरी की गयी नकदी और अन्य सामान बरामद किया जा सके।

### भंग हो ट्रस्ट, गिरफ्तार हो चंपत : कांग्रेस

कांग्रेस ने अयोध्या स्थित राम मंदिर से चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में मंगलवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ट्रस्ट के सदस्यों का चयन करने में अपनी 'गलती' के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह गोहिल ने मांग फिर दोहराई कि इस पूरे मामले की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा, 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल भंग किया जाए और उसकी जगह नया ट्रस्ट गठित किया जाए, जिसमें कौन लोग शामिल होंगे, उस बारे में सभी शंकराचार्य जी, उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश, निर्मोही अखाड़ा के प्रतिनिधि तथा साधु-संत मिलकर तय करें।

### नया खुलासा, ट्रस्ट की फर्जी रसीद दे श्रद्धालुओं से करते थे वसूली




राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच चल रही है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच एक और जानकारी सामने आई है। आरोपियों की निशानदेही पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के नाम पर बनाई गई पुरानी फर्जी चंदा रसीद बुक बरामद हुई है। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे केवल दान की चोरी ही नहीं करते थे, बल्कि फर्जी रसीद काटकर श्रद्धालुओं से पैसे भी वसूलते थे। आरोपियों के पास से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की पुरानी फर्जी रसीद बुक भी बरामद की गई है। शुरुआती दौर में टिन्नू यादव, लव कुश, करुणेश, अनुकल्प समेत अन्य गिरफ्तार आरोपी दान देने वाले श्रद्धालुओं को रसीद के रूप में यही फर्जी पर्ची देते थे, ताकि किसी को संदेह न हो। फर्जी रसीद पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का लोगो भी छपवाया गया था।

## निज्जर मामले में खुली पूर्व पीएम की पोल

# झूठे थे भारत पर ट्रूडो के आरोप कनाडा पुलिस की 'क्लीन चिट'

एजेंसी ▶▶| ओटावा

लगभग तीन साल पहले कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था। लेकिन अब कनाडा की पुलिस का कहना है कि हमारी जांच में निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारियों की संलिप्तता के कोई सबूत नहीं मिले हैं। यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका ने निज्जर हत्याकांड में भारतीय मूल के गैंगस्टर्स के खिलाफ आरोप तय किए हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) का यह बयान ट्रूडो सरकार के उस पुराने रुख से बिल्कुल अलग है, जिसने भारत और कनाडा के बीच दशकों का सबसे गंभीर कूटनीतिक संकट खड़ा कर दिया था। ट्रूडो के आरोपों को भारत ने शुरू से ही बेतुका और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया था। इन आरोपों के बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था, द्विपक्षीय वार्ताएं ठप हो गई थीं और रिश्तों में गहरी तल्खी आ गई थी।



### भारत ने किया है आतंकी घोषित

भारत ने लगातार इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि कनाडा ने अपने दावों के समर्थन में कोई ठोस या विश्वसनीय सबूत साझा नहीं किया। बता दें कि कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर को भारत ने 2020 में आतंकवादी घोषित किया था। वह प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का प्रमुख था। जून 2023 में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सर्रे शहर में एक गुरुद्वारे की पार्किंग में दो नकाबपोश हमलावरों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। जस्टिन ट्रूडो के पद छोड़ने और मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत और कनाडा ने वर्षों की कड़वाहट के बाद अपने संबंधों को फिर से सामान्य बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।


### नहीं मिला कोई सबूत

आरसीएमपी की डिप्टी कमिश्नर लिसा मोरलैंड ने स्पष्ट किया कि इस मामले में जांच अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध सिंडिकेट की इस जांच और अब तक लगाए गए आरोपों के आधार पर ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे यह कहा जा सके कि भारतीय सरकार के अधिकारी इस मामले में शामिल थे या उनके खिलाफ आरोप लगाए जाएंगे। अब तक ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है जो भारतीय सरकार को इस मामले से जोड़ती हो। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियों और जब्ती की कार्रवाई के आधार पर जांच आगे बढ़ रही है। मोरलैंड ने कहा कि भारतीय सरकार इस जांच में सहयोग कर रही थी।

## अरब सागर में सर्च ऑपरेशन जारी

**नेविगेशन सिस्टम में खराबी आई, 5 क्रू मेंबर सवार थे**

# पाकिस्तान का कार्गो प्लेन कराची के पास 'गायब'




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का एक कार्गो प्लेन मंगलवार को बीच हवा में गायब हो गया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह से पाकिस्तान के कराची जा रहे इस कार्गो प्लेन में पांच क्रू मेंबर सवार थे। विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया था, जिसके बाद पाकिस्तान ने बड़े स्तर पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि विमान अरब सागर में क्रैश हो गया है। पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी (पीएए) के मुताबिक, कार्गो कंपनी के2 एयरवेज का यह बोइंग कार्गो विमान शारजाह से कराची जा रहा था। उड़ान के दौरान क्रू ने विमान के नेविगेशन सिस्टम में तकनीकी खराबी की जानकारी दी थी। इसके कुछ समय बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल से प्लेन का कॉन्टैक्ट पूरी तरह टूट गया। इस कार्गो प्लेन में 5 लोग सवार थे।

### सामान्य नहीं थी विमान की उड़ान

पीएए ने बताया कि रडार से मिले शुरुआती आंकड़ों में विमान की उड़ान सामान्य नहीं दिखी। रात 9:21 बजे (पाकिस्तान समय) विमान तेजी से नीचे आता दिखाई दिया और उसकी दिशा भी तेजी से बदलती नजर आई। इसके बाद कराची से करीब 155 समुद्री मील पश्चिम में प्लेन से कॉन्टैक्ट पूरी तरह खत्म हो गया।

### तेजी से नीचे की ओर आ रहा था विमान

फ्लाइट ट्रैकिंग साइट फ्लाइटराडार24 के डेटा के मुताबिक, विमान ने आखिरी समय में पहले तेजी से ऊंचाई खोई, फिर कुछ देर के लिए ऊपर चढ़ा, लेकिन इसके बाद दोबारा अचानक बहुत तेजी से नीचे आने लगा। इस अजीब पैटर्न के बाद विमान रडार से गायब हो गया।

### अमरनाथ यात्रा के लिए एक दिन में रिकॉर्ड

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से रिकॉर्ड 9,837 श्रद्धालु रवाना हुए। यह इस साल अब तक का सबसे बड़ा एक दिन का जत्था है। श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा के बीच 361 वाहनों के काफिले में पहलगाम और बालटाल बेस कैंप के लिए निकले। अधिकारियों के मुताबिक, 188 वाहनों में सवार 5,337 श्रद्धालु पारंपरिक पहलगाम मार्ग से रवाना हुए। वहीं, 173 वाहनों में 4,500 श्रद्धालु छोटे बालटाल मार्ग के लिए निकले। इस जत्थे में 6,684 पुरुष, 2,730 महिलाएं, 21 बच्चे, 320 साधु, 80 साध्वियां और 2 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु शामिल हैं। 57 दिन की अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई है। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी। पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

**गुमराह करने के आरोप के बाद एफएसएसएआई का बड़ा एक्शन**

# 3 दिग्गज कंपनियों को भ्रामक दावा करने पर मिला नोटिस




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाने-पीने की चीजों में भ्रामक दावों और गलत लेबलिंग को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने बड़ा एक्शन लिया है। एफएसएसएआई ने देश की तीन बड़ी कंपनियों— लॉटी इंडिया कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, कुबेरा फूड्स और फर्नस एन पेटाल्स प्राइवेट लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन कंपनियों पर पैकेज्ड फूड पर गलत और गुमराह करने वाले दावे करने का आरोप है।

**7 दिनों में मांगा जवाब :** एफएसएसएआई ने तीनों कंपनियों को इस लापरवाही पर 7 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने का कड़ा निर्देश दिया है। प्राधिकरण का साफ कहना है कि यदि तय सीमा में कंपनियों की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो उनके खिलाफ **FSS Act**, 2006 के सख्त प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### किस कंपनी पर क्या आरोप

लॉटी इंडिया : कंपनी पर '100% वेजेटेरियन' जैसे भ्रामक दावे करने, गलत लेबल लगाने और पोषण संबंधी पूरी जानकारी न देने का आरोप है। इसके अलावा कंपनी ने नियमों के मुताबिक जरूरी डिस्क्लेमर भी नहीं दिए थे।

**कुबेरा फूड्स :** इसके 'साफ्ट एंड फ्रेश क्रीम बन पाइनेप्पल' पर '100% नेचुरल' और 'नो प्रीजर्वेटिव, कलर्स एंड फ्लेवर्स' जैसे बड़े-बड़े दावे किए गए थे। हालांकि, जांच में पाया गया कि इस उत्पाद में प्रिज़र्वेटिव, सिंथेटिक कलर और फ्लेवर मौजूद हैं, जो सीधे तौर पर ग्राहकों को धोखा देने जैसा है।

**फर्नस एन पेटल्स:** कंपनी के 'रोस्टेड एलमंड चाकलेट' में हाइड्रोजेनेटेड वेजिटेबल फैट का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन इसकी अनिवार्य घोषणा पैकेट पर नहीं की गई। साथ ही आरडीए और बादाम की सटीक मात्रा जैसी अहम जानकारियां भी गायब थीं।

## चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज कंटेंट विवाद पर मेटा की सफाई, विस्तृत ब्लॉग जारी

**सरकार ने सीएसईएएम से जुड़े विज्ञापनों की खबरों के बाद भेजा था नोटिस**

# बच्चों के शोषण के लिए हमारे एप्स पर कोई जगह नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेटा ने को एक विस्तृत ब्लॉग जारी करके बताया कि वह अपने प्लेटफॉर्म पर बच्चों के यौन शोषण और उत्पीड़न से जुड़े कंटेंट के खिलाफ क्या कार्रवाई कर रही है? कंपनी का यह ब्लॉग ऐसे समय आया है, जब केंद्र सरकार ने इंस्टाग्राम पर चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉयटेटिव एंड एब्यूज मटेरियल (सीएसईएएम) से जुड़े विज्ञापनों की खबरों के बाद मेटा को नोटिस भेजा। मेटा ने ब्लॉग में कहा कि बच्चों का यौन शोषण बेहद गंभीर अपराध है और कंपनी हर दिन अपने प्लेटफॉर्म पर ऐसे कंटेंट के खिलाफ कार्रवाई करती है। कंपनी ने कहा कि उसे भारत में इंस्टाग्राम विज्ञापनों को लेकर आई हालिया खबरों की जानकारी है। अगर कोई विज्ञापन या कंटेंट उसकी नीतियों का उल्लंघन करता है तो उसे प्लेटफॉर्म पर जगह नहीं दी जाती।

### आरोपों को किया खारिज

मेटा ने उन आरोपों को भी गलत बताया, जिनमें कहा गया था कि कंपनी जानबूझकर बच्चों से जुड़े विज्ञापन ऐसे लोगों को दिखाती है जिनकी बच्चों में गलत रुचि हो। कंपनी का कहना है कि उसके सिस्टम ने कई नियम तोड़ने वाले विज्ञापनों और उनसे जुड़े अकाउंट्स को पहले ही पकड़ लिया था। बाद में जांच के दौरान और विज्ञापन हटाए गए कई अकाउंट बंद किए गए और आपत्तिजनक कंटेंट से जुड़े यूआरएल भी ब्लॉक किए गए।




**आंकड़ों में मेटा की कार्रवाई :** मेटा ने दावा किया कि पिछले एक साल में उसने दुनिया भर में फेसबुक और इंस्टाग्राम से 40 लाख से ज्यादा संदिग्ध अकाउंट हटाए। इसके अलावा बच्चों के यौन शोषण से जुड़े 3.60 करोड़ से ज्यादा कंटेंट भी हटाए गए। भारत के बारे में कंपनी ने कहा कि पिछले छह महीने में एआई टूल्स की मदद से 1.60 लाख ऐसे अकाउंट हटाए गए, जो बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी संदिग्ध गतिविधियों वाले लिंक शेयर कर रहे थे। कंपनी के मुताबिक अक्टूबर से दिसंबर 2025 के बीच फेसबुक और इंस्टाग्राम से बच्चों के यौन शोषण से जुड़े 1 करोड़ 30 लाख कंटेंट हटाए गए। इनमें से 96 फीसदी से ज्यादा कंटेंट को किसी यूजर की शिकायत आने से पहले ही कंपनी ने खुद पहचानकर हटा दिया।

### कानूनी एजेंसियों को भी भेजी जाती है जानकारी

मेटा ने कहा कि जब भी उसे बच्चों के यौन शोषण से जुड़ा मामला मिलता है तो वह इसकी जानकारी अमेरिका की संस्था एनसीएमईसी को देती है। भारत में यह जानकारी एनसीएमईसी के जरिए राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल तक पहुंचती है। कंपनी के मुताबिक, 2025 के अंत तक इस प्रोग्राम के जरिए 20 लाख से ज्यादा सिग्नल साझा किए गए, जिनसे 3 लाख 50 हजार से ज्यादा कार्रवाई हुई।

### क्या है मामला?

पूरा विवाद एक मीडिया रिपोर्ट के बाद शुरू हुआ। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि इंस्टाग्राम पर ऐसे पेड विज्ञापन चल रहे थे, जो बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा दे रहे थे और यूजर्स को दूसरे प्लेटफॉर्म पर भेज रहे थे। इसके बाद सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 4 जुलाई को मेटा को नोटिस जारी कर सीएसईएएम से जुड़े सभी विज्ञापन और कंटेंट तुरंत हटाने का आदेश दिया था। साथ ही, कंपनी से 7 दिन के भीतर विस्तृत जवाब भी मांगा गया।

### नजफ लाया गया दिवंगत नेता खेमेनेई का पार्थिव शरीर

**नजफ (इराक)।** अमेरिका और इजराइल के हमले में मारे गए ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का जनाजा बुधवार को इराक के नजफ शहर में हजारों शोकाकुल लोगों की मौजूदगी में उठाया गया। ईरान में खामेनेई के कई दिन तक चलने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को हुई थी। इसके मद्देनजर प्राधिकारियों ने तेहरान में सड़कों, हवाई क्षेत्र और दैनिक गतिविधियों को बंद कर दिया था। खामेनेई का पार्थिव शरीर बाद में नजफ से कर्बला ले जाया जाएगा और फिर ईरान वापस लाया जाएगा। खामेनेई का पार्थिव शरीर मंगलवार को इराक के उस शहर में लाया गया जिसे दुनिया भर के लाखों शिया मुसलमानों के लिए सबसे पवित्र शहरों में से एक माना जाता है।



# रागी फसल प्रदर्शन में फर्जीवाड़ा, जिन किसानों को न बीज मिला न लगाई फसल, उनके नाम भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत रायपुर जिले में रागी फसल प्रदर्शन के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा

रायपुर जिले के गोबरा नवापारा तहसील क्षेत्र में चना बीज घोटाला मामले के बाद अब रागी फसल प्रदर्शन में फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया है। रागी की फसल को बढ़ावा देने के लिए, कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत जिले में पिछले वर्ष लगभग 157 हेक्टेयर में रागी की फसल उत्पादन किए जाने का दावा किया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई है। इस रिपोर्ट में 186 किसानों के नाम हैं, जिन्हें बीज वितरण कर उनके खेतों में रागी फसल लगाए जाने का उल्लेख है। हरिभूमि ने जब इस रिपोर्ट के आधार पर सूची में शामिल रागी की फसल लगाने वाले कई किसानों से बातचीत की, तो पता चला कि उनमें कईयों को रागी का बीज ही उपलब्ध नहीं कराया गया है, वहीं कुछ किसानों का कहना है कि फसल लगाने के लिए विभाग के अधिकारियों ने संपर्क साधा था, लेकिन रागी की खेती के अनुकूल कृषि भूमि नहीं होने के कारण फसल लगाई नहीं, इसलिए बीज भी लिया नहीं। इससे पता चलता है कि फसल प्रदर्शन की जो सूची बनाई गई है, उसमें कहीं न कहीं बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है। इधर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फर्जी किसानों के नाम सूची में शामिल होने संबंधी कोई शिकायत या जानकारी नहीं मिली है।

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में 6 जुलाई को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी दिशा समिति की बैठक हुई थी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में कृषि विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में रागी सहित अन्य फसलों को लेकर एक रिपोर्ट पेश की गई।

इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत चयनित 186 किसानों को 157.8 हेक्टेयर में निःशुल्क रागी का बीज वितरण एवं फसल प्रदर्शन उत्पादन की जानकारी दी गई है। इस तरह रिपोर्ट में इस योजना के तहत 186 किसान को लाभांवित होना बताया है।

विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 157.8 हेक्टेयर रागी फसल प्रदर्शन के लिए, 186 किसानों का चयन किया था। इनमें धरसींवा में 52, आरंग में 41, तिल्दा में 46 एवं अभनपुर विकासखंड क्षेत्र में 47 किसानों के नाम शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार इन किसानों ने न्यूनतम 0.20 हेक्टेयर से लेकर अधिकतम 2.00 हेक्टेयर तक रागी की फसलें लगाई थीं।

### कोई शिकायत नहीं मिली

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा रागी फसल प्रदर्शन के लिए किसानों का चयन, बीज वितरण एवं फसल प्रदर्शन की रिपोर्ट बनाई जाती है। इसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली है।

**- सतीश अवस्थी**, उप संचालक, कृषि विभाग

### जांच की मांग की जाएगी

रागी की फसल प्रदर्शन में किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा हुआ है, तो इसकी जांच की मांग की जाएगी।

**- स्वाति वर्मा**, सदस्य, जिला पंचायत रायपुर

**केसः1-** तिल्दा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखना निवासी तोरणलाल साहू ने बताया कि पिछले वर्ष रागी की फसल का उत्पादन नहीं किया है, क्योंकि उन्हें रागी का बीज ही नहीं मिला था। उसने सिर्फ धान की फसल लगाई थी। सूची में उसका नाम कैसे है, इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है।

**केसः2-** ग्राम पर्सवानी तिल्दा निवासी दशरथलाल निषाद ने बताया कि उसके गांव में रागी फसल का उत्पादन कोई नहीं करता। उनके गांव की कृषि भूमि रागी की फसल के अनुकूल नहीं है। रागी फसल के लिए पिछले वर्ष विभाग के अधिकारियों ने संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया।

**केसः3-** ग्राम पचदेवरी तिल्दा निवासी बालचंद निषाद ने बताया कि पिछले वर्ष 2025 में उसने रागी की फसल नहीं लगाई है। उन्होंने सिर्फ धान की फसल लगाई थी।

**केसः4-** सूची में शामिल ग्राम भिभौरी निवासी दगेश कुमार वर्मा से उनके मोबाइल पर संपर्क साधा तो वह बंद मिला।

उल्लेखनीय है कि सूची में शामिल कई किसानों के दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क नहीं हो पा रहा है, क्योंकि वे बंद हैं। जिस तरह से तिल्दा विकासखंड में कई किसानों द्वारा रागी की फसल नहीं लगाने पर भी उनके नाम सूची में शामिल किया है, उसे देखते हुए अन्य विकासखंडों में भी इस तरह का फर्जीवाड़ा होने की आशंका जताई जा रही है।

# एमबीबीएस की 1430 सीट हो चुकी कन्फर्म हरी झंडी की वेटिंग में नई 250 सीट

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

राज्य में एमबीबीएस की 1430 सीट एडमिशन के लिए कन्फर्म हो चुकी है और 250 सीटों को राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। खुलने वाले पांच नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों को 50-50 सीटों के साथ खोलने की तैयारी है। इन कालेजों को मान्यता देने के लिए एनएमसी की टीम निरीक्षण कर चुकी है और मौजूदा सुविधाओं के आधार पर अपना मंथन कर रही है।

तनावभरी स्थिति में नीट की परीक्षा दिलाने वालों को इसका परिणाम घोषित होने का इंतजार है। मेडिकल कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया अगस्त-सितंबर के बीच शुरू हो सकती है। वर्ष 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया में दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 1430 सीटों का मामला होना पक्का हो चुका है। मसला खुलने वाले पांच नए चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित है, जिसे एनएमसी ने अभी मान्यता नहीं दी है। इन कालेजों को 50-50 सीटों के साथ खोलने की तैयारी है। अगर पांचों कालेजों को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद मान्यता देता है, तो राज्य में सीटों की संख्या बढ़कर 1680 हो जाएगी। खोले जाने वाले कबीरधाम चिकित्सा महाविद्यालय की योजना पुरानी है।

दंतेवाड़ा, जांजगीर-चांपा, जशपुर और मनेन्द्रगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों की योजना इस साल ही बनाई गई है। इन कालेजों की एनएमसी निरीक्षण कर चुकी है और उनकी ओर से सुविधाओं और वादों के आधार पर मान्यता मिलने का इंतजार है। एनएमसी ने कहा कि सभी कालेज शिक्षण से संबंधित अपनी तमाम कमियों को 45 दिन के भीतर दूर करें। सभी दस कालेजों में वर्तमान में सबसे बड़ी कमी चिकित्सा शिक्षकों की है। कालेज प्रबंधन संविदा आधार पर इन कमियों को दूर करने की कोशिश कर रहा है। राज्य में पांच प्रायवेट मेडिकल कालेज भी संचालित है, इन कालेजों में एमबीबीएस की नौ सौ सीटें हैं। भारतीय चिकित्सा परिषद सौ सीट की क्षमता वाले कालेज की सीटों को रिनीवल कर चुकी है। जिन चार कालेजों को आने वाले दिनों में मान्यता मिलेगी उनमें दो मेडिकल कालेजों के पास ढाई-ढाई सौ सीटें हैं। राज्य में निजी और शासकीय मेडिकल कालेजों में पिछली बार कुल 2330 सीटें पर एडमिशन दिया गया था।

### तीन नए कालेज को मान्यता प्रबल

पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की 230 सीटों पर एडमिशन दिया गया था। इस 20 सीट बढ़ाने का आवेदन किया गया है। वहीं प्रस्तावित पांच में से तीन कालेजों को मान्यता मिलने की उम्मीद काफी है। इसमें कबीरधाम दंतेवाड़ा और जांजगीर-चांपा को जिला अस्पताल की बदौलत 50-50 सीटों को मान्यता मिलने की संभावना है।

### डिसीजन का इंतजार

एनएमसी प्रस्तावित नए कालेजों का निरीक्षण कर चुकी है, उनके डिसीजन का इंतजार किया जा रहा है। पुराने कालेजों की सीटें रिनीवल की जा चुकी है।

**- रितेश अग्रवाल**, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त\

# संविदा विद्युत कर्मचारियों का आंदोलन समाप्त, डॉ. रमन से चर्चा के बाद लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ पिछले 16 दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन मंगलवार को समाप्त हो गया। संघ के प्रतिनिधि मंडल की छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और पॉवर कंपनी प्रबंधन के साथ हुई चर्चा के बाद सकारात्मक आश्वासन मिलने से संघ ने अपना आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया।

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के आव्हान पर विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी विभाग में समायोजन कर नियमितीकरण करने की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन कर शासन का ध्यान अपने लंबित मांगों की ओर आकर्षित कराया।

मंगलवार को छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष हरी चरण साहू, प्रदेश महामंत्री कमलेश भारद्वाज, संयुक्त महामंत्री योगेश साहू सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत संविदा कर्मचारियों की एक सूत्री मांग को प्रमुखता से रखा। विधान सभा अध्यक्ष ने संघ के प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर शासन एवं कंपनी प्रबंधन स्तर पर प्राथमिकता से विचार कर जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

उन्होंने प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग को दूरभाष के माध्यम से संघ की मांग की समीक्षा कर शीघ्र समाधान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डॉ. रमन सिंह की पहल के बाद संघ ने आंदोलन को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की घोषणा की।

# चार शुभ संयोग में प्रारंभ होगा सावन, आयुष्मान व सौभाग्य योग संग श्रवण नक्षत्र

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

इस साल सावन का शुभारंभ 30 जुलाई से हो रहा है। पंचांग के अनुसार, 29 जुलाई को रात 8 बजकर 5 मिनट से सावन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि शुरू हो रही है और 30 जुलाई को रात 9 बजकर 30 मिनट तक विद्यमान रहेगी। उदयातिथि के अनुसार, सावन कृष्ण प्रतिपदा 30 जुलाई को है। इस बार सावन माह की शुरुआत 4 शुभ संयोग में हो रही है। सावन के पहले दिन आयुष्मान योग, श्रवण नक्षत्र, सौभाग्य योग और गुरुवार व्रत है।

**आयुष्मान योग:** सावन के पहले दिन प्रातःकाल में आयुष्मान योग बन रहा है, जो देर रात 12:05 ए एम तक बना रहेगा। आयुष्मान योग व्यक्ति को उत्तम सेहत, आयु प्रदान करता है। इस शुभ योग में आप शिव पूजा करेंगे तो आपको आरोग्य की प्राप्ति होगी।

**सौभाग्य योग:** सावन कृष्ण प्रतिपदा तिथि में सौभाग्य योग भी बन रहा है, जो 30 जुलाई मध्यरात्रि पश्चात 31 जुलाई की रात्रि 12 बजकर 5 से लेकर देर रात 11 बजकर 54 मिनट तक रहेगा। यह योग सुख और भाग्य में वृद्धि करने वाला है।

गुरुवार व्रतः सावन की शुरूआत गुरुवार दिन से हो रही है। गुरुवार के दिन व्रतधारी भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। सावन में प्रत्येक दिन शिव पूजन होता है। ऐसे में सावन के पहले दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा का उत्तम अवसर है।

**श्रवण नक्षत्रः** सावन कृष्ण प्रतिपदा के दिन श्रवण नक्षत्र है। श्रवण नक्षत्र के स्वामी ग्रह चंद्रमा हैं, वहीं श्रवण नक्षत्र के देवता भगवान विष्णु हैं। यह नक्षत्र मकर राशि में स्थित होता है। ऐसे में इसमें चंद्रमा और शनि की ऊर्जा होती है।

**संपूर्ण माह कर सकते हैं रूद्राभिषेक**

रूद्राभिषेक भगवान शिव की सबसे प्रभावशाली पूजा विधियों में से एक मानी जाती है। मान्यता है कि रूद्राभिषेक करने या कराने से ग्रह दोष शांत होते हैं, जीवन की बाधाएं दूर होती हैं, मानसिक शांति मिलती है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूरे सावन माह में शिव का विशेष वास माना जाता है, इसलिए इस पूरे महीने किसी भी दिन रूद्राभिषेक कराया जा सकता है। हालांकि सावन सोमवार, सावन शिवरात्रि और प्रदोष व्रत की तिथियां विशेष रूप से शुभ मानी जाती हैं।

### इस वर्ष चार सावन सोमवार

3 अगस्त- प्रथम सावन सोमवार
10 अगस्त - द्वितीय सावन सोमवार एवं सोम प्रदोष व्रत
11 अगस्त - सावन शिवरात्रि
17 अगस्त -तृतीय सावन सोमवार एवं नाग पंचमी
24 अगस्त - चतुर्थ सावन सोमवार
25 अगस्त- सावन भौम प्रदोष व्रत
27 अगस्त- सावन पूर्णिमा

# कुशालपुर रामलीला मैदान बना नशेड़ियों का अड्डा

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुशालपुर के ऐतिहासिक रामलीला (दशहरा) मैदान में इन दिनों असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का जमावड़ा इस कदर बढ़ गया है कि आसपास के नागरिकों का जीना दूभर हो चुका है। इस गंभीर समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सदस्य (छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल) एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने पुलिस प्रशासन से तत्काल इस पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। श्री ठाकुर ने बताया कि कुशालपुर का रामलीला मैदान, जो सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र होना चाहिए, वह वर्तमान में नशेड़ियों के संरक्षण स्थल में तब्दील हो चुका है। दिन ढलते ही यहां असामाजिक तत्वों का डेरा जम जाता है। मनोज सिंह ठाकुर ने रायपुर पुलिस और पुरानी बस्ती थाना प्रभारी से मांग की है कि रामलीला मैदान में तत्काल पुलिस की गश्त (पेट्रोलिंग) बढ़ाई जाए। यदि पुलिस प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित एक्शन नहीं लिया और मैदान को नशेड़ियों के चंगुल से मुक्त नहीं कराया तो स्थानीय नागरिकों को साथ लेकर उग्र आंदोलन और थाने का घेराव करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# लूटपाट मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने लूटपाट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चंगोराभाठा बाजार स्थित बाबा चौक के पास 5 जुलाई की शाम करीब साढ़े 7 बजे स्कूटी सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट कर चांदी की चेन एवं मोबाइल लूट ली और फरार हो गए थे। पुलिस ने इस घटना की जांच करते हुए आरोपी रजत सेन उर्फ हर्ष एवं लक्की ध्रुव को गिरफ्तार किया है।

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINIMATA BANGO CANAL DIVISION No. 5, KHARSIA, DISTT- RAIGARH (C.G.)**

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

The tender invited by System No. 190942 Group No. 01 and 190945 Group No. 02 (First Call) under NIT No. 01/SAC/26-27 date 18-05-2026 is cancelled due to single tender and lack of competition.

G-262700845

**EXECUTIVE ENGINEER**
**MINIMATA BANGO CANAL DIVISION NO. 5, KHARSIA**

**जी. 262701959/7**

**DISTRICT PROJECT LIVELIHOOD COLLEGE SOCIETY (DPLCS) DANTEWADA DISTI. DANTEWADA (C.G.)**

Ref. NO/117/DPLCS/ Dantewada Dated 07.07.2026

**Important dates for Tender**

District Project Livelihood College Society (DPLCS), Dantewada, invites pro-proposal for Interior, furniture, Artwork & overall development of Tribal Museum at South Bastar, Dantewada.

Submit your offer for the job as specified. Your offer should be submitted on-line as specified in this tender document and website http//eproc.cgstate.gov.in.

| | | |
|---|---|---|
| **The last date of receipt of tender will be** | :- | 29.07.2026 up to 5:00 PM |
| **The date of opening of tender will be** | :- | 30.07.2026 at 10:00 AM |
| **The date of opening of part-II of the tender (financial bid) will be** | :- | To be intimated separately after completion of technical evaluation |
| **Pre bid M eting Date** | :- | 15.07.2026 at 11:00 AM |

**Principal**
**District Project Livelihood College Society (DPLCS)**
**Livelihood College Campus, Karli Block Geedam,**
**District Dantewada Chhattisgarh - 494441**

**S. 48397**

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
**नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**
**दूरभाष 0771-2331524, फैक्स-0771-2446556**
**वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in**

क्रमांक 125/14/2010/प.गो. रायपुर, दिनांक 07/07/2026

**// आवश्यक सूचना //**

छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन/परिवर्तन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन/परिवर्तन किए जाने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से सुझाव प्राप्त करने हेतु Link अभ्यर्थियों के डैशबोर्ड पर दिनांक 03 जुलाई 2026 से उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे पाठ्यक्रम में संशोधन/परिवर्तन किए जाने के संबंध में अपना सुझाव, सूचना जारी से 01 माह के भीतर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के वेब पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कर अथवा पूर्व में रजिस्टर्ड अभ्यर्थी लॉगिन कर अपना सुझाव "Enter Feedback" बटन पर Click कर प्रस्तुत कर सकते हैं।

**परीक्षा नियंत्रक**
**छ.ग. लोक सेवा आयोग**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

**जी. 262701970/2**

**श्रीमती बिलासा देवी केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार**
**वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रविष्टियां हेतु आवेदन आमंत्रण**

क्रमांक/1029/सं.म./पुरस्कार/2026-27
नवा रायपुर, दिनांक 03/07/2026

**विज्ञप्ति**

छ.ग. शासन द्वारा राज्य में मत्स्य विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मत्स्य पालक / मत्स्य कृषक / सहकारी संस्थाएँ / अशासकीय संगठन को "श्रीमती बिलासा देवी केंवट" मत्स्य विकास पुरस्कार के रूप में रूपये एक लाख दिये जाने की व्यवस्था छ.ग. शासन, कृषि (मछलीपालन) विभाग द्वारा की गई है। उक्त पुरस्कार हेतु आवेदन-पत्र जिला स्तर पर मछलीपालन के कार्यालयों में आमंत्रित है।

पुरस्कार प्राप्त करने हेतु मत्स्य विकास प्रगति कार्यावधि 1 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 होगी।

आवेदन प्रस्तुत करने का अंतिम तिथि - 31.08.2026

पुरस्कार प्राप्त करने का मापदंड एवं शर्तें मछलीपालन विभाग की वेबसाईट http://agriportal.cg.nic.in/fisheries/Fish Hi/ पर देखी जा सकती है।

**संचालक**
**मछलीपालन छत्तीसगढ़**

**जी. 262701960/2**

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सूरजपुर (छ.ग.)**
**प्रथम तल कक्ष क्र. 16 संयुक्त जिला कार्यालय भवन सूरजपुर**
**दूरभाष 07775-266125, फैक्स-07775-266125, 07775-266155,**
**Email: surajpur.election@gmail.com, deo-surajpur.cg@nic.in**

**संक्षिप्त निविदा**

सूरजपुर, दिनांक 08/07/2026

क्रमांक/351/सामा.निर्वा./भण्डार/निविदा/2026-27 :: भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सूरजपुर जिले के अंतर्गत तीनों विधानसभा क्षेत्र जो क्रमशः 04 प्रेमनगर, 05 भटगांव एवं 06 प्रतापपुर के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के मुद्रण कार्य हेतु इच्छुक योग्य फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रारुप एवं निविदा शर्तें कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सूरजपुर से प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक निविदाकार शुल्क रु. 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) कार्यालय में नगद जमा कर तथा सूरजपुर जिले की वेबसाइट https://surajpur.nic.in से भी अवलोकन कर सकते हैं। निविदा शुल्क रसीद के अभाव में निविदा अमान्य किया जावेगा। निविदा प्रस्तुत करने का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निविदा जारी करने की तिथि | दिनांक 08.07.2026 (बुधवार) |
| 2 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 28.07.2026 (मंगलवार) समय दोपहर 02:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28.07.2026 (मंगलवार) समय सायं 04:00 बजे से |

(कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महो. द्वारा अनुमोदित)

**उप जिला निर्वाचन अधिकारी**
**जिला-सूरजपुर छ.ग.**

**जी-262701986/3**

**विमानन संचालनालय केपिटल कॉम्प्लेक्स महानदी भवन, मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 452/विमा./संचा./2026 नवा रायपुर, दिनांक 07/07/2026

**संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

विमानन संचालनालय, नवा रायपुर अंतर्गत निम्नांकित पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। पद का विवरण निम्नानुसार है:-

1. Q.M. (Compliance Monitoring Manager) (अनारक्षित मुक्त 01)- 1,11,188/- एकमुश्त मासिक संविदा वेतन
2. Continuing Airworthiness Manager (CAM) / CAMO मैनेजर (अनारक्षित मुक्त 01)-73,253/- एकमुश्त मासिक संविदा वेतन
3. सीनियर मैकेनिक (विमान) (अनारक्षित मुक्त 01)-61,480/- एकमुश्त मासिक संविदा वेतन

उपरोक्त पद के लिए शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं विस्तृत जानकारी शासन के वेबसाईट http://cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र दिनांक 24.07.2026, शाम 5:00 बजे तक संचालक, विमानन संचालनालय, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर (AD3-9) के पते पर रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट अथवा ई-मेल (directoraviation1@gmail.com) के द्वारा प्रेषित कर सकते है। साक्षात्कार की तिथि के संबंध में पृथक से सूचित किया जावेगा।

**कृते संचालक**
**विमानन संचालनालय**
**मंत्रालय, नवा रायपुर (छ.ग.)**

जी-262701968/2

**Directorate of Urban Administration & Development Technical Cell, Indravati Bhawan, Nava Raipur (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**Notice Inviting Tender - (5th Call)**
NIT No:-/TC/UAD/2026-27/504911
Raipur Dated:- 06/07/2026

| SN | System Tender No. | Name of Work/Description of Work |
|---|---|---|
| 1 | 194933 | Establishment and Operation of Water Testing Laboratory for Centralized State Level. (5th Call) |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http:// eproc.cgstate.gov.in 08.07.2026 Time 17.30 Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission is 20.07.2026, Up to 17:30 Hours. Physical envelope containing original FDR and affidavit shall reach to this office on or before 22.07.2026, 16:30 Hours by speed post only.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**Chief Engineer**
**Urban Administration &**
**Development Nava Raipur**

G-262701957/3

**OFFICE OF THE DIRECTOR STATE FOREST RESEARCH & TRAINING INSTITUTE**
**Zero Point, Baloda Bazar Road, Raipur (C.G.) Phone & Fax: 0771-2285121, 2285125 Email: directorsfrti@gmail.com**

File No./PROJ/1666/2026-SFRTI SECTION
रायपुर, दिनांक : ई-हस्ताक्षरानुसार

**Advertisement for the Post of Research Fellow**

Applications are invited from eligible and motivated Indian nationals for the recruitment of Senior Research Fellow (SRF) and Junior Research Fellow (JRF) positions on a purely contractual/temporary basis. These positions are for the research project funded and sponsored by South Eastern Coalfields Limited (SECL), being implemented at the State Forest Research & Training Institute (SFRTI), Raipur, Chhattisgarh.

| S. No. | Name of the temporary Position | No. of post | Emoluments (Fixed) per month | Essential Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Senior Research Fellow (SRF) Bio diversity & Wildlife Management | 01 | Rs. 35000/- | Essential: First class M.Sc in Forestry/Forestry, Wildlife & Environmental Sciences Botany Zoology / Wildlife Science with NET qualification and Two years of Research experience |
| 2 | Junior Research Fellow (JRF) Bio diversity & Wildlife Management | 01 | Rs. 31000/- | Essential: First class M.Sc in Forestry / Forestry, Wildlife & Environmental Sciences Botany Zoology / Wildlife Science with One years of Research experience will be preferred |

LAST DATE FOR RECEIPT OF APPLICATIONS: 20/07/2026 by 5:30 PM. Applications received after the deadline will be summarily rejected. The details of number of posts, job profile, qualification and other information, or any other clarification may be obtained from the website www.forest.cg.gov.in. & www.cgsfrti.com

**PCCF & DIRECTOR**
**STATE FOREST RESEARCH & TRAINING INSTITUTE RAIPUR (C.G.)**

G-262701963/2

# वार्ड एक्शन प्लान पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा- फाइलें धूल खा रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने नगर निगम की विशेष सामान्य सभा में 70 वार्डों की अलग-अलग योजनाएं बनाने के वार्ड एक्शन प्लान पर कहा, चयनित आर्किटेक्ट द्वारा बनाई गई वह फाइलें अधिकारियों के कमरों में धूल खा रही हैं। उनका फाइलों का क्या होगा, वह बातें भूल गए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सदन में बताया कि उन आर्किटेक्ट को आज तक पैसा नहीं मिल पाया, जो 70 वार्डों के विकाश के प्लान बनाने में शामिल थे। इसीलिए वार्ड विकास के खोखले दावे हैं, जो केवल लोकलुभावने साबित हुए, इसमें शहरी सरकार फेल रही। श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व की सामान्य सभा में मैं प्रश्नकाल के दौरान बारिश के समय होने वाले जल भराव की क्या तैयारी क्या है, इस पर प्रश्न किया? सदन में उनको लिखित जवाब मिला था पर ये जवाब खोखला साबित हुआ। उस उत्तर की कापी को नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सदन में फाड़ कर शहरी सरकार के दावों को खोखला कहा।

## पंजाब एंड सिंध बैंक को गिफ्ट सिटी का लाइसेंस

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक को गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में आईएफएससी बैंकिंग इकाई स्थापित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण से लाइसेंस मिल गया है। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। वैश्विक स्तर की अपतटीय बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव है।

# घर का खाना हुआ महंगा, पांच माह के हाई पर शाकाहारी व नॉन-वेज थाली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जून में घर पर बनने वाली शाकाहारी और नॉन-वेज थाली दोनों की लागत पिछले पांच महीनों के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इसकी वजह टमाटर, प्याज, खाद्य तेल, रसोई गैस और ब्रॉयलर चिकन की बढ़ती कीमतें रहीं। यह जानकारी क्रिसिल इंटेलिजेंट की मासिक रोटी राइस रिपोर्ट में दी गई है।

- वजह टमाटर, प्याज, खाद्य तेल व रसोई गैस व ब्रॉयलर चिकन की कीमतें बढ़ी

जून में शाकाहारी थाली की कीमत 28.4 रुपए रही, जो मई में 27.4 रुपए थी। यानी एक महीने में इसमें 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं, जून 2025 के मुकाबले यह 5 प्रतिशत महंगी हो गई। दूसरी ओर, नॉन-वेज थाली की कीमत 58.2 रुपए रही, जो मई में 56.5 रुपए थी। यह मासिक आधार पर 3 प्रतिशत और पिछले साल के मुकाबले 6 प्रतिशत महंगी हुई।

## क्रिसिल इंटेलिजेंट की रोटी प्राइस रेट की रिपोर्ट जारी

### टमाटर ने सबसे ज्यादा बढ़ाया खर्च

रिपोर्ट के मुताबिक, टमाटर की कीमत एक साल में 31 प्रतिशत बढ़कर 42 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। जून 2025 में यह 32 रुपए प्रति किलो थी। फरवरी और मार्च में ज्यादा गर्मी पड़ने की वजह से गर्मियों की फसल की बुआई देर से हुई और उत्पादन भी कम रहा। इसी कारण टमाटर महंगा हुआ।

### टमाटर 17 प्रतिशत महंगा हुआ

मई के मुकाबले जून में टमाटर 17 प्रतिशत, आलू 5 प्रतिशत और प्याज 8 प्रतिशत महंगे हुए। इसी वजह से जून में शाकाहारी थाली की लागत और बढ़ गई। हालांकि, आलू की कीमतों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई। नई रबी फसल आने से इसकी कीमत कम हुई। इससे थाली की लागत में बढ़ोतरी कुछ हद तक सीमित रही।





### एलपीजी की कीमतें 10 प्रतिशत सालाना बढ़ी

वहीं, प्याज की कीमत सालाना आधार पर 2 प्रतिशत बढ़ी, क्योंकि बाजार में महंगे रबी स्टॉक की आवक शुरू हुई। रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य तेल और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी सालाना 10-10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसकी एक वजह पश्चिम एशिया में तनाव के कारण सप्लाई प्रभावित होना भी रही।

### नॉन-वेज थाली क्यों हुई महंगी?



नॉन-वेज थाली की कीमत बढ़ने की सबसे बड़ी वजह ब्रॉयलर चिकन रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉयलर की कीमत सालाना आधार पर करीब 7 प्रतिशत बढ़ी, जबकि महीनेभर में इसमें करीब 2 प्रतिशत की तेजी आई। क्रिसिल के अनुसार, नॉन-वेज थाली की कुल लागत का करीब आधा हिस्सा ब्रॉयलर पर निर्भर करता है। भीषण गर्मी की वजह से सप्लाई कम रही, जिससे चिकन की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली।

## सिबिल के एमडी जैन ने कहा, सकारात्मक कारकों के बावजूद वृद्धि नहीं

# भारत में ऋण गुणवत्ता में सुधार के बावजूद क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम

- बकाया भुगतान में चुक के स्तर में सुधार आने के बावजूद कार्ड की पहुंच कम
- व्यापक ऋण परिवेश में इस उत्पाद का योगदान घटा है

एजेंसी ⏭ मुंबई

ट्रांसयूनियन सिबिल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी भवेश जैन ने बुधवार को कहा कि बकाया भुगतान में चूक (डिलिंक्वेंसी) के स्तर में सुधार जैसे कई सकारात्मक कारकों के बावजूद विकसित ही नहीं बल्कि विकासशील देशों की तुलना में भी भारत में क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम है।

जैन ने कहा कि व्यापक ऋण परिवेश में इस उत्पाद का योगदान घटा है। नए जुड़े ग्राहकों में केवल आठ प्रतिशत ही ऐसे हैं जो पहली बार ऋण प्रणाली से जुड़े हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह अनुपात 26 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि भारत में 5.2 करोड़ लोगों के पास क्रेडिट कार्ड हैं, जो लगभग 25 करोड़ सक्रिय ऋण ग्राहकों की कुल संख्या का केवल 25 प्रतिशत है।

### सबसे अधिक क्रेडिट कार्ड का उपयोग हांगकांग में

एमडी ने कहा कि विकसित और विकासशील देशों में क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले लोगों का अनुपात इससे अधिक है। क्रेडिट सूचना कंपनी द्वारा तैयार एक श्वेतपत्र के अनुसार, यह अनुपात कोलंबिया में 62 प्रतिशत, हांगकांग में 98 प्रतिशत, अमेरिका में 81 प्रतिशत और ब्रिटेन में 70 प्रतिशत है।

## नए जुड़े ग्राहकों में केवल आठ प्रतिशत पहली बार इस प्रणाली से जुड़े




### उपभोक्ताओं की संख्या 5.2 करोड़ हुई

पिछले एक दशक में कई मानकों पर वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान बकाया राशि 8.3 गुना होकर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गई, क्रेडिट कार्ड रखने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 3.6 गुना होकर 5.2 करोड़ हो गई और कार्डों की संख्या 5.1 गुना होकर 10.7 करोड़ रही।

### ग्राहकों के लिए अब कई विकल्प उपलब्ध

श्वेतपत्र में कहा गया कि वर्षों में मुख्य रूप से उपभोग के लिए इस्तेमाल होने वाले क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए प्रमुख असुरक्षित ऋण उत्पाद नहीं रह गए हैं। इसके पीछे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), व्यक्तिगत ऋण आदि जैसे विकल्प उपलब्ध होना है जिनसे इसकी प्रतिस्पर्धा है।

**क्रेडिट कार्ड पर दो प्रतिशत का एमडीआर लगता है :** वर्तमान में प्रत्येक क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर दो प्रतिशत तक का मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाया जाता है। साथ ही, उपयोगकर्ताओं को लेनदेन पर 'रिवॉर्ड प्वाइंट' जैसे लाभ भी मिलते हैं। वर्तमान में उपयोगकर्ता वीजा और मास्टरकार्ड जैसे अन्य नेटवर्क के क्रेडिट कार्ड को यूपीआई ऐप से नहीं जोड़ सकते, जिससे इसका उपयोग सरकार समर्थित रुपे तक सीमित रहता है।

***महामारी के दौरान इसमें जरूर व्यवधान रहा :*** *भौगोलिक दृष्टि से दिलचस्प बात यह है कि अब क्रेडिट कार्ड केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अर्द्ध-शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इन्हें रखने लगे हैं। पोर्टफोलियो गुणवत्ता के दृष्टिकोण से श्वेतपत्र में कहा गया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी संकट के दौरान जरूर कुछ व्यवधान आया था, लेकिन अब वह पीछे छूट चुका है और समग्र गुणवत्ता में सुधार देखा गया है।*

**तीन या उससे अधिक क्रेडिट कार्ड रखने वाले बढ़े:** श्वेतपत्र में कहा गया कि अपने बटुए में तीन या उससे अधिक क्रेडिट कार्ड रखने वाले लोगों का अनुपात एक दशक पहले के 12 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गया है। इसी अवधि में उपभोग ऋण में सक्रिय कार्डों की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत से घटकर 38 प्रतिशत रह गई है। जैन ने कहा कि युवा आबादी के पास क्रेडिट कार्ड होने की संभावना अधिक है।

## फोर्टिस ने एमडी रघुवंशी का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाया

**नई दिल्ली।** फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आशुतोष रघुवंशी को 19 मार्च, 2027 से अगले दो वर्ष के लिए प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में पुनर्नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि रघुवंशी का मौजूदा कार्यकाल प्रबंध निदेशक (प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में नामित) के रूप में 18 मार्च, 2027 को समाप्त हो रहा है।

## अलायंस इंश्योरेंस ने डेढ़ लाख बीमा दावों का किया निपटान

**नई दिल्ली।** अलायंस इंश्योरेंस ब्रोकर्स ने वित्त वर्ष 2025-26 में समूह स्वास्थ्य बीमा के 1.5 लाख से अधिक दावों का निपटान किया। इस दौरान कुल 1,100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने 96 प्रतिशत दावों का निपटान 10 कार्य दिवस के भीतर किया। आश्रितों सहित 58 लाख लोगों को बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। कंपनी ने वित्त वर्ष के दौरान 1,600 करोड़ रुपये के प्रीमियम का प्रबंधन किया। कंपनी ने कहा कि पिछले दो साल में दावों की संख्या में लगभग आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL MANENDRAGARH, DIST. - M.C.B. (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No./ 509/P.W.D./M.C./2026-27/ Dated: 08/07/2026

| System Tender No. | Name of Work/Discription of work | Probable Amount Of Contract | Bid Submission Due Date | Tender Status |
|---|---|---|---|---|
| 194991 | Construction of Additional Room at ward 20 Manendragarh (2nd Call) | 10.00 Lacs | Date 24/07/2026 Time 17.30 Hour | 1st Call |
| 194992 | Construction of Shamudhayik bhawan at ward 01 Manendragarh (2nd Call) | 19.34.00 Lacs | Date 24/07/2026 Time 17.30 Hour | 1st Call |

The Details Can Be Viewed And Downloaded Online Directly From The Government Of Chhattisgarh E Procurement And Urban Administration And Development Department Portal http://eproc.cgstate.gov.in On 03/07/2026 17:30 Hours (IST) On Wards. For More Details On The Tender And Bidding Process You May Please Visit The Above- Mentioned Portal.

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**MUNICIPAL COUNCIL MANENDRAGARH**
**DIST. M.C.B. (C.G.)**

# खाड़ी में तनाव बढ़ने से सोना 800 रुपए टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1.48 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी की कीमतें 2,39,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर


राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई और यह 800 रुपये टूटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

कमजोर वैश्विक रुख और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से निवेशकों की कारोबारी धारणा कमजोर हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 800 रुपये टूटकर 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गया। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रहीं। बाजार सूत्रों ने कहा कि सर्राफा पर दबाव बना रहा क्योंकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी, जिससे अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर में बढ़ोतरी हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही। विदेशी व्यापार में कमजोरी, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ने कीमती धातुओं के प्रति कारोबारी धारणा को कमजोर कर दिया।''

### ट्रंप के शांति समझौता समाप्त करने का असर

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 49.46 डॉलर या 1.2 प्रतिशत टूटकर 4,056.24 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी गिरकर 58.61 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करने लगी। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ अंतरिम शांति समझौते को 'समाप्त' करने की घोषणा के बाद बुधवार को वैश्विक बाजार में हाजिर सोने पर फिर से गिरावट का दबाव बना है।''

## रुपया 59 पैसे टूटकर 95.55 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 59 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.55 (अस्थायी) पर रहा। होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन वाणिज्यिक पोतों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद अमेरिकी सेना ने बुधवार तड़के ईरान के खिलाफ हमले किए। इससे दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने को लेकर हुए अंतरिम समझौते पर खतरा खड़ा हो गया है।

## नैक पैकेजिंग आठ प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** पैकेजिंग समाधान प्रदाता नैक पैकेजिंग लिमिटेड का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने 170 रुपये के निर्गम मूल्य की तुलना में करीब आठ प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। कंपनी का शेयर 186 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य की तुलना में 9.41 प्रतिशत अधिक है। 12.94 प्रतिशत चढ़कर 192 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 7.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 182.70 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर शेयर 188 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

# अब डॉलर नहीं रुपए में फीस भरेंगे विदेशी निवेशक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- सेबी ने डॉलर आधारित व्यवस्था को किया खत्म
- पंजीकरण शुल्क रुपए में तय करने का निर्देश

बाजार नियामक सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए पंजीकरण शुल्क ढांचे में बदलाव करते हुए डॉलर आधारित व्यवस्था को खत्म कर रुपये में शुल्क तय करने का फैसला किया है।

सेबी ने तीन जुलाई को जारी अधिसूचना में कहा कि इस बदलाव को लागू करने के लिए एफपीआई से संबंधित नियमों में संशोधन किया गया है। संशोधित प्रावधान छह महीने बाद प्रभावी होंगे। सेबी ने तीन जुलाई को जारी अधिसूचना के जरिये प्रथम श्रेणी के एफपीआई के लिए पंजीकरण शुल्क को 2,500 डॉलर से संशोधित कर 2.3 लाख रुपये कर दिया। वहीं, द्वितीय श्रेणी के एफपीआई के लिए पंजीकरण शुल्क को 250 डॉलर से संशोधित कर 23,000 रुपये कर दिया गया है। बाजार नियामक ने नियमों के कड़े अनुपालन से सामान्य छूट या रियायत मांगने के लिए आवेदन शुल्क भी 1,000 डॉलर से संशोधित कर पात्र विदेशी मुद्रा के समतुल्य 90,000 रुपये कर दिया है। सेबी ने एफपीआई पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले साझा आवेदन पत्र को भी अद्यतन किया है। नियामक ने 'स्थायी खाता संख्या' (पैन) आवंटन की सुविधा के लिए साझा आवेदन पत्र में आवेदक की जन्म तिथि या कंपनी के गठन की तिथि को शामिल करना अनिवार्य किया है।

### पंजीकरण के पांच दिवस के अंदर विवरण जमा करना होगा

सेबी ने कहा, ''हरेक नामित डिपॉजिटरी प्रतिभागी प्रारंभिक पंजीकरण के मामले में एफपीआई से एकत्रित शुल्क भारतीय रुपये में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक को पंजीकरण प्रमाणपत्र दिए जाने की तिथि से पांच कार्य दिवस के भीतर, समय-समय पर निर्धारित प्रारूप में विवरण के साथ बोर्ड को जमा करेगा।''

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-1710/PUBLICATION/ 3162 Korba West, dtd. 07.07.2026
**TENDER NOTICE No. 354/2026. e-Bidding**

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Bidders for the following Work:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100052665 | Work contract for Providing Expert Technician and assistance to carried out Testing work at 1x500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 8,470/- | 27.07.2026 |
| 2. | RFX No. 8100052807 | Procurement of Protection Shields for BHEL Boiler of 1x500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 14,901/- | 31.07.2026 |

NOTE: - 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website**https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. .2. Quantity as per tender schedule.3.**Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
SUPERINTENDING ENGINEER (C)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् सूरजपुर**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
Phone :- 07775-266355/Fax:- 07775-266956/
Email Id :- nagarpalikasurajpur@gmail.com

क्रमांक /1724/न.पा.प./2026-27 सूरजपुर, दिनांक 7/7/2026

**रूचि की अभिव्यक्ति (E.O.I.) (2nd Call)**

नगरपालिका परिषद् सूरजपुर अधिनस्थ स्विमिंग पूल/तरणताल के संचालन, संधारण एवं प्रबंधन कार्य हेतु अनुभवी एवं पात्र संस्था/फर्म/एजेंसी/ ट्रस्ट / कंपनी / एन.जी.ओ./ स्वयं सहायता समूहों से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 14.07.2026 सायं 3.00 बजे तक दर रूचि की अभिव्यक्ति (E.O.I.) आमंत्रित किया जाता है, जिसकी न्यूनतम राशि 50,000.00 रूपये वार्षिक है। चयनित एजेंसी द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार स्विमिंग पूल का संचालन किया जाएगा। दर सूची के साथ आवेदन शुल्क राशि रूपये 500.00 (पांच सौ रूपये) का डिमान्ड ड्राफ्ट एवं अमचानत राशि 50,000.00 (पचास हजार रूपये मात्र) का एफ.डी.आर. जो कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद् सूरजपुर के नाम पर देय होगा, संलग्न करना अनिवार्य है। शेष नियम शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के. तकनीकी शाखा में अवलोकन कर सकते हैं।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् सूरजपुर**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / 621 दिनांक 18.06.2026

**सार्वजनिक / आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्र के अंतर्गत शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निम्नलिखित कमरों / दुकानों में वर्तमान में अप्राधिकृत अधिभोग (अनाधिकृत कब्जा) पाया गया है, जिसका विवरण स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) दीपका क्षेत्र के कार्यालय आदेश पत्र क्रमांक 2381 दिनांक 15.06.2025 के अनुसार निम्नानुसार है: शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 3: भवानी किराना स्टोर (गोदाम), शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 5: शिव शंकर श्रीवास, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 6: अशोक कुमार गुप्ता (किरायेदार), शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 7: भवानी किराना स्टोर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 8: पंकज अग्रवाल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 9: रोहित कुमार अग्रवाल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 10: सतीश भारद्वाज, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 11: प्रकाश इलेक्ट्रॉनिक, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 16: दीप प्रोविजन स्टोर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 19: कुमारी गुप्ता (किरायेदार), शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 21: बॉबी फोटोकॉपी और नाश्ता, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 22: अनिल पाटले, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 23: रोहित राठौर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 24: एस.एन. अग्रवाल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नं. 26: अनिल पाटले।

यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के संबंध में कोई आपत्ति है, अथवा वे यह दावा करते है कि उक्त शॉपिंग कॉम्प्लेक्स उन्हें पूर्व में वैध रूप से आबंटित किया गया था, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 15 कार्य दिवस (Working Days) के भीतर अपने समस्त मूल दस्तावेजों एवं प्रमाणों सहित महाप्रबंधक कार्यालय, एसईसीएल दीपका क्षेत्र के मानव संसाधन विभाग में उपस्थित होकर लिखित मे अपनी आपत्ति / दावा दर्ज करा सकते है।

नियत समयावधि की समाप्ति के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति या दावे को अमान्य कर दिया जाएगा और कंपनी यह मान लेगी कि उक्त शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के संबंध में किसी को कोई आपत्ति नही है। तदुपरांत, कंपनी मुख्यालय बिलासपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं मानव संसाधन / प्रशासन विभाग की नियमावली के अनुसार उक्त शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के नए सिरे से आबंटन की प्रक्रिया शुरु कर देगी।

स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन)
एसईसीएल, दीपका क्षेत्र

SECL/25-26/75

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र.02 तिफरा बिलासपुर(छ.ग.)**

क्र. 839/न.पा.नि./सं.क्र.दि./2025-26 बिलासपुर दिनांक 07/07/2026

**हक हस्तांतरण एवं कर निर्धारण के खातों में नाम परिवर्तन संबंधी सूचना**

संपत्तिकर विभाग नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा विज्ञापन नं. 2025-26 हक हस्तांतरण एवं कर निराकरण के खातों में नाम परिवर्तन के संबंध में इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुये है। यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर जोन 02 तिफरा नगर निगम बिलासपुर छ.ग. के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकतें है। निर्धारित अवधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

| क्र. | वार्ड क्र. | मोहल्ला | प्रकरण क्र.एवं दिनांक | रसीद क्रं. / दिनांक | जिसके नाम पर दर्ज है | जिसके नाम पर दर्ज करना है | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06 | यदुनंदन नगर | 24 25-06-2026 | 16078/49 24-06-26 | श्री राजेश कुमार मेश्राम पिता श्री ललित कुमार मेश्राम | श्रीमती संजुला सोनी पति श्री प्रवीण कुमार सोनी | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन |
| 2 | 06 | यदुनंदन नगर | 25 25-06-2026 | 16078/40 11-06-26 | श्री हरिश केडिया पिता कालू राम केडिया | श्री राकेश मल्लिक पिता श्री जी एन. मल्लिक | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र एवं मकान टेक्स |
| 3 | 06 | यदुनंदन नगर | 26 25-06-2026 | 16078/37 29-05-26 | श्रीमती शाहिदा बेगम पति श्री राजेश यादव | श्री देवेन्द्र केशरवानी पिता श्री बंशीलाल केशरवानी | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 4 | 06 | यदुनंदन नगर | 27 25-06-2026 | 16078/36 29-05-26 | स्व. कन्हैया राम प्रजापति पिता स्व. श्री जी. आर. प्रजापति | 1 श्री प्रेमचंद्र प्रजापति 2 मनीष कुमार प्रजापति 3 श्री आशीष कुमार प्रजापति 4 श्रीमती सरला प्रजापति पिता स्व. कन्हैया राम प्रजापति (पति श्री प्रेमचंद्र प्रजापित) | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 5 | 07 | कालिका नगर | 28 25-06-2026 | 16078/50 24-06-26 | 1 श्रीमती सविता पिता स्व. छतराम बंजारे (पति तोनेन्द्र कुमार) 2 श्रीमती सलिला पिता स्व. छतराम बंजारे पति (श्री मोहनलाल) 3 श्रीमती शारदा पिता स्व. छतराम बंजारे पति श्री (श्री अनिल कुमार) 4 श्रीमती मंदाकिनी पिता स्व. छतराम बंजारे (पति श्री घासीराम) 5 श्री भानुप्रताप सिंह पिता स्व. छतराम बंजारे | 1 सुश्री गायत्री बंजारे पिता स्व. छतराम बंजारे 2 सुश्री सरस्वती बंजार पिता स्व. छतराम बंजारे | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 6 | 07 | कालिका नगर | 29 25-06-2026 | 16078/47 20-06-26 | श्री इंदीवर कुमार सिंह पिता स्व. शांति प्रसाद सिंह | श्री प्रकाश कुमार कश्यप पिता श्री प्रदीप कुमार कश्यप | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 7 | 07 | कालिका नगर | 30 25-06-2026 | 16078/46 20-06-26 | श्री संजय कुमार भावनानी पिता श्री नानकराम | श्रीमती रेखा गोयल पति मनोज गोयल | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 8 | 07 | कालिका नगर | 31 25-06-2026 | 16078/45 19-06-26 | 1 श्री मुकेश लालवानी पिता श्री संभागचंद लालवानी 2 श्रीमती वर्षा लालवानी पति श्री मुकेश लालवानी | श्रीमती हेमलता सोनी पति श्री सुनील सोनी | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1,पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 9 | 07 | कालिका नगर | 32 25-06-2026 | 16078/32 18-06-26 | डॉ.रामकृष्ण कश्यप पिता स्व. गोविंद प्रसाद कश्यप | 1 श्री सुमीत शिवदसानी पिता स्व. राजकुमार 2 श्रीमती श्वेता छाबड़ा पति राकेश छाबड़ा 3 श्री नवीन लालवानी पिता भजन लालवानी | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन |
| 10 | 07 | कालिका नगर | 33 25-06-2026 | 16078/33 20-05-26 | जोडियाक डीलर्स प्रा. लि. डायरेक्टर- श्री राजेश अग्रवाल पिता श्री रामचंद अग्रवाल | श्री विशाल जोबनपुत्रा पिता श्री भूपेन्द्र जोबनपुत्रा | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 11 | 07 | कालिका नगर | 34 25-06-2026 | 16078/38 11-06-26 | श्री विनय राजपाल पिता श्री केशरी सिंह राजपाल | श्रीमती सतरूपा साहू पति श्री रामायण लाल साहू | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 12 | 07 | कालिका नगर | 35 25-06-2026 | 16078/39 11-06-26 | श्री विनय राजपाल पिता श्री केशरी सिंह राजपाल | श्रीमती मैत्री तिवारी पति श्री अंबिका प्रसाद तिवारी | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 13 | 07 | कालिका नगर | 36 25-06-2026 | 16078/58 01-07-26 | श्री अंकित बिस्वास पिता श्री अनिल बिस्वास | श्रीमती वंदना श्रीवास्तव पति श्री नितिन कुमार श्रीवास्तव | बिक्रीपत्र, शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, एवं डायवर्सन |
| 14 | 07 | कालिका नगर | 37 25-06-2026 | 16078/59 02-07-26 | श्री रामा रियल स्टेट द्वारा भागीदार श्री राजीव अग्रवाल पिता स्व. रामचंद्र अग्रवाल | श्री अजय अग्रवाल पिता श्री घनश्याम दास अग्रवाल | बिक्रीपत्र, शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, एवं डायवर्सन |
| 15 | 07 | कालिका नगर | 38 25-06-2026 | 16078/34 25-05-26 | श्रीमती शांति साहू पति श्री इंद्रभान साहू | श्रीमती जितेश्वरी पटेल पति श्री हेमंत कुमार पटेल | बिक्रीपत्र, शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 |
| 16 | 09 | यातायात नगर | 39 25-06-2026 | 16078/30 13-05-26 | मेसर्स श्री कृष्णा रियल स्टेट द्वारा भागीदार- धीरज रोहरा पिता श्री घनश्याम दास रोहरा. | श्रीमती मुस्कान सोडेजा पति श्री अनिल सोडेजा | शपथपत्र, बिक्रीपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2, डायवर्सन एवं मकान टेक्स |
| 17 | 11 | संत कबीर नगर | 40 25-06-2026 | 16078/42 16-06-26 | स्व. हरिचरण राम पिता स्व. झपसी राम | श्री आदित्य कुमार पिता स्व. हरिचरण राम | शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं मकान टैक्स, तहसीलदार का आदेश एवं मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 18 | 11 | संत कबीर नगर | 41 25-06-2026 | 16078/52 25-06-26 | 1 श्री मंदीप सिंह होरा पिता श्री बलवंत सिंह हीरा 2 श्री अमन सिंह होरा पिता श्री बलवंत सिंह होरा | श्रीमती किरणजीत कौर पति श्री अजीतपाल सिंह | शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं डायवर्सन मकान टैक्स |
| 19 | 11 | संत कबीर नगर | 42 25-06-2026 | 16078/53 25-06-26 | श्रीमती नंदिता रावत पति श्री अर्जुन कुमार रावत | श्री अनुराग शर्मा पिता श्री राजकुमार शर्मा | शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं डायवर्सन मकान टैक्स |
| 20 | 11 | संत कबीर नगर | 43 25-06-2026 | 16078/54 25-06-26 | श्री जवाहर तुरकर पिता श्री राजाराम | श्री दिनेश यादव पिता श्रीद बाबुलाल यादव | शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं मकान टैक्स |
| 21 | 11 | संत कबीर नगर | 44 25-06-2026 | 16078/55 25-06-26 | 1 श्री रामचंद्र पिता भाउलाल यादव 2 श्रीमती पंच बाई पिता भाउलाल यादव 3 श्री छोटेलाल यादव पिता भाउंलाल यादव | श्री छोटेलाल यादव पिता भाउलाल यादव | शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं मकान टैक्स |
| 22 | 11 | संत कबीर नगर | 45 25-06-2026 | 16078/56 25-06-26 | 1 श्री रामचंद्र पिता भाउलाल यादव 2 श्रीमती पंच बाई पिता भाउलाल यादव 3 श्री छोटेलाल यादव पिता भाउलाल यादव | श्रीमती पंच बाई पिता भाउलाल यादव | शपथपत्र, रजिस्ट्री पत्र, बी1 पी2 एवं मकान टैक्स |

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

जोन कमिश्नर, जोन क्र.02, तिफरा न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 'झमाझम' के बीच...

लिया तथा सरपंच रामजय रते को स्थिति से अवगत कराया तो पुरखों की परंपरा का पालन करने के लिए तुरंत तैयार हो गए। गांव के सभी लोगों को सूचना दी गई। मानसून की बेरुखी से परेशान ग्रामीण भी तैयार हो गए तथा सामर्थ्य के अनुसार भोज के लिए चावल, दाल, सब्जी सहित अन्य सामग्रियों को जुटाने लगे जबकि सरपंच जयरते ने अन्य सभी जरूरतें पूरी करने की जिम्मेदारी संभाली गांव के बैगा जयनाथ ने विवाह के पूर्व चार दिनों तक मण्डप मटकोड़ सहित अन्य रस्मों की तिथि तथा पांचवें दिन विवाह की तिथि निर्धारित की। बैगा द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार ग्रामीणों ने सभी रस्मों को पूरा किया तथा मंगलवार को धूमधाम से बारात निकालकर मेंढक-मेंढकी का विवाह रचाया गया।

### कांग्रेस के खंजाची...

गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड ले सकती है। इसके बाद उससे तीनों घोटालों में मनी ट्रेल के बारे में जांच एजेंसी पूछताछ करेगी। ईओडब्लू, एसीबी की पूछताछ के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी भी रामगोपाल को अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ कर सकती है। फरारी के दौरान वह कहां-कहां रहा, किन किन लोगों के संपर्क में रहा, उससे जांच एजेंसिया पूछताछ करेगी।

**रामगोपाल पर जांच एजेंसियों ने ऐसे कसा शिकंजा-**

कांग्रेस की अग्रिम पंक्ति के नेताओं में शुमार रामगोपाल अग्रवाल कांग्रेस में वर्ष 2013 में कोषाध्यक्ष बना। शराब घोटाला में नाम सामने आने पर ईडी ने 20 फरवरी 2023 को उसके ठिकानों पर छापेमारी की थी, दूसरी दफा 21 जुलाई 2023 को छापे की कार्रवाई करने पहुंची। उसके बाद से रामगोपाल अग्रवाल नहीं दिखा।

**रामगोपाल की गिरफ्तारी भाजपा का राजनैतिक साजिश-**

रायपुर। कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की एसीबी-ईओडब्लू में हुई गिरफ्तारी को कांग्रेस ने भाजपा की राजनैतिक साजिश करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने बयान जारी कर कहा कि विधानसभा चुनाव के समय से ही भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से कांग्रेस नेताओं के खिलाफ षडयंत्र कर रही है। पहले केंद्रीय फिर राज्य की जांच एजेंसियों को इस लगाया गया है। केंद्र की भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिए झूठे मुकदमे दर्ज कर कांग्रेस की छवि खराब करती रही। जिन मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के जरिए कुछ हासिल नहीं हुआ उसकी जांच ईओडब्लू से कराई जा रही है। शुक्ला ने कहा कि यह मामला न्यायालय में नहीं टिकेगा। पूरी मजबूती के साथ इस षडयंत्र के खिलाफ कानूनी और लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ी जाएगी।

### इन बिंदुओं पर...

इसके अलावा उससे दो और बिंदुओं पर पूछताछ होगी।

- अनवर ढेबर एवं उसके लोगों द्वारा करोड़ों रुपए कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए गए थे। इस संबंध में राशि की डिलीवरी, संबंधित व्यक्तियों की भूमिका, प्राप्त राशि के उपयोग एवं अन्य जुड़े हुए बिंदुओं पर भी उनसे पूछताछ की जाएगी।
- धान से जुड़े प्रकरण में भी रोशन चंद्राकर द्वारा करोड़ों रुपए कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए जाने संबंधी तथ्य जांच में सामने आए हैं। इस संबंध में राशि के संग्रहण, परिवहन, प्राप्ति, उपयोग एवं संबंधित व्यक्तियों की भूमिका के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

### होटल में प्रेमी ने...

बजाता था। अपने घर से शदाब मंगलवार शाम सुपेला के होटल में पहुंचा था। जहां अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रुका, कुछ समय बाद होटल के कमरे से शादाब का शव मिला। परिजन और दोस्तों का कहना है कि शादाब के शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं। जिस हालत में उसका शव मिला, उसे देखकर आत्महत्या की बात पर भरोसा नहीं हो रहा है। पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग परिवार के लोगों ने की है। मृतक शादाब की उम्र 19 वर्ष है जबकि उसकी गर्लफ्रेंड 23 साल की है। परिजनों का आरोप है कि गर्लफ्रेंड ने शादाब को बेल्ट से मारा फिर खुद का हाथ और गर्दन ब्लेड से काटकर उसे धमकाने लगी थी। मृतक के दोस्तों के मुताबिक शादाब का पुरानी गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप हो चुका था। मृतक को मोबाइल और सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर दिया था। दोनों के बीच लंबे समय से बातचीत बंद थी। जिस दिन शादाब होटल में था, उसी दिन उसकी पुरानी गर्लफ्रेंड का कॉल आया था। इसे लेकर नई गर्लफ्रेंड नाराज हो गई। फिर दोनों के बीच में विवाद हुआ। इसके बाद युवक ने आत्महत्या कर ली।

### होटल से बाहर...

11.30 बजे शादाब के दोस्त होटल पहुंचे थे। दोनों को होटल से चेक आउट करना था, लेकिन कमरे का दरवाजा नहीं खुला। दोस्तों ने करीब दो-तीन घंटे तक इंतजार किया। अल्ताफ के मुताबिक सुबह करीब 6 बजे युवती अकेले कमरे से बाहर निकली। कुछ देर बाद फिर कमरे में चली गई। जो होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

### नई किताब में...

की संशोधित पाठ्यपुस्तक 'समाज का अध्ययन : भारत और उसके आगे' जारी की, जिसमें विवादित हिस्सों को हटा दिया गया है। संशोधित पाठ्यपुस्तक में विवादित हिस्सों के साथ-साथ अदालतों में लंबित मामलों और दो अहम न्यायिक फैसलों से जुड़े संदर्भों को हटा दिया गया है, जबकि जनहित याचिका, न्यायाधिकरणों और वैकल्पिक विवाद निपटान तंत्र से संबंधित नयी सामग्री शामिल की गई है। संशोधित पाठ्यपुस्तक में कई और बदलाव भी किए गए हैं। फरवरी में एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' खंड को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद पाठ्यपुस्तक की मुद्रित और डिजिटल प्रतियां वापस ले ली गई थीं और एनसीईआरटी ने इस मामले में माफी भी मांगी थी। शीर्ष अदालत ने उक्त पाठ्यपुस्तक के प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। न्यायालय ने कहा था कि इसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री शामिल है। संशोधित पाठ्यपुस्तक के आभार खंड में कहा गया है कि इसका प्रकाशन उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में की गई समीक्षा प्रक्रिया के बाद किया गया है। इसमें कहा गया है कि शीर्ष अदालत के 16 मार्च के आदेश में दिए गए निर्देशों के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित एक विशेषज्ञ समिति ने अध्याय चार 'समाज में न्यायपालिका की भूमिका' को फिर से लिखा है। वापस ली गई पाठ्यपुस्तक को तैयार करने वाली टीम में 51 सदस्य शामिल थे। वहीं, संशोधित संस्करण को तैयार करने वाली टीम में 48 सदस्यों के नाम शामिल हैं। जिन तीन सदस्यों के नाम हटाए गए हैं, उनमें मिशेल डेनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार शामिल हैं। इन तीनों को हटाए गए विवादित अध्याय के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था।

### छत्तीसगढ़ में विदेशी...

व्यक्ति, सरकारी विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक उपक्रम, स्वायत्त संस्था या निजी एजेंसी इस प्रजाति का नया वृक्षारोपण नहीं कर सकेगी। आवास एवं पर्यावरण विभाग ने 6 जुलाई को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा-5 के तहत यह आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### आयुर्वेद नीट के...

उत्तीर्ण विद्यार्थी प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम में प्रवेश लेकर आगे 'बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी' (बीएएमएस) की पढ़ाई कर सकते हैं। बयान में कहा गया है कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम) से अनुमोदित है और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न आयुर्वेद गुरुकुलों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. पवन कुमार ने बताया कि नीट-पीए के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जुलाई के तीसरे सप्ताह से प्रारंभ होगा और परीक्षा का आयोजन अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितम्बर के प्रथम सप्ताह में देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा।

## एक्का को सूडा का अतिरिक्त प्रभार, कई जिला पंचायतों में बदले गए सीईओ

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 8 अधिकारियों और राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से देर रात जारी तबादला आदेश में कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं। आईएएस अधिकारी रिमिजियस एक्का को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के साथ राज्य शहरी विकास अभिकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

गजेंद्र सिंह ठाकुर को राजस्व, आपदा प्रबंधन और पुनर्वास विभाग का उप सचिव बनाया गया है। प्रतीक जैन को जिला पंचायत कोरबा का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुरुचि सिंह को नगर पालिका निगम भिलाई का आयुक्त बनाया गया है। जयंत नाहटा को जिला पंचायत धमतरी, एम. भार्गव को जिला पंचायत दंतेवाड़ा, तन्मय खन्ना को जिला पंचायत बस्तर और दुर्गा प्रसाद अधिकारी को जिला पंचायत राजनांदगांव का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में भी बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है। इंद्रजीत बर्मन को स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में नई जिम्मेदारी दी गई है। राजीव कुमार पांडेय को उच्च शिक्षा संचालनालय में पदस्थ किया गया है। भारती चंद्राकर को मार्कफेड, दिनेश कुमार नाग को छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन और नयनतारा सिंह तोमर को चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में पदस्थ किया गया है। गोकुल राम राबटे को जिला पंचायत मुंगेली का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। आशुतोष चतुर्वेदी को जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज और अभिषेक कुमार गुप्ता को जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का सीईओ नियुक्त किया गया है। प्रभाकर पांडेय को खेल-युवा कल्याण विभाग में पदस्थ किया गया है। वहीं, शशांक पांडेय को छत्तीसगढ़ रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में नई जिम्मेदारी दी गई है।

## फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर पौन करोड़ की ठगी, राजस्थान से दो अरेस्ट

रायपुर। कारोबारी चाचा-भतीजे से फॉरेक्स ट्रेडिंग का झांसा देकर पौन करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दो ठग को राजेंद्र नगर थाने के साथ क्राइम ब्रांच की टीम ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जालसाजों के अकाउंट में जमा साढ़े 12 लाख रुपए पुलिस ने होल्ड कराया है। कारोबारियों को टेलीग्राम में फर्स्टिफाई ग्रुप में जोड़कर ठगी का शिकार बनाया गया था। आर्या पब्लिकेशन के मालिक बहादुर आर्य की शिकायत पर पुलिस ने राजस्थान, जयपुर निवासी मुकेश कुमार मीणा तथा राजस्थान सीकर निवासी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। ट्रेडिंग कारोबार के बारे में जानकारी जुटाने कारोबारी ने गूगल सर्च किया। इसके बाद उन्हें एक वेबसाइट के माध्यम से टेलीग्राम में फर्स्टिफाई नामक ग्रुप से जोड़ दिया।

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी-जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-पुस्तक प्रकाशन में टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। कंप्यूटर नॉलेज जरुरी। वेतन योग्यता अनुसार। अंग्रेजी वाले को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- Evincepub Publishing, शिवम काम्प्लेक्स, ITI कोनी, बिलासपुर 62607 11728, 9171810321 (41350)

**आवश्यकता है**-कार चलाने हेतु अनुभवी लाइसेंसी, जिम्मेदार ड्राइवर की आवश्यकता है। जिसे शहर के रास्तों की जानकारी हो। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- महेन्द्र जेम्स एण्ड ज्वेलर्स मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 917132 5702 (41362)

**आवश्यकता है**-ड्राइवर चाहिए प्रचार वाहन टाटा एस चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर चाहिए। कार चलाने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी। सम्पर्क करें- चन्द्र टीवीएस, महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9039167202 (41364)

**आवश्यकता है**-काऊंटर मैनेजर (रेस्टोरेंट बिलिंग अनुभवी, स्वयं का वाहन एवं लाइसेंस अनिवार्य) अथवा कार ड्राइवर (10वर्ष अनुभवी, परिवार सहित रहने की सुविधा) एवं फ्रेशर लड़को की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7879121999

**आवश्यकता है-सूर्या कम्प्यूटर एवं टाइपिंग सेन्टर वृन्दावन परिसर के बगल से शीघ्र ही ऑनलाईन फार्म एवं अंग्रेजी, हिन्दी कम्प्यूटर टाइपिंग के जानकार की आवश्यकता है। शीघ्र सम्पर्क करें- प्रो. श्रीमती सरला अग्रवाल नेहरू चौक के पास बिलासपुर 9303901066 (41361)**

**आवश्यकता है**- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (41359)

**आवश्यकता है**-फुटवियर शॉप में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की तत्काल आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अतिशीघ्र सम्पर्क करें- चार्ली शूज मिशन हॉस्पिटल रोड बिलासपुर 9770899991, 7389199138 (41365)

**आवश्यकता है**-टिकरापारा बिलासपुर के बॉयज हॉस्टल में कम्प्यूटर/ एकाउंट्स जानकार पुरुष वार्डन की आवश्यकता है उम्मीदवार नशा मुक्त होना अनिवार्य है। रहना+ खाना फ्री। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9303159900, 9630110824 (41369)

**आवश्यकता है**-दुकान कार्य हेतु अनुभवी व्यवहार कुशल, ईमानदार लड़कों एवं 2-3 वर्ष कम्प्यूटर जानकार एकाउंटेंट युवक चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- मनोज गुप्ता, खोवा मण्डी गोल बाजार बिलासपुर 9340235239, 7747012196 (41367)

**आवश्यकता है**-सिद्धि विनायक सिक्योरिटी सर्विसेज राजेंद्र नगर, बिलासपुर को निम्नलिखित पदों हेतु तत्काल आवश्यकता है (1) सुरक्षा टीम- सुरक्षागार्ड सुपरवाईजर, फील्ड ऑफिसर (2) ऑफिस कार्य कम्प्यूटर ई-टेंडरिंग, इंग्लिश में दक्ष कुशल स्टाफ। सम्पर्क करें- 91111 75190, 9098318675 (41349)

**आवश्यकता है**-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रह कर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30वर्ष वेतन 12000+कमीशन+बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क- 78800 03160, 7880003190 (528)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन, दुकान में माल निकालने, पैकिंग हेतु लड़के चाहिए बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जयदेव मेडिकल एजेन्सी, अयप्पा मन्दिर रोड, भारतीय नगर बिलासपुर 9993303951 (41371)

**आवश्यकता है**-ब्यूटी पार्लर में काम करने के लिए अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अतिशीघ्र सम्पर्क करें- 9179034243 (41363)

**आवश्यकता है**-होटल में काम करने हेतु अनुभवी फ्रंट ऑफिस मैनेजर एवं हाउस कीपिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9339423630, 6262121414 (41368)

**आवश्यकता है**-स्कूल वाहन चलाने के लिए एक अनुभवी ड्राइवर की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पूर्ण बायोडाटा सहित तत्काल सम्पर्क करें 9713960875 (41366)

**आवश्यकता है**-सर्वमंगला टेन्ट हाउस में काम करने हेतु ITI पास इलेक्ट्रीशियन एवं साउंड सिस्टम चलाने हेतु लड़को की। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- सर्वमंगला टेन्ट हाउस कुम्हारपारा रोड जरहाभाठा बिलासपुर 6260273334, 9826601147 (41372)

**आवश्यकता है**- बिलिंग क्लर्क, सामान निकालने स्टाफ, डिलीवरी पर्सनल, ई-रिक्शा ड्राइवर, सिविल इंजीनियर/डिप्लोमाधारी, पेमेन्ट कलेक्शन हेतु भरोसेमंद व्यक्ति (फ्रेशर/अनुभवी) चाहिए पता- नमन इंटरप्राइजेज एंड कंस्ट्रक्शन, त्रिवेणी भवन, व्यापार विहार, बिलासपुर 7049063402, 81093 33081 (41355)

**आवश्यकता है**- आरोग्य अमृततुल्य (Aarogya Amruttulya) चाय की दुकान में ऊर्जावान मेहनती लड़के/ लड़की की आवश्यकता है (कार्य- काउंटर संभालना, किचन के कार्य) पता- आरोग्य अमृततुल्य, मुंगेली नाका ग्राउऊ, मंगला, बिलासपुर 7089572509 (41356)

**आवश्यकता है**- अग्रणी जीवन बीमा कंपनी में आकर्षक कमिशन पर अभिकर्ताओं एजेंट की आवश्यकता है 10 वी, 12वीं, स्नातक महिला, पुरूष, पार्टटाईम, फुलटाईम महिलाओं के लिए विशेष मानदेय संपर्क करें 7389486395 (41351)

**आवश्यकता है**- कंस्ट्रक्शन साईट में काम करने हेतु अनुभवी सुपरवाइजर एवं ऑफिस में पेपर वर्क करने हेतु लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन अग्रसेन चौक बिलासपुर 9827849000 (41357)

**आवश्यकता है**- दुकान में कंप्यूटर ऑपरेटर जो टैली में कम से कम 3 वर्ष का अनुभवी हो की। साक्षात्कार हेतु स्वयं आकर मिले। सम्पर्क करें- राधेश्याम स्टेशनरी सरजु बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर (41358)

**आवश्यकता है**- प्रतिष्ठित दवाई दुकान में काम करने हेतु पुरुष फार्मासिस्ट/ नान फार्मासिस्ट कर्मचारियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8959828335 (41352)

**आवश्यकता है**- मोबाइल शॉप में काम करने हेतु लड़के की आवश्यकता है, सैलरी 7500 से 8500 सम्पर्क करें- श्रीश्याम कम्युनिकेशन (सैमसंग स्टोर) जायका रेस्टोरेन्ट के पास, मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 7000175787, 95848 44447 (41354)

**आवश्यकता है**- घरेलू कार्य हेतु अनुभवी कार ड्राईवर की आवश्यकता है जिसे सभी प्रकार की गाड़ी चलानी आती हो। सम्पर्क करें 8839405065 (नया या फ्रेश लाइसेंस वाले सम्पर्क ना करें) (41353)

**आवश्यकता है**- ऑफिस कार्य करने के लिए (महिला/ युवती) कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 8817395214 (41339)

**आवश्यकता है**-अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) फील्ड वर्क, OT टेक्नीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधी पारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (41346)

**आवश्यकता है**-FMCG कम्पनी में कार, कमर्शियल व्हीकल हेतु ड्राइवर-2, सेल्समैन-4 (वेतन 15000 से 25000) जूनियर,सीनियर अकाउंटेंट, स्टॉक एंट्री हेतु लड़कियां-2 चाहिए सम्पर्क करें- ब्लू Sapphire डिस्ट्रीब्यूटर व्यापार विहार बिलासपुर 07752-411422 (41343)

**आवश्यकता है**-भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 500-1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें-89294 49955 (63586)

**आवश्यकता है**-कंस्ट्रक्शन लाइन में कार्य करने हेतु अनुभवी साइड सुपरवाइजर 2पद, एवं थोक सब्जी मंडी में कलेक्शन मैनेजर एवं सेल्समैन युवक की। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- (10am से 12pm) 98935 99044 (41344)

**आवश्यकता है**-रायपुर सिविल लाइन्स स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है अनुभव कम से कम 5वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20000 प्रतिमाह सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर सम्पर्क करें-91099 72720, 9109125252 (044)

**आवश्यकता है**-तत्काल भर्ती सुरक्षागार्ड 25, ड्राइवर 10, फिल्ड ऑफिसर 10 बाइक अनिवार्य, वेतन- 11000 से 18000+ रहना फ्री, साईट बिलासपुर, भूपदेवपुर पता- शॉप नं.-210 फर्स्ट फ्लोर बालाजी प्लाजा 8461881110, 9111000881, 88898 23100 (41295)

**आवश्यकता है**-ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है, वेतन 8000/- कार्य समय 10 से 8 पता- पाहवा इंटरप्राइजेज, गोल्डन बार के पीछे, व्यापार विहार बिलासपुर 81091 67000 (41348)

**आवश्यकता है**- सुपरवाइजर ई रिक्शा ड्राइवर, और ऑफिस वर्क के लिए युवती की आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करें- पीआरके एडवरटाइजिंग अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177 (41345)

**आवश्यकता है**-CA ऑफिस में काम करने के लिए चपरासी (Peon) की आवश्यकता है योग्यता- दसवीं, बारहवीं पता- काशी कॉम्प्लेक्स लिंक रोड बिलासपुर सम्पर्क करें- 9300492291 (41342)

**आवश्यकता है**-10 चक्का हाइवा ड्राइवर रेती घाट अनुभवी ड्राइवर, हेल्पर चाहिए। हेवी लाईसेन्स आयु 25 वर्ष से ऊपर अनिवार्य। वेतन- ड्राइवर 10000/- हेल्पर 4000/- भत्ता 600/- प्रतिदिन। केवल जयराम नगर, कर्रा मस्तूरी, दर्री घाट एवं आसपास के गांवों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता, ईमानदार, जिम्मेदार, नशा मुक्त एवं वाहन की देखभाल करने वाले उम्मीदवार ही सम्पर्क करें- 9109395522 (41341)

## बेचना

**बेचना है**-रायपुर रोड छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के सामने एयरपोर्ट रोड पर 50×200= 10000वर्गफिट व्यावसायिक डायवर्टेड बाऊन्ड्रीवाल किया हुआ प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9340685602 (41330)

**बेचना है**- प्लाट बेचना है शहर के मध्य प्राइम लोकेशन में तैबा चौक के पास 20×50 एवं 23×48 के डायवर्टेड प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 9827662992, 98261 24264 (41373)

Advertisement Booking Time 10.30 AM To 4.00 PM

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330
गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
लिंग में टेढ़ापन
वीर्य में शुक्राणु की कमी
बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
पेशाब में धातु जाना
शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संचालक जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

# 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड ने मारी एंट्री



एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

रुबेन वर्गास ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे स्विट्जरलैंड खेले गए मैच के गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद कोलंबिया पर पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज करके 72 साल बाद विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। स्विट्जरलैंड का सामना अब शनिवार को मिसौरी के कनसास सिटी स्थित एरोहेड स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा। अर्जेंटीना ने इससे पहले दिन में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके मिस्र को 3-2 से हराया था। स्विट्जरलैंड 1954 में विश्व कप की मेजबानी करने के बाद से कभी भी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचा था।

- शनिवार को चैंपियन अर्जेंटीना से भिड़ंत
- पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया पर दर्ज की जीत

## स्विस टीम मंज़ांबी के बिना उतरी मैदान में


स्विस टीम युवा मिडफील्डर जोहान मंज़ांबी के बिना मैदान में उतरी। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक तीन गोल किए थे। यह एक ऐसा मैच था, जिसमें किसी तरह का रोमांच नहीं था। अतिरिक्त समय के बाद भी कोई टीम गोल करने में सफल नहीं रही थी लेकिन स्विट्जरलैंड ने धैर्य बनाए रखा, जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ। विश्व कप में दो गोल कर चुके वर्गास ने पूरे अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था लेकिन वह मैच के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे। शूटआउट में कोलंबिया के डिफेंडर डेविंसन सांचेज का पेनल्टी शॉट क्रॉसबार से टकराया और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल ने कूचो हर्नांडिज के शॉट को बचा लिया।

## स्टेडियम में मौजूद थे 50 हजार से अधिक दर्शक

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी बीसी प्लेस में मौजूद लोगों में शामिल थे, जहां खचाखच भरे स्टेडियम में 52,497 दर्शकों में से अधिकांश कोलंबिया के समर्थन में पीले रंग के कपड़े पहने हुए थे। कोबेल ने कहा, ' दर्शकों का समर्थन उनके पक्ष में था, इसलिए हमारे लिए यह एक कठिन मुकाबला था। हम जानते हैं कि खेल के कुछ ऐसे क्षण थे जब हमें रक्षात्मक खेल खेलना था और मानसिक रूप से मजबूत रहना था। हमारे कुछ खिलाड़ी अनुपस्थित थे, इसलिए यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती थी।'

## 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे मेस्सी

**अटलांटा।** लियोनेल मेस्सी ने मिस्र के खिलाफ इस विश्व कप में अपना आठवां गोल दागा और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे निकलने के साथ टूर्नामेंट में लगातार गोल करने का सिलसिला 9 मैचों का कर लिया। विश्व कप के मैचों में लगातार गोल करने का मेस्सी का सिलसिला 2022 से चला आ रहा है । वह लगातार 9 मैचों में 13 गोल कर चुके हैं।'गोल्डन बूट' की दौड़ में वह फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड से एक गोल आगे निकल गए हैं। इंग्लैंड के हैरी केन के छह गोल हैं। मेस्सी 2022 विश्व कप में 'गोल्डन बूट' की दौड़ में एमबाप्पे के बाद दूसरे स्थान पर थे। वहीं 2014 में उन्होंने चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया था।



# 5 घंटे 16 मिनट चला महासंग्राम सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

- नोवाक ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को हराया
- जोकोविच ने जीता विंबलडन का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच की उम्र 39 वर्ष है लेकिन उनका जोश, जुनून और फिटनेस में किसी तरह की कमी नहीं आई है। इसका शानदार नजारा विंबलडन के सेंटर कोर्ट में देखने को मिला, जहां उन्होंने 5 घंटे से भी अधिक समय तक चले मैराथन मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने कनाडा के 25 साल के ऑगर-एलियासिमे पर 7-6 (10), 3-6, 6-3, 6-7 (4), 7-6 (4) से जीत हासिल की और मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। यह मैच 5 घंटे 16 मिनट तक चला। इस तरह से यह विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मैच बन गया।




## रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ मुकाबला

पांच घंटे से ज्यादा समय तक लगातार बेसलाइन पर चले कड़े मुकाबले के बाद दोनों खिलाड़ी बुरी तरह थक चुके थे। यह मुकाबला पांचवें सेट के तनावपूर्ण सुपर टाई-ब्रेक में अपने पीक पर पहुंचा। मैच का एक अहम पल 22-शॉट की लंबी और थका देने वाली रैली के दौरान आया। जोकोविच ने लगातार ऑगर-एलियासिम को कोर्ट के एक कोने से दूसरे कोने तक दौड़ाया। आखिर में मैराथन मुकाबले से बुरी तरह थक चुके कनाडाई खिलाड़ी ने फोरहैंड शॉट बाहर मार दिया, जिससे सर्बियाई खिलाड़ी को टाई-ब्रेक में 9-4 की मजबूत बढ़त मिल गई। इससे बाद जोकोवचि ने जीत के लिए एक पॉइंट हासिल करने के लिए काफी थके होने के बाद भी अपनी पूरी ताकत लगा दी और अपने वंबिलडन करियर का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल जीत लिया।

## सिनर के साथ होगा हाईवोल्टेज सेमीफाइनल

जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर का सामना करेंगे। इटली के इस खिलाड़ी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस सेमीफाइनल में टेनिस की सबसे रोमांचक प्रतिद्वंद्विताओं में से एक फिर से देखने को मिलेगी। सिनर ने पिछले साल विंबलडन सेमीफ़ाइनल में जोकोविच को सीधे सेटों में हराया था, जबकि सर्बियाई खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में इटली के खिलाड़ी को पांच सेटों के कड़े मुक़ाबले में हराया था।

## युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं : जोकोविच

जोकोविच ने कहा, 'ये वो पल हैं, जिनके लिए मैं आज भी टेनिस खेलता हूं। मैं अब भी उन युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं, जो मुझसे 15 साल छोटे हैं। मैं उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में हरा सकता हूं।'

## विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे लगातार आठवीं बार

जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने विंबलडन के सेमीफाइनल में लगातार आठवीं बार पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में लगातार सबसे अधिक पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के मामले में रोजर फेडरर से एक कदम आगे निकल गए हैं। जोकोविच से बाद में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी से अपनी तुलना करने के लिए कहा गया, जो 39 वर्ष के हैं और अभी भी उच्च स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जोकोविच ने उस महान फुटबॉलर के बारे में कहा,'उनके जैसा 90 मिनट खेलना अच्छा लगेगा।'

## खबर संक्षेप



### हमारे हर गेंदबाज ने किया अच्छा प्रदर्शन

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का मानना है कि भारत में आईपीएल के दौरान आसान विकेट पर खेलने के बाद इंग्लैंड की परिस्थितियों में गेंदबाजी करना सामान्य स्थिति में वापसी करना है। आर्चर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यहां सब कुछ सामान्य हो गया है।' उन्होंने कहा, 'यहां आप अच्छी लेंथ पर सीधी गेंद फेंकने की कोशिश करते हैं। जबकि वहां, विकेट आसान होने और बाउंड्री छोटी होने के कारण बहुत सावधानी बरतनी पड़ती है।' आर्चर ने कहा, 'आईपीएल में कभी-कभी 200 रन भी सुरक्षित नहीं होते। लेकिन यहां 200 रन का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं है। मुझे खुशी है कि सभी ने अच्छा योगदान दिया। हमारे प्रत्येक गेंदबाज ने अच्छा प्रदर्शन किया।' भारतीय बल्लेबाजों को ब्रिटेन की परिस्थितियां कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण लगी हैं।

### न्यूजीलैंड सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले तीन मुकाबलों के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। 19 वर्षीय युवा स्पिन गेंदबाज विटेल लॉज को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। विटेल लॉज ने मौजूदा घरेलू सीजन से पहले आयोजित तैयारी शिविर में सीनियर टीम के साथ भी अभ्यास किया था। उन्होंने इस साल हुए आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट अपने नाम किए थे। इसके साथ ही पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा डॉट गेंदें फेंकने का रिकॉर्ड भी उनके नाम रहा।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग

# ईशान शीर्ष पर बरकरार बेथेल ने लगाई लंबी छलांग




एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी टी20 के बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय टीम के बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाजों ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ईशान किशन टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं, जबकि अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। भारत के खिलाफ जारी टी20 सीरीज के दूसरे मैच में नाबाद 76 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज जैकब बेथेल को रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। बेथेल 7 स्थान ऊपर चढ़ते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श नौवें, जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दसवें स्थान पर हैं।

### बुमराह और वरुण को नुसान

टी20 गेंदबाजों की बात करें तो अफगानिस्तान के राशिद खान पहले, पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे, इंग्लैंड के आदिल रशीद 1 स्थान ऊपर चढ़ते हुए तीसरे, और ऑस्ट्रेलिया के एडम जांपा 1 स्थान ऊपर चढ़ते हुए चौथे स्थान पर हैं। भारत के वरुण चक्रवर्ती को 2 स्थान का घाटा हुआ है, वह पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस और दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बोश क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं। दोनों को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। जसप्रीत बुमराह को दो स्थान का घाटा हुआ है, वह आठवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा नौवें और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान दसवें स्थान पर हैं।

### फिल साल्ट चौथे स्थान पर

*पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान तीसरे और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका के पाथुम निसांका पांचवें स्थान पर हैं। भारत के तिलक वर्मा छठे, इंग्लैंड के जोस बटलर सातवें स्थान पर हैं।*

## इतने बड़े अंतर से हारना स्वीकार्य नहीं : अय्यर

**नॉटिंघम।** कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड से 125 रन की करारी हार के बाद अपनी टीम के प्रदर्शन को ''बेहद खराब'' करार दिया और कहा कि इस तरह का प्रदर्शन कतई स्वीकार्य नहीं है। अय्यर की कप्तानी में भारत ने अभी तक एक भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं जीता है। अय्यर ने कहा, ' यह बेहद निराशाजनक था, इतने बड़े अंतर से हारना स्वीकार्य नहीं है। सबसे पहले हमें हार को स्वीकार करना होगा और नए सिरे से रणनीति बनानी होगी। अय्यर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यह 200 विकेट वाली पिच थी। हमने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए और इसी वजह से हम पिछड़ गए। आप कितनी भी योजना बना लें, लेकिन मैदान पर उतरने के बाद आपको परिस्थितियों के अनुसार ढलना पड़ता है।



# दो हार के बाद दबाव में टीम इंडिया, हर हाल में जीतना होगा चौथा टी20

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

लगातार दो मैच हारने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम जब गुरुवार को श्रृंखला के निर्णायक चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड के सामने होगी तो उसके सामने खिलाड़ियों के चयन को लेकर मुश्किल चुनौतियां होंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के मुश्किल हालात में ढलने के लिए संघर्ष कर रही है और टीम यह मैच हार गई तो सीरीज भी गंवा देगी।

टीम चयन को लेकर सबसे बड़ा सवाल संजू सैमसन को लेकर है। उन्हें दूसरे और तीसरे टी20 से बाहर कर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया था। इस युवा खिलाड़ी का प्रदर्शन अब तक टीम के बाकी खिलाड़ियों से न तो खराब रहा है और न ही बहुत अच्छा।

## इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का निर्णायक मुकाबला आज



## सैमसन की वापसी की संभावना

टीम अभी 0-2 से पीछे चल रही है इसलिए भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सैमसन की वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। संजू का करियर पिछले चार महीनों में काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। एक समय वह टीम से बाहर थे, फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम में लौटे, लेकिन अब फिर उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी सिर्फ कप्तान श्रेयस अय्यर पर नहीं है, जो अपनी वापसी करने वाली श्रृंखला में अचानक कप्तान बनाए जाने के बाद अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। बल्कि कोच गौतम गंभीर और अजीत अगरकर की चयन समिति पर भी बड़ी जिम्मेदारी है।

**टीम प्रबंधन की रणनीतियों की हो रही आलोचना**

टीम प्रबंधन की रणनीतियों की भी आलोचना हो रही है। यह देखना होगा कि क्या वे एक और सीरीज हारने की शर्मिंदगी से बच पाते हैं या नहीं। तीसरे टी20 में 125 रन की करारी हार के बाद ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों ने 'वी वांट संजू' (हमें संजू टीम में चाहिए) के नारे लगाए। टी20 विश्व कप दिलाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव को बाहर करने पर भारी आलोचना हुई थी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

**क्र.संख्या (1) निविदा संख्याः एस.ई.सी. आर.-मुख्यालय-इंजी.-बी.एल.-26-27-11.** **कार्यः** बिलासपुर मंडल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल)/शहडोल के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न पुलों पर एचएसएफजी बोल्ट की आपूर्ति, प्रतिस्थापन और फिक्सिंग, थ्रु/पेंच पेंटिंग, ग्रिसिंग, क्षतिग्रस्त मेम्बर का प्रतिस्थापन और इपॉक्सी ग्राउटिंग के कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,13,99,978.29. **अमानत राशि :** ₹ 2,28,000/-.

**क्र.संख्या (2) निविदा संख्याः एस.ई.सी. आर.-मुख्यालय-इंजी.-बी.एल.-26-27-12.** **कार्यः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/ बिलासपुर में पुल संख्या 182 डाउन (9x45.70 मी. ओडब्ल्यूजी), 86 डाउन (9x30.50 मी. यूएसजी +2x12.20 मी. आर्क) और 404 (18x30.5 मी. पीएससी गर्डर.) के कटाव निगरानी प्रणाली का वार्षिक रखरखाव के कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 10,24,200.00. **अमानत राशि :** ₹ 20,500/-.

**बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथिः 09.07.2026. निविदा बंद होने की तिथि व समयः 23.07.2026 को 16:30** बजे।

उपरोक्त कार्य की आवश्यक एवं पूर्ण जानकारी उप मुख्य अभियंता/पुल/ बिलासपुर कार्यालय या **www.ireps.gov.in** वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

*उप मुख्य अभियंता/पुल/ बिलासपुर*
*सीपीआर/10/पीएच/260*
South East Central Railway @secrail

# 22 साल की स्वैग वाली मुक्केबाज, राष्ट्रमंडल खेलों में 'गोल्ड' पर नजरें

## हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य जीतकर ओलंपिक के लिए कोटा हासिल की थीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा मुक्केबाज प्रीति पंवार ने अपने करियर की शुरुआत में ही यह सबक सीख लिया था कि जीवन में कुछ भी निश्चित नहीं होता और उम्मीद के अनुरुप योजनाएं काम नहीं करती इसलिए वह शानदार नतीजों के भरोसे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर नजरें लगाए हैं। वह किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रही हैं।

22 साल की बैंथमवेट (54 किग्रा) मुक्केबाज प्रीति पिछले तीन साल में भारत की सबसे होनहार मुक्केबाजों में से एक बनकर उभरी हैं। उन्होंने मुश्किलों का सामना करते हुए लगातार पदक जीते हैं। प्रीति ने 2023 में सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बावजूद प्रभावित किया। उसी साल बाद में उन्होंने हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करके वापसी की।



### सुधार की काफी गुंजाइश : प्रीति

एशियाई चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक भी महत्वपूर्ण हो गया क्योंकि इस साल के आखिर में एशियाई खेलों में भी कई वही प्रतिद्वंद्वी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक अच्छा मुकाबला था और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए बहुत अच्छा था क्योंकि वहां भी मुझे वही प्रतिद्वंद्वी मिलेंगे। इसने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने का काम किया है। वहां मेरा प्रदर्शन एक अच्छा संकेत था।'

### लंबे ब्रेक के बाद प्रीति ने की जबरदस्त वापसी

प्रीति ने कहा, 'मैं राष्ट्रमंडल खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं और भारत के लिए पदक पदक जीतना चाहती हूं। देखते हैं क्या होता है क्योंकि कभी-कभी हम कुछ योजना बनाते हैं।

## रशीद बने टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड ने तीसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में भारत को 125 रनों से करारी शिकस्त दी। मेजबान टीम की यादगार जीत में आदिल रशीद ने भी गेंद से अहम भूमिका निभाई और दो विकेट चटकाए। रशीद ने इस मुकाबले में बड़ी उपलब्धि को भी अपने नाम कर लिया है।

**परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र कुम्हरावंड, जगदलपुर (बस्तर), छत्तीसगढ़**
494001 ईमेलः zarsjagdalpur@igkv.ac.in

क्र/परि कृ अनु कें/अति वै / स्थापना / 161 / 2025-26/356 जगदलपुर, दिनांकः 08/07/2026

**अतिथि वैज्ञानिक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र, कुम्हरावंड, जगदलपुर (बस्तर) में अतिथि वैज्ञानिक ( उद्यानिकी) के पद पर साक्षात्कार के माध्यम से पूर्णतः संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

पद का विवरण : अतिथि वैज्ञानिक (उद्यानिकी) 1 पद (अनारक्षित)
आवेदन की अंतिम तिथि : 23/07/2026

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं। पद से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igkv.ac.in पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सह संचालक अनुसंधान

**इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड**
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाइट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा सं. : IRCON/2059C/CGRP/e-TENDER/26-27/Durgapur Feeder Route दिनांक : 09.07.2026

छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड की ओर से योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले निविदादाताओं से "साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे पर छत्तीसगढ़ राज्य में घरघोडा से गारे पेलमा तक स्पर लाईन सहित खरसिया से धरमजयगढ़ के मध्य नई बीजी विद्युतीकृत डबल लाइन रेल कॉरीडोर के संबंध में दुर्गापुर फीडर रूट के 25 केवी, 50 एचजैड, सिंगल फेज, ओएचई ट्रैक्शन सिस्टम कार्यों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग" के कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 11,69,58,112/- |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.08.2026 को 15.00 बजे तक (आईएसटी) |

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक / इलेक्ट्रिकल / सीजीआरपी, इरकॉन, प्रथम तल, एआरके, जूडियो के सामने, बिलासपुर, छत्तीसगढ़–495001

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

**कार्य का विवरणः** (03) तीन वर्षो की अवधि के लिए। कोरबा (KRBA) रेलवे स्टेशन पर 5489 वर्ग मीटर की चिन्हित पार्किंग जगह पर 2–व्हीलर, PCCV और 4–व्हीलर के लिए पार्किंग लॉट के मैनेजमेंट का लाइसेंसधारी के खर्च पर लाइसेंस आवंटन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग पहले ही दिनांक 03.07.2026 को आईआरईपीएस वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं:

**कैटेलॉग क्रमांकः** PARK-KRBA-MIX-26 **श्रेणीः** Parking Mixed

| नीलामी तिथि एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|
| 20.07.2026 13:00:00 | PARKING-BSP-KRBA-MX-59-26-1 | कोरबा (KRBA) रेलवे स्टेशन पर 5489 वर्ग मीटर की चिन्हित पार्किंग जगह पर 2–व्हीलर, PCCV और 4–व्हीलर के लिए पार्किंग लॉट के मैनेजमेंट का लाइसेंसधारी के खर्च पर लाइसेंस | 1096 दिन |

*कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/बिलासपुर*
*सीपीआर/10/पीएच/266*
South East Central Railway @secrail




# दुनिया के 15 सबसे वीआईपी फोन नंबर्स का मालिक, जिसके नाम दर्ज हैं 4 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**लंदन।** क्या आपको अपना मोबाइल नंबर याद रखने में मुश्किल होती है? एक शख्स ने इस आम सी परेशानी को एक ऐसे अनोखे जुनून में बदल दिया, जिसने उसे सीधा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की किताब में पहुंचा दिया। मिलिए एक ऐसे गुमनाम कलेक्टर से, जिनके पास दुनिया के 15 सबसे अनाखे और वीआईपी मोबाइल नंबर्स का कलेक्शन है। इस कलेक्शन को उन्होंने गोल्डन डिजिट्स नाम दिया है।

### कैसे शुरू हुआ वीआईपी नंबर्स कलेक्ट करने का सफर?

इस अनोखे शौक की शुरुआत 15 साल पहले एक इत्तेफाक से हुई। एक दिन इस शख्स का मोबाइल फोन खराब हो गया और उन्हें अपना ही फोन नंबर याद करने में पसीने छूट गए. तब उनके एक दोस्त ने सलाह दी कि तुम्हें एक ऐसा नंबर लेना चाहिए, जिसे याद रखना बच्चों का खेल हो। बस फिर क्या था, इस सलाह ने एक ऐसे सफर की शुरुआत की, जिसने इस शख्स को वीआईपी नंबर्स का सबसे बड़ा सिकंदर बना दिया। उसने सोचा कि आखिर बार-बार दोहराए जाने वाले नंबर से आसान क्या हो सकता है? और फिर इसी को सच करने की जद्दोजहद में लग गया।

### वो 4 नंबर्स, जिन्होंने बनाए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

इस 'गोल्डन डिजिट्स' कलेक्शन में कुल 15 नंबर्स हैं, जिनमें से 0 से 9 तक के परफेक्ट कॉम्बिनेशन वाले नंबर्स शामिल हैं। लेकिन, सबसे खास बात यह है कि इनमें से 4 नंबर्स के नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं।

**ये इतालवी (+39) नंबर्स कुछ इस तरह हैं:-**

- सबसे ज्यादा लगातार एक जैसे अंक (10 बार): (+39) 3333333333
- सबसे ज्यादा घटते क्रम वाले अंक (8 बार): (+39) 3376543210
- सबसे ज्यादा बढ़ते क्रम वाले अंक (8 बार): (+39) 3401234567
- एक नंबर में सबसे ज्यादा एक जैसे अंक (कुल 11 बार): (+39) 3333333333




### कीमत का अंदाजा लगाना क्यों है मुश्किल?

जब इस गुमनाम कलेक्टर से इन 'गोल्डन डिजिट्स' की कीमत पूछी गई, तो उन्होंने कहा कि ये अनमोल हैं। चूंकि ये नंबर्स पूरी दुनिया में सिर्फ एक ही हैं, इसलिए इनकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती।

### फिर कैसे लगाएं इनकी वैल्यू का अंदाजा?

दुनिया में वीआईपी नंबर्स किस कीमत पर बिकते हैं, इसका अंदाजा इतिहास की कुछ बड़ी नीलामियों से लगाया जा सकता है। साल 2006 में दोहा की एक चैरिटी नीलामी में 666-6666 नंबर 2.75 मिलियन डॉलर (आज के हिसाब से लगभग 23 करोड़ रुपए) में बिका था। इससे पहले साल 2003 में चीन में 8888-8888 नंबर करीब 2.80 लाख डॉलर में खरीदा गया था। चीनी संस्कृति में '8' नंबर को सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। जब एक नंबर करोड़ों में बिक सकता है, तो आप खुद सोचिए कि 4 गिनीज रिकॉर्ड वाले 15 'गोल्डन डिजिट्स' की कीमत क्या होगी।

## रोचक खबरें

### वैज्ञानिकों को मिला ऐसा जीव, जो बिना बड़ा हुए ही हो जाता था बूढ़ा

**मैक्सिको सिटी।** क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि इस धरती पर एक ऐसा जीव भी रह चुका है, जो कभी बड़ा ही नहीं होता था? वो हमेशा अपने 'बचपन' के रूप में ही रहता था और उसी रूप में रहते-रहते 'बूढ़ा' होकर मर जाता था।सुनने में यह नामुमकिन सा लगता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ही जीव के कंकाल को खोज निकाला है। हैरानी की बात यह है कि इस जीव के अवशेष पिछले करीब 3 दशक से मेक्सिको की मशहूर यूनिवर्सिटी नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मेक्सिको के अंतर्गत आने वाले एफईएस ज़रागोज़ा के पैलियोबॉटनी रिसर्च ग्रुप की लैब में रखे थे। इनकी खोज के वक्त इन्हें सामान्य छिपकली या सालामैंडर प्रजाति का मान लिया गया था और इस पर कोई खास रिसर्च नहीं हुई थी।



### सिर कटने के बाद भी 7 दिनों तक जिंदा रहता है ये जीव! बिना मुंह-नाक के लेता है सांस

**नई दिल्ली।** क्या कोई जीव बिना सिर के भी हफ्तों जिंदा रह सकता है? पहली बार में यह बात किसी फिल्म की कहानी लग सकती है, लेकिन यह पूरी तरह से सच है। हमारे घरों में छिपा रहने वाले कॉकरोच को लेकर एक हैरान करने वाला सच सामने आया है। छोटा सा कॉकरोच असल में प्रकृति का एक ऐसा अजूबा है, जिसकी सहनशक्ति और बनावट को देखकर आज दुनिया भर के वैज्ञानिक भी हैरान हैं। इनकी सबसे हैरान करने वाली खूबी यह है कि ये अपना सिर कटने के बाद भी कई दिनों तक जिंदा रह सकते हैं। यह बात विज्ञान पर आधारित सच है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सिर कटने के बाद कॉकरोच चोट की वजह से नहीं, बल्कि खाना-पानी न मिल पाने के कारण डिहाइड्रेशन से मरता है। साइंस एबीसी के मुताबिक, कॉकरोच का शरीर इंसानों और दूसरे स्तनधारियों से पूरी तरह अलग काम करता है। इंसानों में सांस लेने और ब्लड सर्कुलेशन को कंट्रोल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है, लेकिन कॉकरोच का नर्वस सिस्टम यानी तंत्रिका तंत्र पूरे शरीर में फैला होता है।



### यहां चाव से खाया जाता है सांप का जिंदा दिल, सीधे निगल जाते हैं लोग

**हनोई।** वियतनाम दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां बेहद अजीबोगरीब और एडवेंचरस फूड को बड़े चाव से खाया जाता है। इनमें सबसे चर्चित है सांप का जिंदा धड़कता दिल खाना। यहां सांप को मारकर तुरंत उसका दिल निकाला जाता है और वो अभी भी धड़क रहा होता है। लोग उसे सीधे मुंह में रखकर निगल जाते हैं। हाल ही में एक विदेशी टूरिस्ट ने इस अनुभव को आजमाया और वीडियो शेयर किया, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर चर्चा का बाजार गर्म है। वीडियो में दिखाया गया है कि सांप की बॉडी से दिल निकालने के बाद भी वह फड़क रहा था। टूरिस्ट ने उसे मुंह में रखा और निगल लिया। उसे निगलने के बाद शख्स को वोडका का शॉट और पानी पीना पड़ा. शख्स के मुताबिक़, इस डिश को खाने के बाद ऐसा लगता है मानो बॉडी में दूसरा दिल भी धड़क रहा हो। शख्स के मुताबिक़, इसका स्वाद थोड़ा अजीब था लेकिन यह अनुभव यादगार रहा. वियतनाम में यह डिश पुरुषों में ताकत और स्टैमिना बढ़ाने वाली मानी जाती है। स्थानीय लोग इसे मेडिसिनल फूड के रूप में देखते हैं। वियतनाम के कुछ रेस्टोरेंट्स और मार्केट्स में सांप को जिंदा रखा जाता है। कस्टमर के ऑर्डर करने पर सांप को मारकर तुरंत तैयार किया जाता है।



# सूर्य ग्रहण के साथ टूटेंगे हजारों तारे, आसमान में हजारों सालों बाद बन रहा दुर्लभ संयोग

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में एक दुर्लभ संयोग बन रहा है। 12 अगस्त को आसमान में एक साथ दो अद्भुत खगोलीय घटनाएं देखने को मिलेंगी और सबसे खास बात ये है कि इन्हें देखने के लिए आपको किसी खास उपकरण की जरूरत नहीं होगी। 12 अगस्त के दिन चांद सीधे सूरज के सामने से गुजरेगा जिससे उत्तरी अमेरिका, यूके, आयरलैंड और यूरोप के मुख्य हिस्सों में एक शानदार सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। फिर जैसे ही सूरज डूबेगा और रात होगी पृथ्वी एक धूमकेतु की तरफ से छोड़े गए मलबे से गुजरेगी, जिससे साल की सबसे बेहतरीन उल्का वर्षा भी देखने को मिलेगी।

### दिन में सूर्य ग्रहण रात में आसमान में टूटेंगे तारे

12 अगस्त को चंद्रमा, सूर्य और पृथ्वी के बीच आकर सूर्य को पूरी तरह ढक लेगा। इससे दिन के समय कुछ मिनटों के लिए शाम जैसा अंधेरा छा जाएगा। इसी रात पृथ्वी, स्विफ्ट-टटल धूमकेतु के मलबे से होकर गुजरेगी। जब धूल के ये छोटे कण पृथ्वी के वायुमंडल में टकराएंगे तो वे जल उठेंगे जिससे आसमान में चमकदार लकीरें बनेंगी जिन्हें हम 'टूटता तारा' या उल्का बौछार कहते हैं। सूर्य ग्रहण हमेशा 'अमावस्या' के दिन ही होता है। अमावस्या होने के कारण रात को आसमान एकदम काला और चांद की रोशनी से मुक्त रहेगा। इस वजह से रात में छोटे और हल्के टूटते तारे भी बेहद स्पष्ट और चमकदार दिखाई देंगे।

### अमावस्या की वजह से तारों का टूटना बिल्कुल साफ दिखेगा



### इसे कहां और कैसे देख सकते हैं?

पूर्ण सूर्य ग्रहण का मुख्य रास्ता ग्रीनलैंड, आइसलैंड, अटलांटिक महासागर और उत्तरी स्पेन से होकर गुजरेगा। अगर आप इन जगहों पर हैं तो आपको दिन में पूर्ण अंधेरा दिखाई देगा। आंशिक सूर्य ग्रहण बाकी बचे यूरोप जैसे यूके, आयरलैंड, उत्तरी अफ्रीका और उत्तरी अमेरिका यानि कनाडा और उत्तर-पूर्वी अमेरिका में आंशिक सूर्य ग्रहण दिखेगा। यहां ऐसा लगेगा कि चंद्रमा ने सूरज का एक बड़ा हिस्सा 'काट' लिया है।

### भारत में क्या सूर्य ग्रहण दिखेगा?

भारत में इस सूर्य ग्रहण को प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा जा सकेगा क्योंकि उस समय यहां रात हो रही होगी। हालांकि आप इसे विभिन्न वैज्ञानिक संस्थाओं के ऑनलाइन लाइव स्ट्रीम के जरिए देख पाएंगे।

### उल्का बौछार कहां और कैसे देखें?

सूर्य ग्रहण के विपरीत, पर्सीड उल्का बौछार को उत्तरी गोलार्ध के ज्यादातर हिस्सों से देखा जा सकता है बशर्ते मौसम साफ हो। 12 अगस्त की देर रात से लेकर 13 अगस्त की सुबह का समय इसे देखने के लिए सबसे बेहतर है। इस दौरान प्रति घंटे 60 से 100 तक टूटते तारे देखे जा सकते हैं।

**उल्कों की बौछार कैसे देखें :** इसके लिए आपको किसी टेलीस्कोप या दूरबीन की आवश्यकता नहीं है। शहर की तेज लाइटों से दूर किसी अंधेरे वाले खुले मैदान या छत पर जाएं और अपनी आंखों को अंधेरे में ढलने के लिए 20-30 मिनट का समय दें और सीधे आसमान की ओर लेटकर इसका आनंद लें।

### अद्भुत नजारे को देखने सुरक्षा का रखें खास ध्यान

सूर्य ग्रहण को कभी भी सीधे न देखें। इसे देखने के लिए हमेशा प्रमाणित सोलर एक्लिप्स ग्लासेस यानि आईएसओ 12312-2 सर्टिफाइड का ही इस्तेमाल करें। आम धूप के चश्मों का इस्तेमाल आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है। उल्का बौछार देखने के लिए आंखों की सुरक्षा के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं है इसे नंगी आंखों से पूरी तरह सुरक्षित देखा जा सकता है। उल्कापिंडों की बारिश का नजारा कितना शानदार होगा यह कुछ बातों पर निर्भर करता है और इनमें से एक अहम कारक है चंद्रमा। धुंधले और तेजी से गुजरते उल्कापिंडों को देखने के लिए आपको जितना हो सके उतना अंधेरा आसमान चाहिए। इसका मतलब है कि आपको रोशनी वाले इलाकों से दूर जाना होगा और ऐसे समय में देखना होगा जब चंद्रमा आसमान में न हो।

# 14 की उम्र में उठाई थी बंदूक, 105 साल की उम्र में सेना की वर्दी पहनकर काटा केक!

**बीजिंग।** चीन की इस जांबाज महिला सैनिक ने जब अपना 105वां जन्मदिन मनाया, तो हर कोई इमोशनल हो गया। व्हीलचेयर पर बैठी और फौजी वर्दी में सजी वांग क्वानयिंग के सीने पर लगे मेडल उनके गौरवशाली इतिहास की गवाही दे रहे थे।

**जज्बे की अनोखी कहानी :** साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, वांग का बचपन बहुत गरीबी और संघर्ष में बीता है। एक साल की उम्र में अनाथ हुईं वांग ने सिर्फ पांच साल की उम्र में दूसरों के घरों में मजदूरी शुरू कर दी थी, लेकिन 1935 में जब उनके गांव में रेड आर्मी पहुंची, तो उन्होंने समाज की सेवा करने की ठान ली और महज 14 साल की उम्र में सेना में भर्ती हो गईं।



### मौत को करीब से देखा

जंग के दौरान उन्होंने खाना पकाने से लेकर घायल सैनिकों की मरहम पट्टी तक हर जिम्मेदारी निभाई। एक युद्ध के दौरान बर्फ से ढके पहाड़ों को पार करते समय उन्होंने भूख और ठंड का सामना किया। उनके साथ के 12 साथी शहीद हो गए, लेकिन वांग ने हार नहीं मानी और आज वो अपने उन साथियों की याद में अपना जीवन जी रही हैं।

### लंबी उम्र का रहस्य

वांग अपनी लंबी उम्र का श्रेय सकारात्मक सोच, शाकाहारी भोजन और दूसरों की मदद क रने की भावना को देती हैं। आज उनकी चार पीढ़ियों का भरा पूरा परिवार है और वो सादगी भरा जीवन जी रही हैं। वांग क्वानयिंग की कहानी हमें सिखाती है कि विपरीत हालात में भी इंसान का हौसला उसे किसी भी मंजिल तक ले जा सकता है। वह न केवल एक सिपाही हैं, बल्कि एक ऐसी मिसाल हैं, जिसने इतिहास के पन्नों को अपनी हिम्मत से जिंदा रखा है।







# घर के आंगन में गिरा 40 साल पुराना पेड़, बुजुर्ग की खुल गई किस्मत

**बेंगलुरु।** आमतौर पर बारिश के दौरान पेड़ गिरने की खबरें नुकसान की होती हैं, लेकिन बेंगलुरु के 85 वर्षीय एन.जी. केसरी के लिए एक गिरा हुआ पेड़ जिंदगी की सबसे बड़ी खुशखबरी बन गया। उनके घर के आंगन में करीब 40 साल से खड़ा चंदन का पेड़ तेज बारिश और आंधी में गिर गया, लेकिन इसी पेड़ ने उन्हें करीब 28 लाख रुपए का मालिक बना दिया। इतना ही नहीं, सरकार ने उनके धैर्य और संरक्षण के लिए उन्हें 'सैंडलवुड शिरोमणि' सम्मान से भी नवाजा। करीब चार दशक पहले उनके घर के आंगन में अपने आप चंदन का एक पौधा उग आया था। केसरी ने उसकी देखभाल की और समय के साथ वह विशाल पेड़ बन गया। इसकी खुशबू दूर-दूर तक फैलने लगी, लेकिन इसकी वजह से कई बार लकड़ी चोरों की नजर भी इस पर पड़ी। पेड़ को बचाने के लिए उन्होंने उसके चारों ओर लोहे का मजबूत पिंजरा लगवा दिया।

### पुरस्कार देकर किया सम्मानित



बाद में कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड ने इस चंदन को खरीदा, जिससे केसरी को करीब 28 लाख रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ। वर्षों तक चंदन के पेड़ की सुरक्षा और संरक्षण के लिए राज्य सरकार ने उन्हें 'सैंडलवुड शिरोमणि' पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

**तुरंत वन विभाग को दी सूचना :** इस साल जून में हुई तेज बारिश और आंधी के दौरान पास का एक बड़ा पेड़ चंदन के पेड़ पर गिर गया, जिससे वह धराशायी हो गया। नुकसान की बजाय केसरी ने नियमों का पालन करते हुए तुरंत वन विभाग को सूचना दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com